3 | राजधानी
भारत मंडपम में दिल्ली पुस्तक मेला आरंभ

6 | अभिमत
उर्वरकों पर टैक्स का तार्किकीकरण

11 | विदेश
न्यूज़ीलैंड पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

12 | स्पोर्ट्स
श्रीलंका ने भारत से शृंखला 2-0 से जीती

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 270
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हथकरघा उत्पाद खरीदने की आदत बनाएं
राष्ट्रीय-10

# ओह विनेश!

## सौ ग्राम के बोझ तले दबीं सबकी उम्मीदें

**पीटीआई।** पेरिस

**सेमीफाइनल जीतने** के बाद विनेश ने कहा था, कल बड़ा दिन है , कल बात करूंगी। लेकिन किसे पता था कि उनके साथ पूरे देश की उम्मीदें यूं सौ ग्राम के बोझ तले दब जाएंगी। पेरिस ओलंपिक में देश को स्वर्ण दिलाने से एक जीत की दूरी पर खड़ी विनेश फोगाट 50 किलोवर्ग के फाइनल में वजन के लिए खड़ी हुई तो उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला जिससे वह अपने कैरियर के सबसे बड़े दिन अयोग्य करार होकर ओलंपिक से बाहर हो गई। मंगलवार को तीन कठिन मुकाबलों के बाद शरीर में पानी कमी के बावजूद विनेश ने केवल थोड़ी मात्रा में पानी पिया, अपने बाल कटवाए और पूरी रात जागकर कसरत की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह अपने वजन की निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो जाए।

भारतीय अधिकारियों ने सौ ग्राम वजन कम करने के लिए लाख गुहार लगाई लेकिन नियम बदला नहीं जा सकता था। इससे विनेश का ओलंपिक में सुनहरा सफर यूं दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से खत्म हो गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। सुबह तक उनका कम से कम रजत पदक पक्का लग रहा था लेकिन अब वह बिना किसी पदक के लौटेंगी। मंगलवार को तीन कठिन मुकाबलों के बाद शरीर में पानी कमी के बावजूद विनेश ने केवल थोड़ी मात्रा में पानी पिया, अपने बाल कटवाए और पूरी रात जागकर कसरत की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह अपने वजन की निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो जाए। विनेश जब ओलंपिक खेल गांव के एक पोली क्लिनिक में हुई घटनाओं के भावनात्मक और शारीरिक आघात उबर रहीं थी तब दूर नई दिल्ली में एक विवाद शुरू हो गया, जहां राजनेताओं ने इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार लोगों पर कटाक्ष किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सोशल मीडिया पोस्ट में चैंपियनों के बीच चैंपियन कहते हुए उनका समर्थन किया, और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की कि वैश्विक संचालन संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। हालांकि विपक्षी दलों को इस पूरे मामले में साजिश की आशंका है। विनेश हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ विरोध का चेहरा थीं। इंडिया गुट के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन भी किया। लेकिन इस पूरे नाटक के बीच एक सपना टूट गया और पूरा देश सदमे में है, कई लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि मंगलवार के शानदार प्रदर्शन करने वाली पहलवान के लिए कुछ ही घंटों में हालात इतने खराब कैसे हो सकते हैं।

29 वर्ष की विनेश को खेलगांव में पोली क्लीनिक ले जाया गया क्योंकि सुबह उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने एक बयान में कहा , मैने खेलगांव पोली क्लीनिक में विनेश से मुलाकात की। उन्हें आश्वस्त किया कि भारतीय ओलंपिक संघ, भारत सरकार और पूरा देश उनके साथ है। हम उन्हें पूरा चिकित्सा और भावनात्मक सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने कहा , भारतीय कुश्ती महासंघ ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू में अपील कर दी है कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। आईओए उस पर नजर रखे हुए है। विनेश ने पहले ही मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन युइ ससाकी को हराया था। उन्हें फाइनल में अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांट ( शेष पृष्ठ 9 )



## आप चैंपियनों की चैंपियन हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विनेश फोगाट को ढांढस बंधाते हुए उन्हें 'चैंपियनों के बीच चैंपियन' कहा। उन्होंने पहलवान से और सशक्त होकर वापसी करने का आह्वान किया। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से पेरिस ओलंपिक के आयोजकों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराने का आग्रह किया और आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से बात की तथा फोगाट के मामले में मदद के लिए विकल्प तलाशने को कहा। यह मामला लोकसभा में भी गूंजा। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, विनेश, तुम चैंपियनों की चैंपियन हो! आप भारत का गौरव हैं और प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज का झटका दुख देने वाला है। काश शब्द उस निराशा की भावना को व्यक्त कर पाते जो मैं अनुभव कर रहा हूँ। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप साहस की प्रतीक हैं। चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। ( शेष पृष्ठ 9 )



# नया विधेयक वक्फ बोर्ड के कामकाज में बदलाव लाएगा

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली




**वक्फ (संशोधन)** विधेयक का उद्देश्य 1995 के अधिनियम में व्यापक बदलाव लाना है। इसमें वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें ऐसे निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। सदस्यों को वितरित, प्रस्तावित कानून 'वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की शक्तियों से संबंधित धारा 40 को हटा देता है ताकि यह तय किया जा सके कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं। यह कानून बृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता कानून को लोकसभा में सर्वसम्मति से पारित कराना है और वह इसे आगे की चर्चा के लिए संयुक्त समिति के पास भेजने को भी तैयार है। जबकि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रस्तावित कदम को 'अस्वीकार्य' करार दिया है। विपक्षी दलों ने बुधवार को मांग की कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पेश किए जाने के बाद जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को भेजा जाए, जबकि सरकार ने कहा है कि बिजनेस एडवाइजरी समिति लोकसभा की भावना का आकलन करने के बाद निर्णय लेगी। सूत्रों ने कहा कि पिछले दो महीनों में सरकार ने विधेयक पर लगभग 70 समूहों से परामर्श किया है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के अलावा गरीब मुसलमानों और मुस्लिम महिलाओं को न्याय प्रदान करना है। विधेयक में अधिनियम का नाम बदलकर 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' करने का प्रस्ताव है और वक्फ बोर्डों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के साथ-साथ 'आगााखानी वक्फ' को भी शामिल करने का प्रावधान है। विधेयक का उद्देश्य वक्फ से कल्याण में महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित करके उन्हें सशक्त बनाना है और इसमें 'विधवा, तलाकशुदा महिला और अनाथ के कल्याण, रखरखाव से संबंधित एक खंड शामिल है, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।' यह किसी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की शक्तियों को भी कम कर देता है, यह कहते हुए कि कोई भी व्यक्ति तब तक वक्फ नहीं बनाएगा जब तक कि वे संपत्ति के वैध मालिक न हों और ऐसी संपत्ति को स्थानांतरित करने या समर्पित करने में सक्षम न हों। ( शेष पृष्ठ 9 )

## नेपाल में हेलीकॉप्टर हादसे में पांच की मौत

**एजेंसी।** काठमांडू

**नेपाल में** बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम में पर्वतीय क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार चीनी पर्यटकों और एक नेपाली पायलट की मौत हो गई। यह दुर्घटना काठमांडू और नुवाकोट जिलों के बीच सीमा क्षेत्र में हुई। नुवाकोट जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि निजी एयरलाइन एयर डायनेस्टी के हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी पांच लोगों की इस दुर्घटना में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 9एन-एजेडी हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब दो बजे काठमांडू से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में नुवाकोट जिले के शिवपुरी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) के अनुसार, हेलीकॉप्टर चार चीनी यात्रियों को लेकर काठमांडू से रसुवा के स्याफ्रूबेसी क्षेत्र की ओर जा रहा था। सीएएएन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हेलीकॉप्टर अपराह्न 1:54 बजे काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। उड़ान भरने के तीन मिनट बाद ही हेलीकॉप्टर का संपर्क टूट गया। पायलट की पहचान अरुण मल्ला के रूप में हुई है। हेलीकॉप्टर में एक महिला समेत चार चीनी नागरिक सवार थे।

## शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट की टिप्पणी हटाई, जताई चिंता

**पीटीआई।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एकल पीठ की ओर से अवमानना के एक मामले में शीर्ष अदालत के खिलाफ की गई अनुचित और अपमानजनक टिप्पणियों को बुधवार को हटा दिया और कहा कि उसे इस बयान से पीड़ा पहुंची है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने टिप्पणियों पर स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजबीर सेहरावत की टिप्पणियां घोर चिंता का विषय हैं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि न तो उच्चतम न्यायालय सर्वोच्च है और न ही उच्च न्यायालय, वास्तव में भारत का संविधान सर्वोच्च है। इसने साथ ही कहा कि उच्च न्यायालय में कार्यवाही के संचालन के लिए ऐसी टिप्पणियां पूरी तरह अनावश्यक थीं। पीठ ने हालांकि इस स्तर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अपमानजनक टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ कोई नोटिस जारी नहीं किया और न ही किसी तरह की कार्यवाही की।

इसने कहा, हम तदनुसार न्यायमूर्ति सेहरावत की ओर से 17 जुलाई 2024 को पारित आदेश में की गईं टिप्पणियों को हटाते हैं और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर... उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर विचार करते समय अधिक सावधानी बरती जाएगी। पीठ ने कहा, न्यायिक प्रणाली की पदानुक्रमिक प्रकृति के संदर्भ में न्यायिक अनुशासन का उद्देश्य सभी संस्थाओं की गरिमा को बनाए रखना है, चाहे वह जिला न्यायालय हों, उच्च न्यायालय हों या सर्वोच्च न्यायालय का स्तर हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा, हमारा मानना है कि एकल ( शेष पृष्ठ 9 )

# अशांत बांग्लादेश को पटरी पर लाने की कवायद शुरू

**पीटीआई।** ढाका

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के प्रमुख नियुक्त किए गए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को सभी से शांति कायम करने और हर प्रकार की हिंसा से बचने की अपील की। वहीं, दूसरी ओर शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद देश के सुरक्षा महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने घोषणा की कि अंतरिम सरकार बृहस्पतिवार को रात करीब आठ बजे शपथ लेगी। उन्होंने कहा कि सलाहकार परिषद में 15 सदस्य हो सकते हैं। जनरल जमां ने कहा कि सशस्त्र बल यूनुस को हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे। यूनुस ने शीर्ष पद के लिए उनका नाम आगे करने वाले छात्र आंदोलन के समन्वयकों को बहादुर छात्र कहते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने हमारे दूसरे विजय दिवस को संभव बनाने का बीड़ा उठाया। यूनुस (84) कहा, आइए इस नई जीत का सर्वोत्तम उपयोग करें। हम अपनी किसी गलती की वजह से इस जीत को व्यर्थ न जाने दें। पेशे से अर्थशास्त्री यूनुस के प्रभार संभालने के लिए पेरिस से स्वदेश लौटने की संभावना है। उन्होंने कहा, मैं वर्तमान परिस्थिति में सभी से शांति बरतने और सभी तरह की हिंसा और नुकसान से बचने की अपील करता हूं।

इससे पहले, बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया। वहीं, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं।



ढाका में पार्टी रैली में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थक।

अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ए.के.एम. शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए मंगलवार को बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्एक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि बांग्लादेश स्काउट्स के सदस्यों समेत छात्रों को कई स्थानों पर यातायात प्रबंधन करते हुए देखा गया। बुधवार को सुरक्षाबल में हुए ताजा फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। अखबार ने बताया कि देशभर में मंगलवार को पुलिस थानों और विभिन्न केंद्रों पर हमलों में कई पुलिसकर्मियों के हताहत होने की खबरें हैं, जिससे यह अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है। प्रथम अलो समाचार पोर्टल ने बताया कि प्राधिकारियों ने बुधवार को आरएबी और ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस (डीएमपी) के शीर्ष पदों में फेरबदल किया। इसने कहा, एकेएम शाहिदुर रहमान को आरएबी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि मोहम्मद मोईन उल हसन ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के आयुक्त के रूप में हबीबुर रहमान का स्थान लेंगे। इस फेरबदल से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को मंगलवार रात को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया। अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद जेल से रिहा हुईं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने ढाका में अपनी पार्टी की एक विशाल रैली को संबोधित किया, ( शेष पृष्ठ 9 )

## कोलकाता में बांग्ला नागरिक शांति के लिए कर रहे प्रार्थना

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बांग्लादेशी जो** चिकित्सा या अन्य कारणों से कोलकाता आए थे, अब शांति बहाल होने की प्रार्थना कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वे अब फंसे हुए हैं और दोनों देशों के बीच सभी ट्रेनें और बस सेवाएं अनिश्चित काल के लिए बंद कर दी गई हैं। रिश्तेदारों से मिलने आए बांग्लादेश के पर्यटक साहेब कमाल (बदला हुआ नाम) कहते है, हम घर वापस कैसे जा सकते हैं क्योंकि मैत्रेयी और बंधन एक्सप्रेस दोनों को निलंबित कर दिया गया है और बसें भी नहीं चल रही हैं। अगर हमें जाना है तो हमें पहले पैदल सीमा पार करके और फिर ऑटो-रिक्शा लेकर ब्रेक जर्नी करनी होगी। स्थानीय बसें... और वह भी निश्चित नहीं है। ( शेष पृष्ठ 9 )

## मालीवाल पर हमले के पीछे साजिश हो सकती है: पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ अपनी चार्जशीट में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि मुख्यमंत्री आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के पीछे एक बड़ी साजिश हो सकती है। दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा कि कथित अपराध के बाद कुमार और केजरीवाल मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर 'काफ़ी समय तक एक साथ' थे। उच्चतम न्यायालय ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का बुधवार को निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ से कहा कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय चाहिए। कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने तीन सप्ताह का समय दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# स्वतंत्रता दिवस पर आतिशी फहराएंगी तिरंगा: केजरीवाल

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**कथित** आबकारी शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर कहा कि कैबिनेट मंत्री आतिशी 15 अगस्त को शहर सरकार के स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। आप प्रमुख ने न तो अपने पद से इस्तीफा दिया है और न ही किसी को कार्यवाहक मुख्यमंत्री नामित किया है। आप ने कहा, केजरीवाल ने जेल से (उपराज्यपाल वीके) सक्सेना को पत्र लिखकर कहा है कि आतिशी 15 अगस्त को उनके स्थान पर तिरंगा फहराएंगी। हर साल, दिल्ली सरकार का स्वतंत्रता दिवस समारोह छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित किया जाता है और केजरीवाल सभा को संबोधित करते हैं। हालांकि, राजनिवास के अधिकारियों ने कहा कि सक्सेना को ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है। एक अधिकारी ने कहा, 15 अगस्त को झंडा फहराने के संबंध में विभिन्न वर्गों में किए गए दावों के संबंध में, यह स्पष्ट किया जाता है कि एलजी सचिवालय को इस तरह का कोई भी संचार प्राप्त नहीं हुआ है।

21 मार्च को केजरीवाल के जेल जाने के बाद से पार्टी गतिविधियों में सबसे आगे रहने वालों में से एक आतिशी आप के वरिष्ठ नेताओं में से हैं और उनके पास जल मंत्रालय सहित विभिन्न विभाग हैं। बयान पर पलटवार करते हुए दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सक्सेना से अनुरोध किया कि वह केजरीवाल की अनुपस्थिति में आतिशी को झंडा फहराने की अनुमति न दें। दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में केवल मुख्यमंत्री ही झंडा फहरा सकते हैं। अगर केजरीवाल चाहते हैं कि आतिशी झंडा फहराएं तो उन्हें पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए और उनकी जगह उन्हें नामांकित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रोटोकॉल के मुताबिक 15 अगस्त को केवल मुख्यमंत्री ही ध्वजारोहण कर सकते हैं और परेड का गार्ड ऑफ ऑनर ले सकते हैं. बिधूड़ी ने कहा, अपनी जगह झंडा फहराने के लिए किसी को या अपने किसी मंत्री को नामित करना सीएम की निजी पसंद नहीं है।





दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पत्र साबित करता है कि आप और उसके नेता कल भी अराजकतावादी थे और आज भी अराजकतावादी हैं। उन्होंने दावा किया, 'शायद संविधान निर्माताओं और राष्ट्रीय ध्वज प्रोटोकॉल के निर्माताओं ने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन एक जिद्दी मुख्यमंत्री होगा जो जेल जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं देगा।' दिल्ली भाजपा प्रमुख ने पत्र को 'अराजक' बताया और कहा, यह 2014 में राजपथ पर धरना देकर गणतंत्र दिवस समारोह को बाधित करने की उनकी घोषणा की भयावह यादें ताजा कर देता है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने 2014 में गणतंत्र दिवस की गरिमा को धूमिल किया और अब 2024 में स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को धूमिल किया है।

सचदेवा ने कहा, दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान, केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री ही झंडा फहरा सकते हैं। अगर वह ऐसा करने में असमर्थ हैं तो परंपरागत रूप से दिल्ली के उपराज्यपाल झंडा फहराएंगे. 1991 से 1993 तक और 2014 में, जब दिल्ली में कोई मुख्यमंत्री नहीं था, उपराज्यपाल ने झंडा फहराया। अगर वह चाहते हैं कि उनकी मंत्री आतिशी झंडा फहराएं, तो उन्हें उन पर भरोसा करना चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए, अनुमति देनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि 1973 तक राज्यों में केवल राज्यपाल ही राष्ट्रीय ध्वज फहराते थे, जिसे तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि ने बदल दिया था, जिन्होंने मुख्यमंत्रियों के लिए राष्ट्रीय ध्वज फहराने के अधिकार के लिए एक अभियान चलाया था। फरवरी 1974 में, करुणानिधि ने तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी को पत्र लिखकर स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार मांगा। सरकार ने मांग मान ली। मुख्यमंत्रियों को स्वतंत्रता दिवस पर और राज्यपालों को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना था। 15 अगस्त 1974 को, वह चेन्नई के फोर्ट सेंट जॉर्ज में राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाले तमिलनाडु के पहले मुख्यमंत्री बने।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 अगस्त, 2024



# नोएडा में रिटायर्ड अधिकारी की पार्क में हत्या

## बदमाशों ने दिनदहाड़े वारदात को दिया अंजाम, टहलने निकले बुजुर्ग का शव बेंच पर मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गृह मंत्रालय से रिटायर्ड अधिकारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्टेलर जीवन सोसायटी के सामने पार्क में टहलने गए थे। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में बुधवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने बुजुर्ग व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान हरिप्रकाश (68) के रूप में हुई है। वह गृह मंत्रालय से रिटायर्ड हैं और ग्रेटर नोएडा के स्टेलर जीवन सोसाइटी में रहते थे। डीसीपी सुनिति ने बताया कि आज सुबह थाना बिसरख पुलिस को सूचना मिली कि एक 68 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति हरि प्रकाश का शव बेंच पर मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि मौके पर मृतक की पुत्रवधू आ गई है। उनसे भी जानकारी जुटाई गई है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस सोसाइटी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग की हत्या क्यों हुई, इस बात की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि वह गृह मंत्रालय से रिटायर्ड है तथा मौजूदा समय में ग्रेटर नोएडा में रह रहे थे।


नोएडा के पार्क में हत्या के बाद जांच में जुटी पुलिस।

## छात्र की हत्या मामले में 9 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अस्तौली गांव के बीए के छात्र की बेरहमी से हुई हत्या के मामले में अभी भी करीब 9 आरोपी पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे हैं। इस मामले में बुधवार को फरार आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है।

पुलिस का कहना है कि जल्दी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो उनकी संपत्ति को भी कोर्ट के आदेश पर कुर्क किया जाएगा। 9 जुलाई को अस्तौली गांव निवासी बीए के छात्र कमल अपने दोस्त के साथ पीपलका गांव में एक युवती से मिलने के लिए गया था। जहां युवती के परिजनों दोनों को लाठी डंडों से बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया था। इस घटना में कमल की अस्पताल में मौत हो गई थी। जबकि जितेंद्र का काफी दिनों तक इलाज चला था। इस मामले में कमल के परिवार के लोगों ने 10 लोगों के खिलाफ कोतवाली में हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में पता चला है कि करीब 18 आरोपियों ने इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार हो चुके। जबकि 9 फरार चल रहे हैं।

# प्राधिकरण के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, हर तरफ कूड़े का अंबार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के संविदा कर्मचारियों की मागें पूरी नहीं होने पर तीसरे दिन भी प्राधिकरण पर धरना जारी रहा। कर्मचारियों के हड़ताल से प्राधिकरण के काम पर असर पडऩा शुरू हो गया है और शहर में जगह-जगह पर कूड़े का ढेर लग गया है।

बता दें प्राधिकरण के अलग-अलग विभाग के कामकाज से जुड़े करीब 2000 संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इन कर्मचारियों ने सोमवार से हड़ताल शुरू की थी। बुधवार को भी ये लोग हड़ताल पर रहे। प्राधिकरण दफ्तर के सामने मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है। इसी गेट के पास कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं। कोई हंगामा न हो, इसको देखते हुए पुलिस फोर्स भी तैनात रही। बुधवार को शहर में कई जगह कूड़ा पड़ा रहा। पार्कों की मरम्मत पर भी असर दिखाई दिया। कर्मचारियों के हड़ताल पर होने का सबसे 'यादा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर नजर आया। शहर में कई जगह कूड़ा पड़ा रहा। हड़ताल पर बैठे संविदा कर्मचारियों की यूनियन के पदाधिकारियों से सोमवार और मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से बातचीत हुई। बातचीत के दौरान कर्मचारियों को मेडिकल की सुविधा देने पर सहमति बनती नजर आई। इसके अलावा कुछ और मांगों को माने जाने पर प्राधिकरण अधिकारियों ने पूरा करने का आश्वासन दिया। अब असली टकराव 60 साल में सेवानिवृत्त होने के बाद से संबंधित मांगों को लेकर बना हुआ है। कर्मचारी चाहते हैं कि 60 साल बाद उनके ब%चों को नौकरी दी जाएगी और ग्रे'युटी और पीएफ की धनराशि के लिए कम से कम ×0 लाख रुपए का चेक दिया जाए। इस मांग को मानने से प्राधिकरण अधिकारियों ने साफ इनकार कर दिया है।


नोएडा प्राधिकरण के बाहर धरने पर बैठे संविदा कर्मचारी।

# अर्थला में सिलेंडर लीक होने से सात लोग गंभीर रूप से झुलसे


गाजियाबाद में आग लगने से झुलसे लोगों का अस्पताल में चल रहा इलाज।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में बुधवार सुबह साढ़े सात बजे नीलमणी कॉलोनी हिंडन विहार में हुए हादसे के दौरान प्रमोद चौहान के परिजन जब चाय पी रहे थे उसी समय वहां रखा गैर सिलेंडर लीक हो गया। जिसके चलते घर में आग लग गई। आग लगने की वजह से आधा दर्जन लोग आग में झुलस गये। झुलसे हुए लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

एमएमजी अस्पताल से मीमो मिलने के बाद साहिबाबाद थाने के एसएचओ अजय कुमार सिंह ने टीम के साथ घटनास्थ व अस्पताल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया। झुलसे हुए व्यक्तियों की हालत नाजुक होने पर उन्हें सफदरजंग अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार आग से झुलसे लोगों में परिजन और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं उनके नाम प्रमोद, रेनू, अजय, दीपक, कान्हा, लड्डू हैं।

# अखंड सुहाग के लिए सुहागिनों ने रखा हरियाली तीज का व्रत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सावन माह के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को आज सुहागिनों ने हरियाली तीज का व्रत रखा। इस साल हरियाली तीज का व्रत 7 अगस्त 2024 दिन बुधवार को पड़ा है।

इस तिथि की शुरुआत 6 अगस्त को शाम 7 बजकर 42 मिनट पर हुई। 7 अगस्त 2024 को रात 10 बजे इसका समापन होगा। इस दिन रवि योग और शिव योग का शुभ संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन माता गौरी की पूजा की जाती है, इसके साथ ही भगवान शिव की भी पूजा होती है।

हरियाली तीज का व्रत विवाहित महिलाएं दांपत्य जीवन में खुशहाली के लिए रखती हैं। वहीं कुंआरी लड़कियां भी योग्य वर के लिए व्रत रखती हैं। सेक्टर 40 स्थित शक्ति धाम मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञान प्रकाश शास्त्री ने बताया कि हरियाली तीज का व्रत शिव-पार्वती को समर्पित है। हरियाली तीज का व्रत सुहागिनें पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली के लिए रखती है।

वहीं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया हरियाली तीज के मद्देनजर विभिन्न मंदिरों पर सुबह से ही पुलिस की भारी सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है।


नोएडा में हरियाली तीज पर महिलाओं ने पति के लिए रखा व्रत।

# भुगतान कूड़े का, उठा रहे गोबर महापौर ने निरीक्षण में पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने विजय नगर तिगरी चौराहे के पास जेएस इन्वायरो नामक कंपनी द्वारा संचालित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां एक ट्रैक्टर कूड़ा लेकर आ रहा था महापौर के पूछने पर ट्रैक्टर चालक ने बताया कि कूड़ा क्रॉसिंग रिपब्लिक से लेकर आ रहा है और फिर सुपरवाइजर के तरफ देख कर मुकर गया। कुछ देर बाद एक ट्रैक्टर गोबर लेकर आया। जिसको देख सब चौंक गए। ट्रैक्टर चालक से पूछा तो उसने बताया कि एक जगह पर गोबर पड़ा था हम उठा लाए। जबकि इस कंपनी को कूड़े का भुगतान नगर निगम देता है। मेयर मानती हैं कि गोबर उठाया जा रहा है और भुगतान कूड़े के नाम का लिया जाता है।

## दमकल विभाग ने 22 भवनों का किया निरीक्षण

**नोएडा।** पुलिस के फायर सर्विस यूनिट द्वारा मंगलवार को कुल 22 भवनों का निरीक्षण कर 464 लोगों को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इनमें स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, होटल और महत्वपूर्ण सरकारी भवन शामिल हैं। इस दौरान लोगों को जागरुक करते हुए उपकरणों को सदैव कार्यशील दशा में रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## नाराज युवक ने फंदा लगाकर की आत्म हत्या

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित धूम मानिकपुर गांव में मोबाइल रिचार्ज नहीं कराये जाने से नाराज युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । इस मामले की जांच में लगी है । प्रभारी निरीक्षक अमरेश सिंह ने बताया कि जीटी रोड स्थित धूम मानिकपुर गांव में 22 वर्षीय ओम रावल परिवार के साथ रहता था । और गांव मे घर पर काम करता था । मंगलवार की शाम को अपने बड़े भाई से मोबाइल फोन रिचार्ज कराने के लिए कह रहा था । जिसको लेकर भाई ने डांट दिया । डाट से नाराज होकर ओम रावल ने मंगलवार की रात्रि में मकान की छत पर पहुंच फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जब परिजनों ने फंदे पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बारिश से बदला मौसम, तापमान में कमी से राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● मौसम विभाग ने बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया, मौसम हुआ सुहाना**

नोएडा में दो दिनों के लिए मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसका असर देखने को मिला।

नोएडा में दोपहर बाद बारिश होने लगी। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। बृहस्पतिवार को भी बारिश होने का अनुमान है। बारिश से तापमान में भी कमी आई। बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नोएडा में सुबह से ही हल्के बादल छाए थे। बीच बीच में धूप निकल रही थी।

ऐसे में दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और तेज बारिश होने लगी। हालांकि ये बारिश पूरे शहर में नहीं है कुछ स्थान पर हुई। हालांकि बारिश के बाद मौसम सुहावना है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को हल्की बारिश के बाद 9 और 10 अगस्त को दिन में दो से तीन बार बारिश का अनुमान है। इसके अलावा 11 और 12 अगस्त को गरज के साथ बारिश होगी। बारिश की वजह से नोएडा का एक्यूआई इंडेक्स 5 के आसपास रहा। जिससे लोगों को बहुत राहत मिली। वहीं कुछ स्थानों पर 91 के आसपास रहा।

## नोएडा में एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नोएडा।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग 22 वर्षीय युवक एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने पर शरीर के चिथड़े होने से मौके पर मौत हो गई । सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस ने शव एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । घटना की सूचना परिजनों को दी गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरेश सिंह ने बताया कि हावड़ा दिल्ली रेल मार्ग पर मंगलवार की रात्रि में एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी । एक्सप्रेस ट्रेन में बिहार के भोजपुर निवासी 22 वर्षीय शुभम ट्रेन से गिर गया । जिससे वह ट्रेन की चपेट में आने से शरीर कई टुकड़े हो गए जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।

# खुलासा : मासूम का साढ़े तीन लाख में हुआ था सौदा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

एमएमजी अस्पताल से सुनियोजित तरीके से सोमवार को अगवा किये गये चार माह के अबोध बच्चे निहाल को बरामद करने और बच्चा बेचने वाले गैंग के सरगना ऑटो चालक लोकेश अरोड़ा व उसकी पत्नी समेत पांच अपहरणकर्ताओं को दबोचने में देरी होती तो यह गिरोह अबोध को बेच देता या उसे ठिकाने लगा देता।

बरहाल डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार के निर्देशन व एसीपी रितेश त्रिपाठी की अगुवाई में कोतवाल रवि कुमार बालियान ने टीम के साथ न केवल अबोध निहाल को सकुशल बरामद करके उसे उसके माता-पिता को सौंप दिया बल्कि बच्चों को बेचने वाले गैंग के लीडर ऑटो चालक लोकेश अरोड़ा, उसकी पत्नी कविता अरोड़ा निवासी मधुबन बापूधाम, सुलेखा देवी पत्नी मिथलेश मण्डल निवासी ग्राम बेला बबरोली पजगेछिया सहरसा बिहार हाल मकान नंबर 19 दौलतराम कॉलोनी दादरी जीबीनगर, फूलबाई पत्नी विनोद व उसके पुत्र कविता निवासीगण किराये का मकान अंबेडकर मूर्ति के पास महरौली को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

सूत्रों के अनुसार अबोध के अपहरण और बेचने में शामिल लतीफ अभी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए गैंग ने कुछ माह पूर्व ही मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र की झुग्गी बस्ती की अबोध बच्चे को भी अगवा करके बेच दिया था।

## एक साल बाद हुआ मुनीम की हत्या का मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद सब्जी मण्डी में मुनीम अब्दुल नईम की 23 सितंबर 2023 को हुई मौत मामले में एक साल बाद अदालत के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है।

हालांकि, घटना के समय मृतक अब्दुल नईम की मां अनीसा बेगम ने पुत्रवधु व पौत्र-पौत्री आदि पर पुत्र की हत्या करने की बात पुलिस को बताई थी। लेकिन लिंक रोड थाना पुलिस ने उसकी बात को गंभीरता से ना लेते हुए उक्त प्रकरण को हत्या नहीं माना था। जिसके बाद मृतक मुनीम की मां अनीस बेगम अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने वादिया की याचिका के आधार पर मृतक की पत्नी शाकरा, बच्चे इल्मा, तैय्यबा, अयान, आलीशा, कुक्कु व आजाद आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश लिंक रोड थाना पुलिस को दे दिये। इस संदर्भ में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि अब्दुल नईम चक्कर खाकर गिरने पर उसके पुत्र ने अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था।


### सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड

CIN: L74899DL1980PLC060079

पंजीकृत कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भारत राम रोड, 24 दरियागंज, नई दिल्ली-110002 (भारत)
ई-मेलः sanehltd@gmail.com, वेबसाइटः https://saneh.in, फोन नं. 91-11-23273907

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मैसर्स सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (CIN: L74899DL1980PLC060079) के सदस्यों की 44वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024 को शाम 4:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय डेल्टन हाउस, 4801, भारत राम रोड, 24, दरिया गंज, नई दिल्ली-110002 में आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य 01 अगस्त, 2024 की सूचना में बताए अनुसार कारोबार करने हेतु, जिसे सभी शेयरधारकों को 05 अगस्त, 2024 को पहले ही भेजा जा चुका है। व्यक्तिगत रूप से ई-मेल के माध्यम से यदि उसका ई-मेल पता कम्पनी के साथ पंजीकृत है और कूरियर के माध्यम से यदि उसका ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं है। कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसरण में भी नोटिस दिया जाता है कि सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण (दोनों दिन शामिल)। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी ने सीडीएसएल के माध्यम से 44वीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस में उल्लिखित सभी व्यावसायिक मदों के लेन-देन के लिए ई-वोटिंग सुविधा की पेशकश की है ताकि सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकें। रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 (सुबह 10:00 बजे) से शुरू होकर गुरुवार, 29 अगस्त, 2024 (शाम 5:00 बजे) को समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। मैसर्स एसपीआर एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज के प्रोपराइटर श्री एस पी. रंजन को ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए जांचकर्ता नियुक्त किया गया है। जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दिया है, वे भी बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट देने का अधिकार नहीं होगा। जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दिया है, वे बैठक में बैलेट पेपर के माध्यम से वोट कर सकेंगे। जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि यानी 23 अगस्त, 2024 को सदस्यों/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, वह केवल एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग के साथ-साथ रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। कोई भी व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात 23 अगस्त, 2024 तक शेयर रखता है, वह बैठक की सूचना में दी गई प्रक्रिया का पालन करके यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित कोई भी प्रश्न/शिकायत कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर कंपनी सचिव सुश्री काजल गुप्ता को संबोधित की जा सकती है, ईमेल आईडीः sanehltd@gmail.com; फोनः 011-23273907 या आप www.evotingindia.com के सहायता अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए रिमोट ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका का भी संदर्भ ले सकते हैं।

कृते सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
निदेशक
डीआईएनः 00035916

दिनांकः 07 अगस्त, 2024
स्थानः नई दिल्ली

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री सुमित कुमार, खसरा संख्या 152 में से 58 वर्ग गज यानी 48.4938 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले आवासीय मकान का पंजीकृत मालिक है जो ग्राम इलाहाबाश, नोएडा परगना और तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। उपहार विलेख दिनांक 27.07.2024 के माध्यम से है, श्री सुमित कुमार पुत्र श्री साहब लाल द्वारा श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री सुमित कुमार के पक्ष में निष्पादित, दस्तावेज सं. 4326 एडिशनल बुक सं. 1, खंड सं. 14024 पृष्ठ 337 से 360 पर दिनांक 27.07.2024, SRO-II, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में विधिवत पंजीकृत है। और इसे एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) द्वारा वित्तपोषित और बंधक किया जाना है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी बी-93बी, द्वितीय तल,एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301, संपर्क **#0120-4269379**

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large that my client Sh. Naresh Pal Singh who is the owner of First Floor, Unit No. 02, L-Corner, Property No. F-138, admeasuring 95 sq. yds. out of Khasra No. 477, Situated at F-Block, Jawahar Park, Devli Road, Khanpur, New Delhi-110080 vide Relinquishment Deed dated 23.04.2024, registered as Doc No. 2024/7/I/3871 in SR-South Hauz Khas and intend to get the financial assistance from Piramal Capital & Housing Finance Limited. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
Khaitan & Khaitan
A-38 Kailash Colony, New Delhi-110048
Ph. No: 011-49774545

### PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Kunwar Pal Singh S/o Ghurey Singh R/o. B-9/272, Sector 3 Rohini, Delhi 110085, Mob. 8447730855, Email: kpsingh.mtnl@gmail.com, has applied for the conversion of aforesaid property. The original papers i.e. Original Conveyance Deed Regn. No. 12582, Book No. 1, Vol No. 4441 Page 55 To 56 issued by DDA of abovesaid property has been lost. A F.I.R to this effect has been lodged to police station dt. 04/08/2024. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact - Kunwar Pal Singh, R/o. B-9/272, Sector 3 Rohini, Delhi 110085, Mob. 8447730855, 90131 38800

### PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my clients Md. Habib Khan S/O Md. Lallan and his wife Smt. Nasrin both R/o Aimanzai Jalalnagar, Shahjahanpur. Shahjahanpur. Uttar Pradesh-242001 have disowned/debarred his son. namely Md. Wasim from all movable and immovable properties due to his conduct, misbehavior and being out of his control. Any person dealing with his son in any manner shall be on his/her own risk and consequences. My clients shall not be responsible for am acts, things or liability done by his son.
**PUNEET KUMAR (Advocate) 3rd Floor, Building No. 9 DDA Mkt, Ashok Vihar Ph-II, Delhi-52.**

### कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,

**सम्मान कैपिटल लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **आशीष भटनागर और अनामिका भटनागर** को **23.04.2024** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLGRG00309643** की राशि **रू. 10,98,257.42 (रूपये दस लाख अट्ठानवे हजार दो सौ सत्तावन और बयालीस पैसे मात्र)** और **22.04.2024** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **05.08.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषतः कर्जदारों और सामान्यतः जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 10,98,257.42 (रूपये दस लाख अट्ठानवे हजार दो सौ सत्तावन और बयालीस पैसे मात्र) 22.04.2024** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

"आरेटे" से पहचाने जानेवाली परियोजना में, टावर-एफ, नौवीं मंजिल पर, अपार्टमेंट नं.एफ-901, जिसका सुपर एरिया 1325 स्क्वे. फीट जो 123.10 स्क्वे.मीटर्स के बराबर, एक कार पार्किंग की जगह के साथ, गाँव धुनेला में स्थित, सेक्टर-33, सोहना, गुरुग्राम - 122018, हरियाणा।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

दिनांक: 05.08.2024
स्थान : गुरुग्राम

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large that Mr. Rohit Kumar & Ms. Khushi Gupta (Hereinafter refer to the Borrowers) are purchasing the Property No.23 (Old No.21, 22 & 23), area admeasuring 33.3 Sq. Yds. Out of Khasra No.596, situated in the area of Village Nawada, Mohan Garden, Block-N Extension, Uttam Nagar, New Delhi-110059 (Hereinafter refer to the Said property) from Mr. Sanjay Choudhary who is the owner of the Abovementioned Property vide GPA, ATS, WILL dated 03.08.2023. That borrowers will create mortgage iin respect of the Said property in favour of My Clients SMFG India Home Finance Company Limited.
Any person, body, individual, institution having any claim and/or objection in respect of the said property by way of Sale, exchange, lase, lien, mortgage, charge, Encumbrance, gift, trust, easement, maintenance inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title documents pertaining to the said property shall communicate the same to the undersigned at our address within 07 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and/or abandoned. Any objections raised after the completion of the 07 days shall not be binding upon the said property or my client.
Khaitan & Khaitan
A-38 Kailash Colony, New Delhi-110048
Ph. No: 011-49774545

### PUBLIC NOTICE

I, Usha Goyal W/o Sanjay R/o B-1/49 A, Vishnu Garden, Delhi-110018, I am mother of Harshit Goyal and Hemant Goel. We are declaring that I Usha Goyal and my son Harshit Goyal severed all us relations both legal & social with **Hemant Goel**. I have debarred and disinherited my younger son Hemant Goel from all my movable/ immovable properties.
Any person dealing with Hemant Goel, they shall be doing so at his/her own risk.
**SANJEEV DWIVEDI (ADVOCATE)**
**48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, N.D-54**

### PUBLIC NOTICE

**NOTICE** is hereby given that **Metallic Ferro Alloys LLP** claims to be owner and in possession of **Prop. No. 124, Block B, Ashok Vihar, Ph-I, Delhi** having purchased the said property from Sunil Kakrania, Sudhir Kakrania, Sushil Kakrania & Lalit Kakrania by virtue of Sale Deed Dated 09.11.2022 reg vide Doc No. 17917 who were the only legal heirs of Late Shyam Sunder Kakrania, said Shyam Sunder Kakrania was the owner of the said property vide Conveyance deed dated 20.10.20 reg. vide doc no. 5377 & said **Metallic Ferro Alloys LLP** has agreed to sell the said Property to Kamal & Said Kamal has agreed to create a mortgage in favour of our clients **Axis Bank Limited, Axis House Sector 128, Noida U.P.,** any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.
**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19**
**Mobile No. 9818399999**

### PUBLIC NOTICE

This is to inform general public that Mr. Rinku Pandey and Mr. Tinku Pandey acquired the Property bearing No. 123, 124, Land area measuring 67 sq. yds., out of Khasra no. 48//6, 15, 15/2 and 40/15, 15/2, situated at Saran, Tehsil & Distt. Faridabad, Haryana by way of Regd. Will dated 19.09.2011 and the same was Duly Registered with Sub- Registrar- Faridabad, as Doc No. 727, Book No. I, Vol No. 0/1, Pages 10/10-12, on 19.09.2011. Now, Mr. Rinku Pandey and Mr. Tinku Pandey are intending to sell above said property to Mr. Vikas. Further, Mr. Vikas availing loan on above said property from Art Housing Finance (India) Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Pramod Kumar Singh (Advocate), Law Source, Unit No. S-2-U, 2nd Floor, built on Plot no. 4 and 5, Ansal Utility Commercial Center, Paschim Vihar, New Delhi-110063 or contact at +91 9560309909 (M).

### सार्वजनिक सूचना

**मेरे मुवक्किल श्री ओम प्रकाश राजोरिया निवासी एल/7, गली नंबर 7, जय प्रकाश नगर, घोंडा, दिल्ली ने अपने पुत्र देवेन्द्र राजोरिया और उनकी पुत्रवधू वर्षा राजोरिया तथा उनकी पोती किट्टू राजोरिया को उसके अभद्र व्यवहार के कारण सम्बन्ध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ तथा भविष्य में उसके किसी भी प्रकार के लेने में मेरी मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**
अजय गर्ग (वकील)
**F-25/100, Sector-07, Rohini, Delhi-110085.**

### सार्वजनिक सूचना

मनके राज सिंह पुत्र श्री ग्यारसी राम निवासी मकान न0 55-बी, सरांगपुर, न्यू दिल्ली-110073 का हूँ। जो कि हम निम्न हल्फन ब्यान करते है। यह कि मै उपरोक्त पते का स्थाई निवासी अपने पुत्र राकेश कुमार एवंम पुत्रवधू को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने सभी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
राज सिंह
म.नं. 55-बी, सरांगपुर, न्यू दिल्ली-110073

### इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
आपका अपना बैंक / YOUR OWN BANK

नोएडा सेक्टर शाखा
एच-1ए/18, सेक्टर 63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301
फोन नं. 0120-2427115 | ई-मेलः n615@indianbank.co.in

अनुबंध-क
**परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)**
**अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा इंडियन बैंक, नोएडा सेक्टर 63 शाखा (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, के श्री राजेश (उधारकर्ता/बंधककर्ता) पुत्र रणवीर सिंह से इंडियन बैंक (प्रतिभूत लेनदार) नोएडा सैक्टर-63 की बकाया राशि रु. 23,41,658.25 (रु. तेईस लाख इकतालीस हजार छह सौ अट्ठावन और पैसे पच्चीस मात्र) दिनांक 15.03.2024 तक की वसूली हेतु "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 11.09.2024 को बेचा जाएगा।
ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री हेतु संपत्तियों का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है:

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति का विवरण | रिहायशी सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं एसएफ-1, द्वितीय तल, सामने की तरफ, छत के अधिकार के साथ, प्लॉट नं. ए46, गंगा विहार, गांव सादुल्लाबाद, लोनी, जिला गाजियाबाद, यू.पी. में स्थित, कवर्ड क्षेत्रफल 92.90 वर्ग मी., बिक्री विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तर में - प्लॉट नं. ए-45 दक्षिण में - 10 फीट चौड़ी सर्विस लेन, पूरब में - 10 फीट चौड़ी सर्विस लेन, दक्षिण में - 30 फीट चौड़ी रोड |
| सम्पत्ति पर भार | बैंक को ज्ञात नहीं शाखा |
| आरक्षित मूल्य | रु. **35,00,000/-** (रु. पैंतीस लाख मात्र) |
| ईएमडी राशि | रु. **3,50,000/-** (रु. तीन लाख पचास हजार मात्र) |
| बोली वृद्धि राशि | रु. **25,000/-** (रु. पच्चीस हजार मात्र) |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | **11-09-2024** को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक |
| सम्पत्ति आईडी नं. | **IDIB64203965357378** |

ई नीलामी हेतु बोलीदाताओं को ई-नीलामी के लिए वेबसाइट (https://www.ebkray.in) पर जाने की सलाह दी जाती है, ई नीलामी हमारे सेवा प्रदाता पीएसबी एलायंस प्रा. लि., यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट, मुंबई 400037 (संपर्क फोन 8291220220, ईमेल आईडीः- support.ebkray@psballiance.com द्वारा प्रदान की जाएगी। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.ebkray.in पर ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है।
संपत्ति के विवरण और संपत्ति की तस्वीर और नीलामी के नियमों और शर्तों के लिए कृपया देखें: बिक्री की सामान्य नियम और शर्तों वाली बिक्री सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों/वेबपेज पोर्टल्स (1) www.indianbank.in और (2) https://www.ebkray.in पर उपलब्ध/प्रकाशित है।

दिनांकः 01.08.2024, स्थानः नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

### भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री निकुंज फ्रूट एजेंसी/ प्रवीण कुमार/ लाल मति/ राधेश्याम/ प्रवीण कुमार पुत्र श्री हुकम चंद/ श्रीमती लाल मति पत्नी श्री राधेश्याम/ 042305002129 | पता 1: वाणिज्यिक संपत्ति/दुकान नंबर ए-1037, क्षेत्रफल 180 वर्ग फीट, आज़ादपुर, दिल्ली में नई सब्जी मंडी के लेआउट प्लान में स्थित, पता 2: वाणिज्यिक संपत्ति/दुकान नंबर ए-1037, क्षेत्रफल 16.72 वर्ग मीटर, आजादपुर, दिल्ली में नई सब्जी मंडी के लेआउट प्लान में स्थित/ अगस्त 06, 2024 | फरवरी 17, 2024 रु. 87,60,474.00/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अगस्त 08, 2024**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

# आप सरकार को आत्ममंथन की जरूरत : एलजी

## एल्डरमैन की नियुक्ति पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर उपराज्यपाल की सरकार को नसीहत

● राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा, यह चिंता का विषय है कि कानून और सवैधानिक स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद, दिल्ली सरकार ने बेवजह मुकदमेबाजी में उलझती रही



उपराज्यपाल सचिवालय। ( फाइल फोटो )

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम में 10 'एल्डरमैन' नामित करने के एलजी के फैसले को बरकरार रखा है। अब इस मुद्दे पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उम्मीद जताई है कि सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने एल्डरमैन की नियुक्ति के मामले में स्पष्ट रूप से जो फैसला सुनाया है, उसके बाद एमसीडी वैधानिक रूप से आवश्यक निकायों को स्थापित करने और पिछले लगभग 19 महीनों से लंबित पड़ी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए कदम उठाएगी। साथ ही कहा कि यह निर्णय सत्तारूढ़ सरकार और उसके नेताओं को आत्मावलोकन और आत्ममंथन की ओर इशारा करता है। सार्वजनिक हित सर्वोपरि है जिसकी इस तरह से लड़ाई में बलि नहीं दी जा सकती है।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कि यह चिंता का विषय है कि कानून और संवैधानिक स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद, दिल्ली सरकार ने बेवजह मुकदमेबाजी में उलझती रही, जिससे न केवल न्यायालय का समय और जनता का पैसा बर्बाद हुआ, बल्कि जानबूझकर एमसीडी को पंगू बनाया गया, जो जनवरी, 2023 में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के फैसले के बाद, वैधानिक समितियों को समय पर गठित करने के लिए आवश्यक कार्य कर सकती थी। वर्तमान सरकार के मंत्रियों द्वारा भी विभिन्न नियमित मामलों में उचित प्रक्रियाओं का उल्लंघन, शीर्ष अदालत में निरर्थक मुकदमेबाजी के माध्यम से किया गया है, जिसमें वर्ष 1993 में एनसीटीडी के अस्तित्व में आने के बाद से कानून की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट है। इसके बाद आने वाली सरकारों ने इसी के अनुरूप काम किया और शहर और लोगों के विकास में योगदान दिया। हालांकि, वर्तमान सरकार द्वारा मीडिया में लगातार बने रहने के प्रयास और मुकदमेबाजी ने महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को ठप कर दिया है।

उपराज्यपाल ने एल्डरमैन की नियुक्ति के मामले में फाइल पर अपनी टिप्पणी के रूप में स्पष्ट तौर पर लिखा था, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 3(3)(बी)(द्व) एवं संविधान के अनुच्छेद 239एए के अनुसरण में वह निगम में 10 व्यक्तियों को नामित करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने उपराज्यपाल के कार्यालय के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका को खारिज करते हुए कहा है अधिनियम के प्रावधानों की जांच करने के बाद, पीठ का मानना है कि एमसीडी अधिनियम की धारा 3(3)(बी)(द्व) एक संसदीय अधिनियम है, जिसके तहत उपराज्यपाल के पास नामांकन की शक्ति है। इस शक्ति का प्रयोग उपराज्यपाल के वैधानिक कर्तव्य के रूप में किया जाना है, न कि आम आदमी पार्टी की सरकार की कार्यकारी शक्ति के रूप में। इसमें आगे कहा गया कि उपरोक्त कारणों से, धारा 3(3)(बी)(द्व) के तहत 3 जनवरी 2023 और 4 जनवरी को एलजी द्वारा जारी अधिसूचनाएं, जीएनसीटीडी एक्ट के अनुच्छेद 239एए व धारा 41 का उल्लंघन नहीं हैं।

## 'सौरभ भारद्वाज विफलताओं को छिपाने के लिए झूठ का ताना-बाना बुन रहे'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री और अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाली और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने डॉक्टरों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की भर्ती के लिए कभी भी,कोई ठोस प्रयास नहीं किया।

एलजी ने कहा कि आप सरकार और और विशेष रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस मंत्री सौरभ अपनी और अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए रोजाना झूठ का ताना-बाना बुन रहे हैं। यह सब कुछ जानबूझकर और पहले से सोची समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है, जिससे न केवल एक दशक से अधिक समय से कुशासन से पीड़ित दिल्ली की जनता को गुमराह किया जा सके, बल्कि न्यायपालिका को भी गुमराह किया जा सके, जिसने विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर स्वास्थ्य और शिक्षा का स्वत: संज्ञान लिया है।

उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य के लचर बुनियादी ढांचे के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार और विशेष रूप से सौरभ भारद्वाज को फटकार लगाने के बावजूद, सच्चाई यही है कि भारद्वाज और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग में भर्ती के लिए कभी भी,कोई ठोस प्रयास नहीं किया। इसके बजाय, दोनों ने केजरीवाल ने निरर्थक पत्रों और पत्राचार के रूप में झूठे बहाने बनाने का काम किया है।

यहां यह बताना जरूरी है कि पीसी मंत्री 2 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को संबंधित रिक्त स्वीकृत पदों पर भर्ती नियुक्ति या यूपीएससी/डीएसएसएसबी के माध्यम से नियमित रूप से, इनमें से जो भी पहले हो,करने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने डॉक्टरों और पैरामेडिक्स की नियुक्ति में यूपीएससी और दिल्ली सरकार के सेवा विभाग द्वारा तेजी लाने के लिए, इस मामले को उपराज्यपाल के साथ उठाने का अनुरोध किया था। भारद्वाज ने उपराज्यपाल से अनुबंध के आधार पर डॉक्टरों को नियुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देने की भी मांग की थी। डॉक्टरों की नियुक्ति भर्ती आदि का यह कार्य एक्सक्लूसिवली राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में आता है, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं हैं। उन्हें एनसीसीएसए की बैठक बुलाने और ऐसा कोई भी निर्णय लेने का अधिकार कानून देता है।

## मकान की छत गिरने से बुजुर्ग दंपति की मौत, बेटा घायल



रोहिणी में हुए हादसे में बिलखते परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● राजधानी में बुधवार सुबह रोहिणी इलाके में छत गिरने से हुआ हादसा

रोहिणी स्थित प्रेम नगर इलाके में एक मकान की छत गिर जाने के कारण बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई और उनका 45 वर्षीय बेटा घायल हो गया। अग्निशमन अधिकारियों को सुबह करीब तीन बजे छत गिरने की सूचना मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया, दमकल की तीन गाड़ियों और एक बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा। मलबे से तीन लोगों को बाहर निकाला गया और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि चिकित्सकों ने सुखरान और उनकी पत्नी गायत्री देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके बेटे विनोद को चोटें आई हैं। उन्होंने बताया, विनोद का संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में इलाज किया जा रहा। हमने पुलिस को सूचित कर दिया है। पुलिस ने बताया कि प्रेम नगर थाने को तड़के 2:57 बजे एक मकान की छत गिरने के कारण कुछ लोगों के हताहत होने की सूचना मिली थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि तीन लोग घायल हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। उनके बेटे विनोद को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रात में जब परिवार घर के अंदर सो रहा था तभी मकान की छत गिर गई। अधिकारी ने कहा,"पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# केजरीवाल ने स्वाधीनता दिवस की गरिमा को किया तार तार : सचदेवा

● राष्ट्रध्वज प्रोटोकॉल अनुसार देश के राज्यों में केवल मुख्यमंत्री द्वारा ध्वजारोहण का है प्रावधान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वाधीनता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फराने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रध्वज प्रोटोकॉल अनुसार राज्यों में केवल मुख्यमंत्री के द्वारा ध्वजारोहण का प्रावधान है।

सचदेवा ने कहा, संविधान एवं राष्ट्रध्वज प्रोटोकोल निर्माताओं ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी की कभी देश में ऐसा जिद्दी सीएम आएगा जो जेल जा कर भी पद से इस्तीफा नहीं देगा। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को लिखा पत्र प्रमाणित करता है की आम आदमी पार्टी और उसके नेता कल भी आराजक थे आज भी आराजक हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा मंत्री आतिशी को ध्वजारोहण अधिकार देने को लेकर उपराज्यपाल को भेजे गए पत्र ने उनके द्वारा वर्ष 2014 में राजपथ पर धरना देकर गणतंत्र दिवस समारोह बाधित करने की घोषणा की भयावह याद ताजा कर दी है।

### 'चार्जशीट के बाद भी आप नेता बिभव की निंदा करने को तैयार नहीं'

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की पिटाई के मामले की चार्जशीट आंखें खोल देने वाली है और बड़े साजिश की ओर संकेत करती है। मालीवाल का केजरीवाल परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध रहा है और यह संभव नहीं है कि सीएम के पीएस बिभव कुमार बिना केजरीवाल परिवार की सहमति के स्वाति मालीवाल को एक शब्द भी कह सकें, बिभव द्वारा उन्हें पीटने की घटना की तो बात ही छोड़ दें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह चर्चा है कि केजरीवाल को राज्यसभा में एक सीट की आवश्यकता थी क्योंकि उन्होंने जेल से जमानत दिलाने वाले वकील को सदस्यता का वादा किया था।

## आतिशी को तिरंगा फहराने की अनुमति नहीं दी जाए : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● कहा, यह मुख्यमंत्री की पसंद का नहीं, तिरंगे के गौरव का विषय है

स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली सरकार के आधिकारिक समारोह में तिरंगा फहराने का मुद्दा गरमा गया है। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर कहा है कि 15 अगस्त को दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस समारोह में उनकी जगह कैबिनेट मंत्री आतिशी मार्लेना राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी।

इस पर भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि अगर केजरीवाल चाहते हैं कि आतिशी झंडा फहराएं तो वह पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें और आतिशी को मुख्यमंत्री बनवाएं। दिल्ली सरकार का स्वतंत्रता दिवस समारोह आम आदमी पार्टी का कार्यक्रम नहीं बल्कि राज्य सरकार का कार्यक्रम है। राज्य सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री ही 15 अगस्त को झंडा फहरा सकते हैं और परेड की सलामी ले सकते हैं। यह मुख्यमंत्री की निजी पसंद नहीं है कि वह किसी मंत्री को अपने स्थान पर झंडा फहराने के लिए नियुक्त करें। भाजपा सांसद के अनुसार दिल्ली में ऐसी कोई परंपरा, नियम या उदाहरण नहीं है कि मुख्यमंत्री की इच्छानुसार कोई भी दूसरा मंत्री झंडा फहराए।

### ध्वजारोहण पर भाजपा व आप में ठनी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संवैधानिक अधिकार केवल मुख्यमंत्री का ही होता है, यह कोई दैनिक गतिविधि नहीं जो उपराज्यपाल को पत्र लिखकर इसे बदला जा सके। उन्होंने कहा कि केजरीवाल इस्तीफा देने की जगह नया सीएम नामित नहीं कर रहे हैं। मंत्री को झंडा फहराने अधिकार देना संवैधानिक मान्यताओं का अपमान करना है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी ने कभी भी देशवासियों और संविधान का सम्मान नहीं किया। एक पार्टी संविधान को बदलने तक की बात करती है दूसरी पार्टी के मुख्यमंत्री संविधान की मान्यताओं को अपमान करते है। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण एक संवैधानिक परम्परा जिसको देश अथवा राज्य का मुखिया ही निभा सकता है।

## सीबीआई ने कोचिंग सेंटर मौत मामले में हादसे जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा के तीन आकांक्षियों की मौत के मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया है व संस्थान के मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने बुधवार को राऊज आईएएस स्टडी सर्किल की इमारत का दौरा कर उस क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां 27 जुलाई को घटना हुई थी।

सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद दिल्ली पुलिस से मामले की जांच अपने हाथों में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने तय प्रक्रिया के तहत राऊज आईएएस स्टडी सर्कल के मालिक अभिषेक गुप्ता के खिलाफ दोबारा मामला दर्ज किया है। दिल्ली में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में स्थित इस कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा के तीन आकांक्षियों-उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव, तेलंगाना की तान्या सोनी और केरल के नेविन डेल्विन की डूबने से मौत हो गई थी।

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे ए विद्यार्थी बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे थे जिसमें पानी भर जाने से उनकी मौत हो गई। सीबीआई ने गुप्ता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, लापरवाही से मौत, स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, लापरवाही भरा व्यवहार और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी गुप्ता और न्यायिक हिरासत में रखे गए अन्य आरोपियों की हिरासत के लिए विशेष अदालत का रुख कर सकती है।

# यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने बांग्लादेश में उपद्रव पर जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने बांगलादेश में फैल रही अराजकता व उपद्रव को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम शेख हसीना के इस्तीफे के बाद भी आगजनी, लूटपाट व तोड़फोड़ की घटनाएं नहीं रूक रहीं हैं। बांगलादेश के 27 जिलों में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे हमलों ने इसको और भी ज्यादा संवेदनशील बना दिया है जिसके फलस्वरूप बांगलादेश में रहने वाले 1.35 करोड़ हिन्दू, गिन-गिनकर सांसे ले रहे हैं क्योंकि किसी भी पल मौत उनको सामने दिखाई दे रही है। इसी कारण से दहशत व डर के वातावरण में जी रहे हैं।

जय भगवान गोयल ने बताया कि यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट इस समय बांगलादेश के पीड़ित हिन्दुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है व अराजकता व उपद्रव की घटनाओं का पुरजोर विरोध करते हुए देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व विदेशमंत्री से इनकी पूर्ण सुरक्षा की जोरदार मांग करता है। इतना ही नहीं हिन्दुओं के मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए, यूएन महासचिव को भी बांगलादेश में शांति सेना भेजने के लिए पत्र भी लिखा है ताकि वहां पर कानून व्यवस्था को बहाल किया जा सके।

### 'विनेश फोगाट मामले में साजिश की आशंका'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल में महिला पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित करने के पीछे बड़ी साजिश की आशंका जताई है। आप की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता का कहना है कि विनेश फोगाट को ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने से रोकने के लिए यह एक साजिश लग रही है। उनको मात्र 100 ग्राम वजन ज्यादा होने पर ओलंपिक से बाहर कर दिया गया।

रीना गुप्ता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा किया है कि विनेश फोगाट ने पहले ही साजिश की आशंक जताई थी और कहा था कि उनकी पूरी टीम बृजभूषण शरण सिंह ने चुनी है। ये टीम कहीं कुछ ऐसा न मिला दे, जिससे सबकुछ गड़बड़ हो जाए।

## ढाका निवासी ने कहा, भविष्य अनिश्चित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



ढाका से दिल्ली पहुंचे बांग्लादेश के लोग।

ढाका से बुधवार तड़के पूर्व निर्धारित वाणिज्यिक उड़ान से दिल्ली पहुंचे तनवीर खान सहज दिखने का भरपूर प्रयास कर रहे थे, लेकिन उनके हाव-भाव बेचैनी को भी बयां कर रहे थे। एक काम के सिलसिले में दिल्ली आए खान ने कहा, आने वाले दिनों में हमें नई चुनौतियों का सामना करना होगा। बांग्लादेश में सिलहट के मूल निवासी और उत्तर ढाका रह रहे खान ने कहा कि सोशल मीडिया और समाचारों में इतनी सूचनाएं आ रही हैं कि समझ नहीं आ रहा कि किस पर विश्वास करें और किस पर नहीं।

खान रात एक बजे एअर इंडिया के विमान से दिल्ली पहुंचे। अभी यह मालूम नहीं हो पाया है कि विमान में कितने यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने मंगलवार सुबह ढाका के लिए अपनी उड़ान रद्द कर दी थी, लेकिन शाम के समय एक उड़ान का संचालन किया। विमान रात करीब एक बजे बांग्लादेश की राजधानी ढाका से यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंचा। खान ने कहा, बांग्लादेश में हालात शांत हैं, लेकिन हमें आने वाले दिनों में नई चुनौतियों का सामना करना होगा। हमें भविष्य का तो नहीं पता, लेकिन उम्मीद है कि अच्छा ही होगा। अभूतपूर्व सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और सोमवार को दिल्ली के पास हिंडन वायुसेना अड्डे पर पहुंचीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बस दुर्घटना रोकने के लिए नई नियमावली लागू

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने बस दुर्घटना रोकने की पहल की है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सार्वजनिक बस संचालन की नई नियमावली लागू करने का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने बस दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों व राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी सरकार द्वारा उठाए जा रहे कई एहतियाती कदमों की घोषणा की है। इस सिलसिले में 29 जुलाई को कैलाश गहलोत की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी जिसमें इन एहतियाती उपायों को अंतिम रूप और मंजूरी दी गई थी। कैलाश गहलोत ने कहा कि यात्रियों और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है।

### तीज महोत्सव पर 21 विशिष्ट महिलाएं सम्मानित

**नई दिल्ली।** तीज महोतसव पर दिल्ली की 21 विशिष्ट महिलाओं को सीटीआई ने सम्मानित किया। संस्था के चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने बताया कि इस अवसर पर 500 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया, तीज मेले में तरह-तरह की प्रदर्शनियों के 40 से अधिक स्टॉल थे, इसमें कपड़े, जूलरी, सूट, लहंगे, खाने-पीने के सामान, घर के सामान आइटम थे। महिलाओं के लिए मेहंदी की व्यवस्था थी। तमाम तरह के व्यंजनों के स्टॉल थे।

### उत्सव में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**नई दिल्ली।** सावन की हरियाली तीज के अवसर पर द्वारका में बुधवार को आयोजित तीज महोत्सव में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पैसिफिक मॉल में पूरे दिन चलने वाले इस आयोजन में उपस्थित लोगों के लिए कई एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने जमकर मस्ती की। आयोजित प्रतियोगिता में खूबसूरत मेहंदी डिजाइन, मजेदार खेल और 25 प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा मनमोहक डांस प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिताओं में एक वाइब्रेंट फैशन शो और म्यूजिकल चेयर गेम भी शामिल था, जिसमें विजेताओं को सेंको गोल्ड की ओर से सुंदर गिफ्ट मिले, जिससे यह आयोजन और भी खास बन गया।

### मालीवाल ने स्कूलों की मुनाफाखोरी का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में प्रश्न कॉल के दौरान कहा कि आज भारत में स्थिति ऐसी है कि अधिकांश निजी स्कूल मुनाफाखोरी के अड्डे बन गए हैं। इन स्कूलों ने अपने परिसर में दुकानें खोल रखी हैं जहां वे यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें, पेन और पेंसिल ज्यादा कीमतों पर बेचते हैं और माता-पिता को मजबूर करते हैं कि वे इन सामग्रियों को उन्हीं की दुकानों से खरीदें। इन्होंने विकास कोष और गतिविधि कोष जैसे विभिन्न फंड भी शुरू कर दिए हैं। ये स्कूल लूट रहे हैं और बच्चों को एटीएम मशीन की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री से पूछा कि क्या केंद्र सरकार ने राज्यों को निजी स्कूलों का ऑडिट करने के लिए कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं ताकि मुनाफाखोरी को रोका जा सके।

# किताब प्रेमियों के लिए भारत मंडपम में दिल्ली पुस्तक मेला शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारत मंडपम में दिल्ली पुस्तक मेला में पहुंचे किताब प्रेमी। फोटो : रंजन डिमरी

● स्टेशनरी मेला, ऑफिस ऑटोमेशन, कॉर्पोरेट उपहार आकर्षण का केंद्र, आगंतुक विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में ले सकते हैं भाग

किताब प्रेमियों के लिए भारत मंडपम में दिल्ली पुस्तक मेला शुरू हो गया है। पुस्तक मेला भारत मंडपम के हॉल 12 और 12ए में शुरू हुआ जो 11 अगस्त तक चलेगा। इस बार मेले का विषय भारतीय पुस्तकों का वैश्विक प्रभाव है।

मेले का आकर्षण स्टेशनरी मेला, ऑफिस ऑटोमेशन और कॉर्पोरेट उपहार रहेगा। आगंतुक विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। प्रवेश मुख्य रूप से गेट नंबर 10 (सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन) से होगा, जो सभी के लिए नि:शुल्क है. यहां लोग सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आ सकेंगे। इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के कार्यकारी निदेशक, सीए रजत अग्रवाल ने आशा व्यक्त की, कि इसके अगले संस्करण में प्रदर्शकों की प्रतिक्रिया में वृद्धि होगी। पुस्तक मेले का आईटीपीओ के लिए विशेष स्थान है क्योंकि यह युवाओं को देश के भविष्य से जुड़ता है। आईटीपीओ संगठन प्रदर्शन के साथ-साथ व्यावसायिकता में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आईटीपीओ टीम से कहा कि वह इस मेले में आने वाले छात्रों से फीडबैक भी लें, ताकि भविष्य में इस आयोजन को उनके लिए बेहतर और सार्थक बनाया जा सके।

इस अवसर पर एफआईपी के अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बेहतर सुविधाओं के साथ दिल्ली पुस्तक मेला और इससे संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आईटीपीओ की सराहना की। हॉल नंबर 12 और 12ए में 1500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में 90 से अधिक अग्रणी कम्पनियाँ भाग ले रही हैं। इनमें प्रकाशन विभाग, सूचना मंत्रालय, भारत सरकार, साहित्य अकादमी, गोरखपुर गीता प्रेस, रूपा पब्लिकेशन आदि प्रमुख हैं।

इस वर्ष मेले का विषय है भारतीय पुस्तकों का वैश्विक प्रभाव। इस संदर्भ में 9 अगस्त को दोपहर ढ़ाई बजे एक विशेष राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दिल्ली पुस्तक मेला और इससे जुड़े कार्यक्रम व्यवसाय विस्तार, ब्रांड प्रचार और छवि निर्माण के लिए आदर्श अवसर प्रदान करते हैं। यह मेला प्रतिभागियों को खुदरा अवसरों के अलावा बी2बी लेनदेन, सह-प्रकाशन व्यवस्था में प्रवेश करने वाली नेटवर्किंग, अनुवाद और कॉपी-राइट, पुरानी पुस्तकों को दोबारा छापने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। इस आयोजन का यह संस्करण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्वतंत्रता दिवस 2024 के समारोहों के साथ मेल खाता है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार के साथ-साथ सम्मेलन, कार्यशालाएँ, चित्रकारी प्रतियोगिताएँ आदि जैसे कई प्रचार कार्यक्रम प्रतिभागियों के साथ-साथ आगंतुकों के लिए इसे अधिक सार्थक बना देंगे। प्रदर्शकों की सूची में पुस्तकों, पत्रिकाओं और पत्रिकाओं, शिक्षण सामग्री और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर आदि शामिल हैं।

# 15 दिन में फ्लैट खाली करें टावर-जे में रहने वाले लोग

- आईआईटी दिल्ली की स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट में चिंटेल्स पेराडिसो के टावर को बताया गया है असुरक्षित
- आवंटियों के सभी दावों को समयबद्ध तरीके से निपटाने का भी जिलाधीश ने दिया निर्देश



सेक्टर-109 स्थित चिंटेल्स पेराडिसो सोसायटी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सेक्टर-109 स्थित चिंटेल्स पेराडिसो ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के टॉवर-जे की स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट में टॉवर को असुरक्षित घोषित करने के उपरांत वहां रह रहे नागरिकों को तुरंत प्रभाव से अपने फ्लैट खाली करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने जारी आदेशों में कहा गया है कि आईआईटी दिल्ली ने चिंटेल्स पेराडिसो ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के टावर-जे की स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट (5 जनवरी 2024) के तहत टावर-जे को रहने के हिसाब से असुरक्षित घोषित किया है।

रिपार्ट के आधार पर जिलाधीश ने टावर-जे में रह रहे निवासियों के जीवन और संपत्ति के खतरे को देखते हुए मानव जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरे को रोकने के लिए संबंधित निवासियों को तत्काल टावर खाली करने के आदेश दिए हैं। आदेशों में यह भी कहा गया है कि टावर-जे में रहने वाले निवासियों को आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर अपने संबंधित परिसर को खाली करने और उसी के खाली कब्जे को मैसर्स चिंटल्स इंडिया प्राइवेट को सौंपना होगा। आदेशों की निगरानी के लिए डीटीपी (ई) गुरुग्राम को नोडल अधिकारी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है। आदेशों में यह भी कहा गया है कि आदेशों की पालना के लिए पुलिस बल की सहायता भी ली जा सकती है।

आदेशों में कहा गया है कि डेवलपर (मेसर्स चिंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा निवासियों/फ्लैट मालिकों को मुआवजे के भुगतान के मामले को इस मामले में गठित एसआईटी द्वारा अलग से निपटाया जा रहा है। मेसर्स चिंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को टावर-जे के सभी आवंटियों के सभी दावों को समयबद्ध तरीके से निपटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है कि तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षिकाओं व छात्राओं ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

## घेवर और सुहाली बांटकर एक-दूसरे को दी तीज की बधाइयां, झूले पर झूलीं प्रिंसिपल, प्रोफेसर व छात्राएं





गुरुग्राम विश्वविद्यालय में तीज उत्सव पर झूला झूलतीं शिक्षिकाएं। वहीं सेक्टर-9 स्थित महाविद्यालय में तीज उत्सव में शामिल स्कूल की प्रिंसिपल व प्राध्यापिकाएं।





गुरुग्राम के श्री चित्रगुप्त स्कूल में तीज उत्सव पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते स्कूल संचालक। भाजपा कार्यालय में तीज उत्सव पर पहुंची पूर्व सांसद डा. सुधा यादव का स्वागत करती महिला टीम।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग की ओर से आयोजित हरियाली तीज महोत्सव का त्योहार बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी परिसर में पेड़ पर झूला डाला गया, जिसमें तीज के गीतों के साथ झूला झूलकर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने तीज महोत्सव मनाया।

घेवर और सुहाली बांटकर एक दूसरे को तीज की बधाइयां दीं। विभिन्न विभागों के छात्रों ने हरियाणवी लोकगीत गाकर उत्सव के माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। कुलपति ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाली तीज हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर डॉ. सुभाष कुंडू, डॉ अमरजीत कौर, डॉ. कोमल, डॉ. राकेश योगी समेत विवि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**सेक्टर-9 कालेज में भी धूमधाम से मनाया गया तीज महोत्सव:** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में प्राचार्या मधु अरोड़ा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की छात्राओं और महिला स्टाफ सदस्यों के लिए हरियाली तीज का महोत्सव मनाया गया।

महिला प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. सत्यम तथा उनकी कमेटी सदस्यों द्वारा यह आयोजन किया गया। इसमें डॉ. कौशल फौगाट ने तीज पर्व के बारे में बताया। सभी छात्राओं और शिक्षिकाओं ने मेहंदी लगवाई। हरियाणवी संस्कृति से जुड़े गायन एवं नृत्य संबंधी सांस्कृतिक कायक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी छात्राओं और महिला स्टाफ सदस्य ने झूला झूल कर और सावन के गीत गाकर खूब आनंद उठाया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने सभी को तीज महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज हमारी संस्कृति का प्रतीक है। यह त्योहार प्रेम एवं सद्भावना का संदेश देता है। उन्होंने छात्राओं को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सत्यम ने सभी छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं को सदैव खुश रहने एवं खुशियां बांटने का संदेश दिया। इस आयोजन में डॉ. नीलम दहिया, डॉ. मीनू शर्मा, डॉ. मीनाक्षी दलाल, डॉ. ललिता गौड़, डॉ. अंजना शर्मा, डॉ. वंदना डांगी, डॉ. कौशल, पूजा सिंह, डॉ.मोनिका सहरावत आदि मौजूद रहे।

## तीज का पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत है: डा. सुधा

**गुरुग्राम।** भाजपा महिला मोर्चा ने पार्टी कार्यालय गुरुकमल पर तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव, जिला अध्यक्ष कमल यादव एवं उनकी पत्नी अदिति यादव, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी भी पहुंची। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनिया यादव ने तीज महोत्सव में पहुंचने पर भाजपा नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर डा. सुधा यादव ने कहा कि सावन के महीने में हरियाली तीज पर्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए विशेष माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह तीज का त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत है। डा. सुधा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का विजन दिया है, ताकि वायु प्रदूषण खत्म हो सके। इसलिए सभी महिलाएं अपने घरों में होने वाले उत्सव एवं पवित्र त्यौहारों पर इस अभियान से जुड़ें और संकल्प लेकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि तीज पर्व के साथ ही प्रकृति भी हरी चादर ओढ़ कर लोगों में नई उमंग भरने का कार्य करती है।

**श्री चित्रगुप्त स्कूल में भी मना तीज उत्सव:** श्री चित्रगुप्त सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तीज मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य गणेश स्थापना से हुई, जिसमें छोटे बच्चे गणेश, सरस्वती, और पार्वती के रूप में सजे थे। उत्सव में पर्यावरण की देखभाल का संदेश दिया गया। बच्चे पेड़ों और तितलियों के रूप में सजे हुए थे। एक विशेष पहल के रूप में मां के नाम पर एक पेड़ लगाया गया, जो स्थायी विकास और पर्यावरण की देखभाल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में लायन क्लब गुरुग्राम के धर्मवीर तनेजा, दीपक कटारिया, मिट्टी की खुशबू के संचालक अमित रोहिल्ला सहित कई अतिथियों की उपस्थिति रही। उनके साथ छात्रों के अभिभावक, प्रबंधन सदस्य सुरेश, जगन, सतपाल, अकादमिक निदेशक संगीता दास और प्रधानाचार्य श्वेता की उपस्थिति रही। प्रमुख आकर्षण रंगोली प्रतियोगिता थी, जहां छात्रों ने अद्वितीय रचनात्मकता और प्रयास का प्रदर्शन किया।

# तीज पर दिया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पंजीरी प्लांट में तीज पर्व मनातीं महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी व आंगनबाड़ी वर्कर तथा हेल्पर।

महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा-निर्देश पर लक्ष्मण विहार स्थित पंजीरी प्लांट आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत तीज महोत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने झूला झूलकर इस त्योहार की खुशियों को सांझा किया।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी नेहा दहिया, जिला समन्वयक सुप्रिया, सीडीपीओ अनुपमा वधवा, मुनेश, पर्यवेक्षक निशा, पूजा, सुनीता समेत अनेक महिलाओं ने मिलकर तीज उत्सव मनाया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी नेहा दहिया ने कहा कि हमारे व्रत व त्यौहार हमारी संस्कृति को बनाए रखने में महत्पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हमें समय-समय पर आने वाले इन त्यौहारों को मनाकर आपसी, प्रेम व भाइचारे का संदेश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति इतनी समृद्ध है कि हर मास में कोई न कोई त्यौहार जरूर आता है। जिला समन्वयक सुप्रिया सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीज पर्व मां पार्वती व भगवान शिव से संबंधित है, तीज सुहागिनी स्त्रियों का त्यौहार है। उन्होंने सभी को तीज के महत्व तथा विशेषताओं के बारे में बताया। सीडीपीओ अनुपमा वधवा ने कहा कि हमारे व्रत व त्यौहार हमारी संस्कृति को बनाए रखने में महत्पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस में राष्ट्रीय सचिव आशीष दुआ का कद बढ़ा


आशीष दुआ।

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा के चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने विभिन्न कमेटियों का गठन कर चुनाव लड़ने की तैयारियों को अंतिम रुप देना शुरु कर दिया है। इस संदर्भ में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक हुई। प्रदेशाध्यक्ष उदयभान की अध्यक्षता में चुनाव की रणनीति बनाने की जिम्मेदारियां तय की गई। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व वरिष्ठ नेता आशीष दुआ को कमेटी में शामिल किया गया। दुआ सहित 51 सदस्यों की सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से जारी कर दी गई है। आशीष दुआ उनकी कर्तव्यनिष्ठता व पार्टी के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें महाराष्ट्र चुनाव में प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी थी। जिसमें अथक प्रयासों से कांग्रेस के प्रत्याशियों का अच्छा प्रदर्शन रहा था। अब यह नई जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। जिससे पार्टी में उनका कदम और बढ़ गया है।

## सीएम कप के लिए 12 अगस्त तक होंगी प्रतियोगिताएं

**गुरुग्राम।** खेल विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार सीएम कप प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा। संबंधित ब्लॉकों में 8 से 12 अगस्त के बीच यह आयोजन होगा। ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में 17 अगस्त को भाग लेने का मौका मिलेगा। खेल विभाग के उपनिदेशक गिर्राज सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर 8 अगस्त को गुरुग्राम, 9 अगस्त को फर्रूखनगर, 10 अगस्त को सोहना व 12 अगस्त को पटौदी ब्लॉक में प्रथम आने वाली टीमें 17 अगस्त को गुरुग्राम में जिला स्तरीय व 21 अगस्त को मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर व मंडल स्तर पर बास्केटबाल, फुटबाल व कब्बडी का आयोजन ताऊ देवीलाल स्टेडियम, वालीबाल व खो-खो का आयोजन नेहरू स्टेडियम व हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरहौल में किया जाएगा। ये प्रतियोगिताएं पुरूष व महिला दोनों की होगी। इस प्रतियोगिताओं के लिए जिन खिलाड़ियों द्वारा पूर्व में आनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया गया, वहीं टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में शामिल होने वाले खिलाड़ी का आधार कार्ड व फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

## इसी माह आयोजित किए जाएंगे डीएलएसए के शिविर

**गुरुग्राम।** जिला में आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा अगस्त माह में विभिन्न स्थानों पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। डीएलएसए के सचिव एवं सीजेएम रमेश चंद्र ने बताया कि कानूनी जागरुकता शिविरों का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। रमेश चंद्र ने बताया कि डीएलएसए की ओर से वर्ल्ड सीनियर सिटीजन के अवसर पर 8 अगस्त को सेक्टर 4 स्थित ओल्ड एज होम में सुबह 9 से 10 बजे, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को ताऊ देवीलाल स्टेडियम, महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए 23 अगस्त को आंगनवाड़ी केंद्र झाड़सा, असंगठित कामगारों के लिए भूतेश्वर मंदिर स्थित लेबर चौक पर 22 अगस्त को प्रात- 10 बजे से जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में एसिड अटैक के पीड़ितों को लीगल सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अगस्त को सदर बाजार में प्रात: 9 बजे से, नशीली दवाओं का दुरुपयोग और नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन विषय पर 28 अगस्त को गुरूग्राम रेलवे स्टेशन पर प्रात: 9 बजे जागरुकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# आखिर कब समझ आएगी बेजुबान गायों की पीड़ा!

## मिलेनियम सिटी में गंदगी खाने को मजबूर हैं गौवंश, अनदेखी के चलते समय पूर्व हो रही मौत

- दूध देना बंद करने के बाद लोग सड़कों पर छोड़ देते हैं गौ माता को
- सरकार गौशालाओं में गौवंश रखने के लिए बनाए सख्त नियम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


एवीएल सोसायटी के सामने द्वारका एक्सप्रेस-वे के बीच में खड़ी कई बेसहारा गाय।

हमारे देश में गायों को माता माना जाता है। उनकी पूजा की जाती है। उनकी पीठ पर हाथ फेरने मात्र से बीपी, शुगर की बीमारियां ठीक होने की बात कही जाती है। गाय में देवी-देवताओं का वास होने की बात कही जाती है। इसके बावजूद भी आज हजारों गाय इस सम्मान से वंचित सड़कों, गलियों में गंदगी खाने को मजबूर है। सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी उन्हें गौशालाओं में नहीं ले जाया जाता।

हरियाणा में पंजीकृत 670 गौशालाएं होने के बावजूद आज हजारों गौवंश सड़कों, गलियों में कूड़ा-कचरा खाने को मजबूर है। उन्हें चारा नहीं मिल पाता। कूड़ा-कचरा खाने के कारण बीमार हो रहे गौवंश की समय से पहले मौत भी हो रही मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की जिस सड़क पर देखो, वहां बेसहारा गांव विचरती नजर आती हैं। है। छोटी सड़कों से लेकर हाईवे पर गौवंश देखा जा सकता है। कोई प्लास्टिक की थैली खाती नजर आएगी तो कोई गंदगी में मुंह मारती नजर आएगी।

**भूखे पेट प्लास्टिक, गंदगी खाने को मजबूर हैं गाय:** कहने को तो लो धर्म-कर्म के लिए सड़कों के बीच डिवाइडर पर चारा भी डाल जाते हैं, लेकिन एक स्थान पर दर्जनों गौवंश होने के कारण उनका पेट नहीं भर पाता। हर जगह चारा भी गौवंश को नहीं मिल पाता। ऐसे में गाय गंदगी में मुंह मारकर ही पेट भरने को मजबूर है। हालांकि गंदगी खाकर शायद ही गायों का पेट भरता हो। गायों की दयनीय स्थिति की सेहत का अंदाजा उन्हें गंदगी खाते हुए देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। प्लास्टिक और गंदगी खाकर गायों की असमय मौत तक हो रही है। गायों को पालने वाले लोग जब तक गाय दूध देती है उनको सम्मान देते हैं। दूध देना बंद होने के साथ ही उनको सड़कों पर छोड़ देते हैं। एक के बाद एक गाय को छोड़े जाने के बाद अब मिलेनियम सिटी की सड़कों पर बेसहारा गायों की भरमार है। इन्हें संभालने वाला कोइ नहीं है। गौशाला संचालकों से भी यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे इन गायों को गौशाला में लेकर जाएंगे।

**द्वारका एक्सप्रेस-वे पर हादसों का हो सकती हैं शिकार:** द्वारका एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-36 के सामने दर्जनों गाय दिन-रात विचरती रहती हैं। आराम भी वहीं करती हैं। एक्सप्रेस-वे के बीच में ही अनेक गाय खड़ी, बैठी रहती हैं। कुछ लोग गाड़ियों से चलते-चलते ही एक्सप्रेस-वे पर खाने का सामान डाल जाते हैं, जिस कारण गाय उसे खाती हैं। उन गायों को एक्सप्रेस-वे से हटाने के लिए कोई प्रयास नहीं होते। एक्सप्रेस-वे पर द्वारका की तरफ से आने वाले वाहन काफी तेज गति में आते हैं। एक्सप्रेस-वे पर खड़ी इन गायों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सरकार, प्रशासन को चाहिए कि इन गायों को वहां से हटाकर गौशाला में पहुंचाए।

**सरकार ने की थी पहल, फिर भी गौवंश सड़कों पर:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गौवंश को सड़कों से उठाकर गौशालाओं में पहुंचाने का काम शुरू किया था। सरकार ने पंजीकृत गौशाला की जिम्मेदारी तय की थी कि वह इन पशुओं को अपनी गौशाला में रखेंगे। इस योजना को सिरे नहीं चढ़ाया जा सका। पूरे प्रदेश में 80 हजार बेसहारा गौवंश में से मात्र 25 हजार को ही गौशालाओं में पहुंचाया गया।

**अब सीएम सैनी ने बेसहारा गौवंश के लिए किया काम:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को बेसहारा गौवंश मुक्त बनाने के तहत बेसहारा गाय/बछड़ा/बछड़ी पकड़कर लाने के लिए गौशालाओं को बजट बढ़ाकर दिया है। गौवंश को गौशाला में लाने के लिए 600 रुपये प्रति गाय और 800 रुपये प्रति नन्दी की दर से तुरंत नगद भुगतान किया जाएगा। पकड़े गए बेसहारा पशुओं में से बछड़ा/बछड़ी के लिए 20 रुपये, गाय के लिए 30 रुपये तथा नन्दी के लिए 40 रुपये प्रतिदिन चारा के लिए अनुदान दिया जाएगा।

# झूठी शिकायतें दीं तो माहिलाओं पर भी होगी कार्रवाई: रेणु


महिलाओं के मामले में सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

- कहा- पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा रहा आयोग
- राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सुनीं उत्पीड़न की 14 शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर जनसुनवाई में जरूर आएं। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाएं अपनी शिकायत के संदर्भ में इस बात का विशेष ध्यान रखे कि अगर उनकी शिकायत झूठी व निराधार पाई गई तो उसके खिलाफ भी उतनी ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने बुधवार को गुरुग्राम में महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित विषयों की सुनवाई करते हुए यह बात कही। उनके समक्ष घरेलू हिंसा, दहेज व मानसिक उत्पीड़न से संबंधित 14 शिकायतें रखी गई, जिनमें से कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दोनों पक्षों की सहमति से समझौता भी कराया गया। बैठक के उपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए रेणु भाटिया ने बताया कि आज गुरुग्राम में उनके समक्ष 14 शिकायतें रखी गयी थी। जिसमें से तीन शिकायतें खारिज की गई है। दो शिकायतों की दोबारा सुनवाई की जाएगी।

# निरंतर समाज सेवा में लगे हैं बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


चार आठ मरला में आयोजित कार्यक्रम में बोधराज सीकरी का स्वागत करते लोग।

चार आठ मरला के कृष्ण मंदिर में प्रधान वासदेव ग्रोवर, मंत्री जय दयाल कुमार की अगुवाई में नुक्कड़ सभा का आयोजित किया गया। इसमें समाजसेवी बोधराज सीकरी को सम्मानित किया गया।

बुजुर्गों ने अपने-अपने आशीर्वचन दिये, जिनमें सी.बी. मनचंदा, बिशन दास चुटानी, मेघराज बुद्धिराजा, जी.एन. आहूजा, धर्मेन्द्र बजाज, अनिल कुमार, रमेश चुटानी, राम लाल ग्रोवर, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, रवि मनोचा, गजेन्द्र गोसाईं, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, रमेश कालरा, युधिष्ठिर अलमादी, द्वारिका नाथ मक्कड़, सतपाल नासा, दलीप लूथरा, रमेश मुंजाल, कमल शर्मा, अशोक आर्य मुख्य रूप से शामिल रहे। महिलाओं में ज्योत्सना बजाज, रचना बजाज, सिमरन बजाज समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

# मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियों का शुभारंभ

- झांकियां बनेंगी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र: राजेश भाटिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्किट नंबर 1, में जन्माष्टमी पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष में मंदिर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया तत्पश्चात जन्माष्टमी की तैयारियों के कार्य का विधिवत रुप से शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि केपी सिंह विशिष्ट अतिथि राकेश भाटिया, प्रधान राजेश भाटिया व सदस्यगणों द्वारा द्वारा बांस काट कर मुहूर्त किया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर 1 फरीदाबाद हर वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाता आ रहा है।

# पांच दिन में मिलेगी छात्रों को प्रोविजनल डिग्री

## विद्यार्थियों की मांग पर सरकार ने तय की चार सेवाओं की समय सीमा, एक सप्ताह में जारी होगा माइग्रेशन सर्टिफिकेट

● पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है इस पहल का मकसद

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत उच्च शिक्षा विभाग की चार सेवाओं की समय-सीमा अधिसूचित की है। इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाते हुए छात्रों और नागरिकों को आवश्यक शैक्षिक दस्तावेजों को शीघ्र उपलब्ध करवाना है।

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार इन सेवाओं में माइग्रेशन सर्टिफिकेट, प्रोविजनल डिग्री, विस्तृत अंक प्रमाण पत्र (डीएमसी) और ओरिजनल डिग्री शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार, माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने का काम विश्वविद्यालय के सहायक रजिस्ट्रार द्वारा सात दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। परीक्षा नियंत्रक पांच दिनों के भीतर प्रोविजनल डिग्री जारी करने की सेवा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

यदि किसी छात्र को परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर अपना विस्तृत अंक प्रमाण पत्र (डीएमसी) प्राप्त नहीं होता है तो परीक्षा नियंत्रक को दस दिनों के भीतर डीएमसी आवश्यक जारी करनी होगी। यदि परिणाम घोषित होने के 180 दिनों के भीतर छात्रों को मूल डिग्री प्राप्त नहीं होती है तो परीक्षा नियंत्रक द्वारा दस दिनों के भीतर डिग्री जारी करनी होगी। ऐसे मामलों में जहां शिकायतें उत्पन्न होंगी, रजिस्ट्रार प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और विश्वविद्यालय के कुलपति द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

# नूंह के पिनगवां में बनेगा अल्वी भवन

● समाज के प्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते अल्वी समाज के लोग।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह जिले के पिनगवां में अल्वी भवन के निर्माण की मंजूरी प्रदान की है। बुधवार को अल्वी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की।

राजा हसन खां मेवाती शहादत दिवस समारोह के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पिनगवां में अल्वी भवन की घोषणा की थी जिसे जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। ग्राम पंचायत पिगनवां ने अल्वी भवन के लिए जमीन का प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है। इसके लिए 50 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में भवन का शिलान्यास होगा, जिसके लिए आज अल्वी समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला और शिलान्यास करने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री ने तुरंत अपने अधिकारियों को नूंह दौरे के दौरान अल्वी भवन के शिलान्यास के कार्यक्रम को भी जोड़ने के निर्देश दिए। अल्वी भवन की घोषणा से अल्वी समाज के लोगों में खुशी की लहर है और लोगों का कहना है कि पहली बार किसी सरकार ने वंचित अल्वी समाज के बारे में यह काम किया है।

# राज्यसभा में एक और सांसद भेजेगी भाजपा

● दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा में जाने से खाली हुई है सीट

● हरियाणा में भाजपा के दावेदारों ने शुरू की लॉबिंग

● कांग्रेस व जजपा कर रहीं केवल बयानबाजी

**राज्यसभा चुनाव कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 14 अगस्त | अधिसूचना जारी होगी |
| 21 अगस्त | नामांकन की अंतिम तिथि |
| 22 अगस्त | नामांकन की जांच |
| 27 अगस्त | नाम वापसी की अंतिम तिथि |
| 03 सितंबर | मतदान की तिथि |
| 03 सितंबर | मतगणना |



सांसद दीपेंद्र हुड्डा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

चुनाव आयोग ने हरियाणा से खाली हुई राज्य सभा सीट पर बुधवार को चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। अब तक कांग्रेस के हिस्से में रही इस सीट से करीब दो साल के लिए, भाजपा अपना राज्य सभा सांसद सदन में भेजेगी। रिक्त हुई सीट का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक होगा। 90 विधायकों वाली हरियाणा विधानसभा में इस समय विधायकों की संख्या 87 है। जिनमें भाजपा के 41, कांग्रेस के 29, जननायक जनता पार्टी के दस, निर्दलीय पांच, हरियाणा लोकहित पार्टी व इनेलो का एक-एक विधायक शामिल है।

प्रदेश से इस समय सुभाष बराला, रामचंद्र जांगड़ा तथा कृष्ण लाल पंवार भाजपा से तो कार्तिकेय शर्मा निर्दलीय कोटे से भाजपा समर्थित राज्य सभा के सांसद हैं। इससे पहले कांग्रेस के कोटे से दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा से राज्य सभा के सांसद थे। दीपेंद्र हुड्डा के रोहतक से लोकसभा सांसद बनने के बाद रिक्त हुई सीट को निर्वाचन आयोग की तरफ से आज रिक्त घोषित कर दिया गया है। वर्तमान राजनीतिक आंकड़ों के हिसाब से यह सीट भाजपा के पास जाएगी। इस सीट पर भाजपा की तरफ से कैप्टन अभिमन्यु, कुलदीप बिश्नोई, रामबिलास शर्मा, किरण चौधरी समेत कई नेता प्रबल दावेदार हैं। भाजपा में जहां उक्त नेता लॉबिंग कर रहे हैं वहीं कार्यक्रम घोषित होने से पहले कांग्रेस तथा जननायक जनता पार्टी इस रिक्त हुई सीट के लिए गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल रह हैं। ऐसे में संभावना बहुत कम है कि विपक्ष की तरफ से इस सीट के लिए किसी को प्रत्याशी बनाया जाए। क्योंकि इस समय कांग्रेस तथा जजपा एकजुट नहीं है। जजपा के विधायक जहां बिखर चुके हैं वहीं कांग्रेस को राज्यसभा चुनाव के लिए भीतरीघात का डर होने के कारण दोनों दल जोखिम उठाने के मूड में नहीं है।

# भाजपा संगठन में हुआ बदलाव स्थगित

● महिला प्रकोष्ठ की सभी नई नियुक्तियां हुईं रद्द, पुरानी जिला अध्यक्ष बहाल

● किसी भी मोर्चे व मंडल में नहीं होगा कोई फेरबदल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के सभी मोर्चा, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं कि वह किसी प्रकार से भी संगठन में बदलाव नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद कई प्रत्याशियों द्वारा जिला अध्यक्षों तथा अन्य पार्टी पदाधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें दी गई थी।

इन शिकायतों के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने हाईकमान की स्वीकृति से करीब आधा दर्जन जिलों के अध्यक्ष बदल दिए। यह मामला शांत होने के बाद भाजपा महिला मोर्चा ने हालही में पांच जिलों की अध्यक्षों को बदल दिया था। यही नहीं कई जिला अध्यक्षों को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल कर दिया गया। जिसे लेकर विरोध शुरू हो गया। सूत्रों की मानें तो कई जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल होने को लेकर संतुष्ट नहीं थी। जिसके चलते उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री तथा प्रभारी के सामने यह मुद्दा उठाया। यही नहीं इस बीच पार्टी के विभिन्न मोर्चों व प्रकोष्ठों में पूर्व पदाधिकारियों को हटाकर नए पदाधिकारियों की तैनाती किए जाने पर भी विवाद हो गया।

बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने इस विवाद को खत्म करते हुए पार्टी के सभी प्रदेश मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, जिला व मंडल आदि में किसी प्रकार के संगठनात्मक बदलाव पर रोक लगा दी है। अब मोर्चा अध्यक्ष अपने स्तर पर किसी तरह का बदलाव नहीं कर सकेंगे।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया की तरफ से जारी पत्र में साफ किया गया है कि महिला मोर्चा द्वारा वर्तमान में की गई सभी घोषणाएं रद्द की जाती हैं और पूर्व की नियुक्तियां जारी रहेंगी। भाजपा अध्यक्ष के हवाले से यह पत्र जारी होने के बाद पार्टी में चल रहा अंदरूनी घमासान थमने के आसार हैं।

# विनेश फोगाट के परिजनों से मिले पंजाब के सीएम भगवंत मान

● विनेश कल भी एक स्टार थीं और आज भी हीरो हैं: अनुराग ढांडा

● महिला पहलवान पर पूरे देश को गर्व, सरकार को मजबूती से उसके साथ खड़ा होना चाहिए था: मान

सौरभ चौधरी। चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र



पंजाब के हरमन प्यारे मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा बुधवार को विनेश फोगाट के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर हौंसला अफजाई की।

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि हमें दुख है कि हमारी बेटी के सामने गोल्ड मेडल था, वो टेक्निकल वजहों से चूक गई। एक दिन में तीन दिग्गजों को हराकर उन्होंने फाइनल में जगह बनाई थी। डिफेंडिंग चैंपियन को ही उन्होंने पहले मुकाबले में शिकस्त दी थी। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक पदाधिकारियों को इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताना चाहिए था। उनकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत ने इस मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। ऐसा ही मामला हॉकी में भी हुआ, जहां सभी देशों में केवल भारत के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला। देश के प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई तो रुकवा दी, लेकिन खिलाड़ियों के साथ खड़े नहीं हुए। उन्होंने विनेश फोगाट के फाइनल में पहुंचने की बधाई तो दी नहीं, लेकिन अयोग्य करार होने पर ट्वीट कर दिया। इससे, उनकी गंभीरता का पता चलता है। उन्होंने कहा पहले तो हमारे खिलाड़ियों को न्याय के लिए जंतर मंतर पर बैठना पड़ा। जब उन्होंने न्याय की आवाज उठाई तो उन्हें इसके लिए धरना देना पड़ा। ये बीजेपी सरकार चाहती नहीं है कि आम घरों के युवा कहीं कामयाब हो सकें। बड़ी मेहनत और दुआओं के बाद ऐसा मौका आता है।

## देश की बेटी के साथ साजिश हुई: अनुराग

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि विनेश फोगाट कल भी एक स्टार थीं, आज भी एक स्टार हैं और कल भी वो देश के लोगों के लिए हीरो हैं। वे फाइनल मुकाबले में पहुंचने वाली देश की पहली महिला रेसलर बनीं। हम इस मुश्किल वक्त में फोगाट परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि उनके चाचा और कोच रहे महाबीर फोगाट ने बताया कि सौ ग्राम तो कुछ नहीं होता, बाल कटवा देने से भी ये वजन कम हो सकता था। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने मजबूती से अपना पक्ष नहीं रखा। देश का गौरव बढ़ाने वाली बेटी के साथ साजिश हुई है। आज पूरा देश इनके परिवार के साथ खड़ा है। मोदी जी ने न जंतर मंतर पर इन पहलवान बेटियों के साथ खड़े हुए और न ही ओलंपिक में इनके साथ खड़े दिख रहे हैं। उन्होंने इसका विरोध करने के लिए ओलंपिक का बहिष्कार करना चाहिए था। ये बीजेपी सरकार केवल बड़े बड़े दावे कर सकती है। हरियाणा की बेटियों रुकेंगी नहीं, इससे से ज्यादा मेहनत से मेडल भी जीतेंगी और देश का नाम रोशन भी करेंगी।

# विधायक ने देशभर से आए पहलवानों का बढ़ाया हौसला

● तिगांव में ऐतिहासिक दंगल शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज ऐतिहासिक दंगल की शुरुआत की और सभी भागीदारों को तीज की बधाई दी। इस दंगल का आयोजन 900 वर्ष से होता रहा है जिसमें देश भर से पहलवान भागीदारी करते हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर ने कहा कि वीरों के इस गांव तिगांव में इस ऐतिहासिक दंगल का बड़ा महत्व है जिसका आयोजन समस्त 84 पाल करती है। यह समाज की एकता अखंडता एवं भाईचारे का प्रतीक है। नागर ने बताया कि हरियाणा सरकार नगद पुरस्कार देने में देश में नंबर वन है। हमारे खिलाड़ी दुनिया में अपना और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों को अपनाने की अपील की।

नागर ने कहा कि खेलों में भागीदारी करने वाला व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखता है। ऐसा व्यक्ति समाज के प्रति भी ज्यादा संवेदनशील होता है। विधायक राजेश नागर ने दंगल का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया और उनके हाथ मिलवा कर प्रतियोगिता शुरू करवाई।

# पंजाब भी दे एमएसपी की गारंटी: वेद

● हरकोफैड के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री सैनी का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां

प्रदेश में 24 फसलों को एसएसपी पर खरीदने को लेकर हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर आभार जताया। वेद फुलां ने किसानों के हित में कल्याणकारी घोषणाओं को धरातल पर लागू करने को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि किसानों को भड़काने वाले पंजाब को भी किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदनी चाहिए।

वेद फुलां ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की किसानों के प्रति संवेदनशील है। सीएम की घोषणाओं से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों की आय और समृद्धता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने आबियाना कर माफ कर किसानों को बड़ी राहत दी है। वेद फुलां ने कहा कि पंजाब की सरकार ने भोले भाले किसानों को बरगलाने का काम किया है। भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने के उद्देश्य से नियम कानून लागू किए, लेकिन पंजाब सरकार ने स्वार्थ की राजनीतिक रोटियां सेकी और पंजाब के साथ साथ हरियाणा के किसानों को भी उकसाया तथा देश में अराजकता का माहौल पैदा किया। हरियाणा सरकार के किसान हितैषी ऐतिहासिक फैसलों को देखते हुए अब पंजाब सरकार को भी सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान और हरियाणा के किसानों की सुध लेने का सबसे पहला काम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की सौगात देकर किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है, जबकि भाजपा सभी वर्गों का समान रूप से विकास कर रही है। भाजपा 10 वर्षो से अन्नदाताओं को सही मायने में समृद्ध बनाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों के लिए जो बड़ी-बड़ी घोषणाएं की है वास्तव में यह एक क्रांतिकारी कदम है।

# भाईचारे के साथ-साथ परम्पराओं को जिंदा रखते हैं त्योहार: मदन

**कुरुक्षेत्र।** तीज पर्व से त्योंहारों की शुरुआत हो जाती है। अलग-अलग समय में अलग-अलग ढंग से मनाए जाने वाले त्योंहार आपसी भाईचारे के साथ-साथ परम्पराओं को जिंदा रखते हैं। आधुनिकता के कारण भारतीय त्योंहारों की झलक ग्रामीण अंचल में ज्यादा देखने को मिलती है। ऐसे में हरियाणा कला परिषद परम्पराओं को संजोते हुए युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के दर्शन कराने में अहम भूमिका निभा रहा है। ये शब्द 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने कहे।

# लांयस क्लब स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन बने अनिल

**फरीदाबाद।** लांयस क्लब इंटरनेशन मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन पंकज बिजल्वाण ने पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल अरोड़ा को स्वच्छ भारत मिशन का चेयरमैन नियुक्त किया है। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। अनिल अरोड़ा ने इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन जितेंद्र चौहान,काउन्सिल चैयरमैन लायन पंकज बिजलबान लायन टीपीएस खिल्लन और लायन एनके गुप्ता सभी का धन्यवाद किया।

**MODI RUBBER LIMITED**
CIN: L25199UP1971PLC003392
**Registered Office:** Modinagar - 201204; Dist. Ghaziabad, (U.P.)
**Corporate Office:** 4-7C, DDA Shopping Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025; Website: www.modirubberlimited.com
Email: investors@modigroup.net; Phone: +91-11-47107398

**NOTICE**

Pursuant to regulation 29 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that a 306th Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday on 14th day of August, 2024 at 03.30 PM at Corporate Office: 4-7/C, DDA Shopping Centre, 4th Floor, New Friends Colony, New Delhi-110025 to inter-alia approve the following:

(1) Un-Audited Standalone and Consolidated Financial Statements of the Company for the period ended on June 30, 2024.
(2) To fix the Date, Time and Venue for convening the 51st Annual General Meeting.
(3) To consider and approve Directors Report, Corporate Governance Report, Management Discussion Analysis Report and Secretarial Audit Report for the financial Year 2023-24.
(4) Review of Financial Statements of WOS/JVC and Associates Companies for the quarter ended 30th June, 2024.

For Modi Rubber Limited
Sd/-
(S K Bajpai)
Head - Legal & Co. Secretary
Place : New Delhi
Date : 02.08.2024

# पिता के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या

● आरोपी गिरफ्तार चरित्र पर संदेह के चलते दिया घटना को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पति व ससुर द्वारा महिला के चरित्र पर शक के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मंगलवार को इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले पति व ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को सेक्टर-7 में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्रवधू अमिता देवी (23) की हत्या कर दी गई। यह सूचना पाकर थाना न्यू कॉलोनी की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर मृतका अमिता देवी मृत अवस्था में बेड पर पड़ी थी। पुलिस की फिंगरप्रिंट, सीन-ऑफ-क्राइम की पुलिस टीमों तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम करण गोयल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

मृतक महिला के पिता ने पुलिस को एक लिखित शिकायत देकर कहा कि उसकी बेटी अमिता की शादी वर्ष 2017 में मुकुल के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही मुकुल के परिजन उनकी लड़की को परेशान करते थे। मंगलवार को मुकुल के पिता ने उनके पास फोन करके बताया कि उन्होंने उनकी बेटी की हत्या कर दी है। इस घटना में न्यू कालोनी थाना में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने इस हत्याकांड में सेक्टर-7 निवासी आरोपी ससुर देवेंद्र तथा पति मुकुल को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अमिता के चरित्र पर संदेह रखते हुए पहले अमिता के साथ मारपीट की थी। फिर उसके पैर बांध दिए और मुंह ढक दिया। उसके बाद चुन्नी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

# धूमधाम से मना हरियाली तीज कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाली तीज के अवसर पर जनसेवा ट्रस्ट द्वारा कम्यूनिटी सैन्टर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ नेता राव रामकुमार व पवन यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर बल्लभगढ़, सैक्टर-2, सैक्टर-3 सहित अन्य कालोनियों की सैकड़ों महिलाएं पहुंची।

इस मौके पर महिला हरे रंग के परिधान पहनाकर कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान हरियाली तीज पर लोकगीत, मेहंदी व श्रृंगार कार्यक्रम आयोजित किए गए। पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने जमकर आयोजन का आनंद उठाया। साथी महिला संबंधी कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस अवसर पर मातृ शक्ति एवं महिला शक्ति को सम्बोधित करते हुए पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ नेता राव रामकुमार ने कहा कि हरियाली पर्व भगवान शिव व मां पार्वती को समर्पित पर्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था। हरियाली तीज का व्रत करने से विवाहित महिलाओं को सुख सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं कन्याओं को सुयोग्य वर की प्राप्ती होती है।

**पब्लिक नोटिस**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार दीपिका दत्ता, फ्लैट नंबर 19 एजीएफ, पाकेट-बी,सेक्टर-26 द्वारका, नई दिल्ली की मालिक हैं और दीपिका दत्ता तथा दीपिका दत्ता के पास 1. आवंटन पत्र डीडीए द्वारा श्री मती जोनी के पक्ष में का ओरिजिनल नहीं है,तथा,यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री,बंधक आदि सिवाय दीपिका दत्ता के बीच,मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखेन. पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे.तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे
एडरेंम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.७६०,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-१०,द्वारका,नई देल्ही.-७५.
मोबाइल : ९८९९०१३९१८

**PUBLIC NOTICE**
"It is to inform to the public at large that Mr. Yeshveer Singh has acquired Residential Flat no.402, Second Floor, L.I.G area 550 sq. fts., built on Plot No. 685, at Shalimar Garden Extn.1, Sahibabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P vide Sale Deed dt. 25.11.1999 executed by M/s. J.P Associates after that Mr. Yeshveer Singh died intestate leaving behind Mrs. Krishna Devi, Mr. Surmesh Singh and Ms. Sweta as his only legal heir's and Mrs. Krishna Devi, Mr. Surmesh Singh and Ms. Sweta are the undisputed owner of the said property.
OR
Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
Ajay Kumar Giri (Advocate) "H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi 110024"

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
सैक्टर-7 शाखा फरीदाबाद
(नियम – 8 (1)) परिशिष्ट-।
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)
जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (द्वितीय) अधिनियम 2002 (2002 का एक्ट 54) के प्रवर्तन के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सैक्टर-7, फरीदाबाद शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियो के अंतर्गत उधारकर्ता **श्री बिक्रम सिंह और श्रीमती उषा सिंह को एक मांग सूचना दिनांक 04.06.2024 को जारी किया था जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि रू 2,78,598.36 (रू. दो लाख अड़हत्तर हजार पाँच सौ अट्ठान्वे और पैसे छत्तीस मात्र) + ब्याज इत्यादि सहित** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये है इसलिये एतद्वारा उधारकर्ता और गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सुरक्षा हित प्रवर्तन के नियम 8 साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग मे नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **06.08.2024** को ले लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सैक्टर-7, फरीदाबाद के प्रभार वास्ते राशि **रू 2,78,598.36** और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की और आकर्षित किया जाता है।
**अचल संपत्ति का विवरण**
सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. एमसीएफ 38, गली नं. 02, नवलू कॉलोनी बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, क्षेत्रफल 105 वर्ग गज, यह सम्पत्ति बिरम सिंह के नाम पर है। चौहदीः
उत्तर में – मकान नं. एमसीएफ-37 / मास्टर किशोर लाल और फिर ताज रेजीडेंसी,
दक्षिण में – मकान नं. एमसीएफ-38 / श्री महावीर वर्मा
पूरब में – रास्ता
पश्चिम में – अन्य का मकान (प्लॉट नं. 126, 127)
दिनांकः 06.08.2024, प्राधिकृत अधिकारी,
स्थानः फरीदाबाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

# ट्रेन से गिरकर जवान की मौत, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

● विजय रावत को बसपा नेता सुरेंद्र वशिष्ठ ने भी दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



सोमवार रात होडल बंचारी के बीच ट्रेन से गिरकर भारतीय थल सेना के 32 वर्षीय जवान विजय रावत की मृत्यु हो गई थी। विजय रावत पृथला विधानसभा के गांव प्याला के रहने वाले थे। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके गांव प्याला लाया गया। इस मौके पर भारतीय थल सेना के जवानों सहित पृथला विधानसभा के सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से सेना के जवान विजय रावत को अंतिम विदाई दी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे हल्के में शोक की लहर है। इस मौके पर पृथला विधानसभा बसपा के मुख्य प्रभारी सुरेंद्र वशिष्ठ ने विजय रावत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व परिवार और सेना के जवानों के साथ विजय रावत को अंतिम विदाई दी।

इस मौके पर सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि भाई विजय रावत के पिता व भाई भी सेना में देश को सेवा दे चुके हैं। भाई विजय रावत का असमय हमारे बीच से चले जाना बहुत ही हृदय विदारक घटना है। मैं परम पिता परमात्मा से विनती करता हूं कि भाई विजय रावत की आत्मा को पूर्ण शांति मिले, परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। भाई विजय रावत के परिवार के प्रति मेरी आत्मीय संवेदना है। आपको बता दे शहीद विजय रावत भारतीय थल सेना में लांस नायक के पद पर कार्यरत थे और उनकी ड्यूटी झांसी के बबीना में चल रही थी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sagar Kaushal, S/o Sh. Arun Kumar R/o 3254, Sector-A, Pocket B and C, Vasant Kunj, New Delhi-110070, I have changed my name from Sagar Arun Kumar Kaushal to Sagar Kaushal. Henceforth both name Sagar Arun Kumar Kaushal and Sagar Kaushal are same person.

PD(661)C

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 अगस्त, 2024



## बांग्लादेश में विद्रोह

### शेख हसीना का इस्तीफा

**बांग्लादेश में विद्रोह** के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और वे भारत आ गईं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना 'दीवाल की लिखावट' नहीं पढ़ पाईं। जनता उनके खिलाफ हो गई थी। उनके सामने इस्तीफा देने और मित्र देश भारत भाग आने के सिवा कोई और रास्ता नहीं था। पिछले कुछ महीनों से विरोध प्रदर्शनों ने बांग्लादेश को पंगु बना दिया था। शुरुआती चिनगारी छात्रों की इस मांग से लगी कि स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों को मिल रहा आरक्षण समाप्त किया जाए जो बाद में राजनीतिक सुधारों और हसीना के इस्तीफे की मांग में बदल गई। प्रदर्शनकारियों व सुरक्षा बलों के बीच हिंसक टकरावों में 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद यह अशांति अपने शिखर पर पहुंच गई। आखिरकार प्रदर्शनकारियों ने हसीना के आधिकारिक आवास पर हमला बोल दिया। शेख हसीना का राजनीतिक कॅरियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। वे बांग्लादेश के संस्थापक तथा पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। हसीना की राजनीतिक यात्रा 1975 में उनके पिता तथा परिवार के अधिकांश सदस्यों की हत्या के बाद शुरू हुई। बाद में बांग्लादेश के सैनिक शासनों के दौरान वे भारत में निर्वासित रहीं। हसीना को 1981 में अवामी लीग का अध्यक्ष चुनाव गया और इसके बाद वे बांग्लादेश चली गईं। उन्होंने अवामी लीग को पुनर्जीवित कर इसे महत्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति बनाने में सफलता पाई। अवामी लीग के आम चुनाव में विजय पाने के बाद शेख हसीना 1996 में प्रधानमंत्री बनीं। भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता के आरोपों के कारण उनकी पार्टी को 2001 में पराजय का सामना करना पड़ा। लेकिन



2008 के चुनाव में अवामी लीग की असाधारण विजय के बाद वे 2009 में सत्ता में वापस आईं। इसके बाद 2009-2024 तक के उनके प्रधानमंत्री कार्यकालों में काफी आर्थिक प्रगति हुई, पर स्वेच्छाचारी कार्यशैली के कारण अंततः उनका पतन हुआ। अपने कार्यकाल में उन्होंने सत्ता अपने हाथों में केन्द्रित करने के प्रयास किए जिससे उन पर 'तानाशाही' तथा 'विरोध को कुचलने' के आरोप लगे। लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि उनके नेतृत्व में बांग्लादेश ने गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तीकरण तथा प्रमुख विकास लक्ष्य पाने में उल्लेखनीय सफला प्राप्त की। 15 साल के लंबे शासनकाल के बाद वे संभवतः जमीनी यथार्थ से कट गई थीं। उन्होंने प्रदर्शन करने वाले लोगों को गद्दार कहा, कर्फ्यू लगाया तथा उन पर गोली चलाने के आदेश दिए। यह भयंकर गलती थी जिसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ा। उनके पतन से नई दिल्ली चिन्तित है। भारत को अब बंगाल की खाड़ी में विपरीत राजनयिक माहौल का सामना करना पड़ेगा। हसीना सरकार के विकल्पों में दक्षिणपंथी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी, जातीय पार्टी और सेना है। ये सभी भारत को एक प्रभुत्वकारी शक्ति मानते हैं और उसे किनारे रखना चाहेंगे। बांग्लादेश में अस्थिरता खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत की सुरक्षा चिन्ता बढ़ाने वाली है। शेख हसीना की विदाई ने राजनीतिक परिस्थितियां व्यापक रूप से बदली हैं। हसीना के स्थान पर चाहे जो आए, भारत-बांग्लादेश संबंध प्रभावित हो सकते हैं। बांग्लादेश अब चीन के निकट जा सकता है। ऐसे में नई दिल्ली को अंतरिम सरकार से बेहतर संबंध बनाते हुए बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी, जातीय पार्टी तथा सेना के जनरलों से अच्छे संबंध बनाने होंगे। बांग्लादेश में नए चुनाव होने तक वहां अस्थिरता बने रहने तथा विभिन्न पक्षों के बीच संघर्ष तेज होने की संभावना है।

# उर्वरकों पर टैक्स का तार्किकीकरण

**कई बार चर्चा और संस्तुतियों के बावजूद टैक्स दरें निर्धारित करने की जिम्मेदार जीएसटी परिषद अभी करों में विसंगतियां दूर करने में सफल नहीं हुई है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पांच साल से अधिक समय बीतने के बाद आज भी उर्वरक उद्योग 'इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर' का सामना कर रहा है। इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर का अर्थ ऐसी स्थिति से है जहां कच्चे माल-आरएम पर तैयार उत्पाद की तुलना में ज्यादा टैक्स लगता है जिनका उत्पादन में प्रयोग होता है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई, 2024 को प्रस्तुत बजट में इस मुद्दे को संबोधित नहीं किया गया है। उर्वरकों तथा उनके उत्पादन में प्रयोग होने वाले आरएम पर मुख्यतः वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स लगता है। केन्द्रीय वित्त मंत्री के नेतृत्व वाली जीएसटी परिषद में सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं। इसका काम टैक्स की दरें निर्धारित करने के साथ पंजीकरण प्रक्रिया, करों के भुगतान, जीएसटी रिटर्न फाइलिंग व अन्य संबंधित मामलों संबंधी निर्णय करना होता है। इसलिए कर लगाने संबंधी विकृतियों को दूर करने की जिम्मेदारी भी जीएसटी परिषद पर होती है।

इस मुद्दे पर चर्चा जीएसटी परिषद की 2021 सितंबर में आयोजित 45वीं तथा जून, 2022 में आयोजित 47वीं बैठक में की गई, पर इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। इस बीच 9 अगस्त, 2023 को रसायन एवं उर्वरकों पर स्थाई समिति ने संस्तुति की कि केन्द्र सरकार जीएसटी परिषद को उर्वरकों तथा इनके उत्पादन में प्रयोग होने वाले आरएम पर टैक्स की दरें घटाने का प्रस्ताव करे। 22 जून, 2024 को आयोजित 53वीं बैठक में परिषद ने यह मामला दरों के तार्किकीकरण पर निर्णय करने के लिए मंत्रियों के समूह-जीओएम के पास भेज दिया ताकि उर्वरकों पर टैक्स लगाने को तार्किक बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा सके। ऐसे में सबसे पहले हमें उर्वरकों पर टैक्स के वर्तमान ढांचे पर गौर करना चाहिए।

किसानों को सस्ते उर्वरक दिलाने के लिए सरकार उनके अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी को कम स्तर पर रखती है जिसका उत्पादन और वितरण की लागत से कोई संबंध नहीं है। वह निर्माताओं को एमआरपी से अधिक खर्च की प्रतिपूर्ति करती है। यूरिया के मामले में एमआरपी लागत का लगभग दसवां हिस्सा है, जबकि बाकी उर्वरकों के मामले में कीमत लगभग एक तिहाई है। जब सरकार बजट से भारी धनराशि उर्वरको को सस्ती कीमत पर किसानों को देने के लिए खर्च करती है तो उन पर टैक्स लगाने का कोई अर्थ नहीं है। इसके कारण लागत में हुई वृद्धि के लिए सरकार निर्माताओं को अतिरिक्त प्रतिपूर्ति करती है। यह 'एक हाथ से लेने और दूसरे हाथ से देने' की तरह है। उर्वरक सप्लाई श्रृंखला के दो मुख्य आयामों पर टैक्स दो अलग व्यवस्थाओं के अंतर्गत आता है जिसमें से एक जीएसटी व्यवस्था और दूसरी पूर्व-जीएसटी व्यवस्था में आती है। यूरिया, डाई अमोनियम फास्फेट-डीएपी, अमोनियम सल्फेट, आदि तैयार उर्वरकों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगती है।

इनमें अधिकांश आरएम सल्फ्यूरिक एसिड, अमोनिया, फास्फोरिक एसिड, आदि भी जीएसटी में आते हैं। जहां सल्फ्यूरिक एसिड और अमोनिया पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है, वहीं फास्फोरिक एसिड पर 12 प्रतिशत कर लगता है। लेकिन घरेलू यूरिया के लगभग सारे उत्पादन में प्रयोग होने वाली प्राकृतिक गैस-एनजी पर पूर्व-जीएसअी व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स लगता है। उर्वरक-उत्पादन प्रक्रिया में प्रयोग होने वाली बिजली को भी जीएसटी के बाहर रखा गया है।

जीएसटी एक अकेला राष्ट्रव्यापी टैक्स है जिसमें निवेशों के भुगतान हेतु सेटआफ टैक्स की व्यवस्था है। इसने पूर्व-जीएसटी युग के एक दर्जन से अधिक टैक्सों को अपने भीतर समाहित किया है जिनमें केन्द्रीय एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी, सेवा कर तथा बिक्री कर-वैल्यू एडेड टैक्स-वैट शामिल हैं। जीएसटी पर संविधान संशोधन कानून, 2016 में जहां एनजी को शामिल किया गया है, वहीं इसे 'ज़ीरो रेटेड' रखा गया है। इसका अर्थ है कि यह पूर्व-जीएसटी व्यवस्था में बनी रहेगी। हालांकि, जीएसटी परिषद ने कई बार एनजी पर कर तय करने का एजेंडा अपनी बैठकों में रखा, पर इस पर निर्णय हमेशा टाल दिया गया।

पूर्व में निर्धारित की गई जीएसटी व्यवस्था में टैक्स के कारण एनजी और बिजली की कीमतें बढ़ती हैं। इस प्रकार आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी व आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल जैसी तेल कंपनियां जीएसटी दायरे से बाहर हैं ओर वे निवेशों, कंज्यूमेबल व उपकरणों की खरीद पर भुगतान किए टैक्स पर क्रेडिट का दावा नहीं कर सकती हैं। इस कारण इनकी कीमतें बढ़ती हैं। हालांकि, उर्वरक प्लांटों को सप्लाई की जाने वाली एनजी पर सीईडी नहीं लगता है, पर वैट के कारण इसकी कीमत बढ़ती है जो आंध्र प्रदेश में 24.5 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। इस पर अन्य स्थानीय करों, जैसे गुजरात के 'खरीद टैक्स' के कारण राज्य के बाहर बिक्री होने वाली यूरिया बनाने में प्रयोग होने वाले निवेश का खर्च बढ़ जाता है। बिजली के मामले में बिजली कंपनियों को निवेशों पर भुगतान किए टैक्स का क्रेडिट नहीं मिलता है जिनमें उपकरण, भंडार, आदि शामिल हैं जिनका प्रयोग बिजली के उत्पादन व वितरण में होता है। इससे कीमत बढ़ती है।

संविधान के प्राविधान 53 के अंतर्गत सातवीं अनुसूची की राज्य सूची राज्यों को बिजली की बिक्री और उपभोग पर टैक्स लगाने का अधिकार देती है। इसका अपवाद केन्द्र सरकार या रेलवे द्वारा प्रयोग की जाने वाली बिजली है। बिजली ड्यूटी के लिए भी बिजली कंपनियों को कोई आफसेट नहीं मिलता है जिससे उर्वरक प्लांटों को सप्लाई की जाने वाली बिजली की लागत और बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में जहां सामग्री जीएसटी के अंतर्गत आती है और लागत नहीं बढ़ती है, वहां भी इन्वर्टेड टैक्स ढांचा नकारात्मक प्रभाव डालता है। अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड, फास्फोरिक एसिड आदि पर लगने वाली उच्च जीएसटी तैयार उर्वरकों पर लगने वाली कम जीएसटी से काफी अधिक है। इसका नतीजा 'अनुप्रयुक्त' इन्पुट टैक्स क्रेडिट-आईटीसी के रूप में सामने आता है क्योंकि आउटपुट टैक्स इन्पुट टैक्स से कम होता है। सरकार द्वारा उर्वरकों का एमआरपी बहुत कम स्तर पर रखे जाने के कारण यह स्थिति लगातार खराब हो रही है। इस तथ्य को देखते हुए कि किसानों को उपलब्ध उर्वरक की कीमतें उनके द्वारा भुगतान की जाने वाली कीमतों की तुलना में बहुत अधिक होती हैं, ऐसे में आदर्श रूप से उसे ऐसी लेवी में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर टैक्स नहीं लगाना चाहिए क्योंकि इसके लिए उसे अतिरिक्त सब्सिडी की प्रतिपूर्ति करनी पड़ती है। यदि वह लेवी लगाना चाहती है तो आदर्श रूप से सप्लाई श्रृंखला की सभी चीजें जीएसटी के अंतर्गत लाई जानी चाहिए। इसके साथ ही उर्वरकों तथा सभी निवेशों और आरएम को न्यूनतम 5 प्रतिशत के टैक्स स्लैब में रखा जाना चाहिए।

चूंकि उर्वरकों पर टैक्स की दर पहले से 5 प्रतिशत है, इसलिए आरएम पर टैक्स की दरें घटा कर 18-12 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत करनी चाहिए। जिंक, बोरान, मैंगनीज़, आयरन, आदि लघु पोषकों पर टैक्स को भी 12-18 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इसकी संस्तुति स्थाई समिति ने की है। ये लघु पोषक पौधों की वृद्धि तथा संतुलित पोषण प्रयोग के लिए जरूरी हैं। इसी प्रकार एनजी और बिजली को जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत ला कर इन पर पांच प्रतिशत टैक्स लगाना चाहिए। लेकिन केवल आरएम पर टैक्स घटाने से अनुप्रयुक्त आईटीसी की समस्या हल नहीं होगी। इसका समाधान केवल तभी हो सकता है जब सरकार किसानों को सीधे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के अंतर्गत सब्सिडी दे और उर्वरक निर्माताओं को किसानों से पूरी कीमत वसूलने की अनुमति दे।

यूरिया के मामले में हमने देखा है कि एमआरपी को बहुत कम रखने पर इसका दुरुपयोग बढ़ जाता है तथा वह खेती के बजाय अन्य कामों में प्रयोग होने लगती है। उत्पाद के अंतिम प्रयोग पर आधारित मूल्य व्यवस्था तथा उनके उत्पादन में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर अलग-अलग टैक्स लगाने वाली व्यवस्था में करापवंचन व दुरुपयोग अवश्यंभावी हो जाता है। इससे बचने तथा किसानों को सस्ते उर्वरक दिलाने का एकमात्र रास्ता

# कष्टों को दूर करने का उपाय है स्वीकारोक्ति

**"जब हम वास्तविकता को स्वीकार करते हैं, तो हमारा आक्रोश कम हो जाता है और दर्द भी काफी हद तक कम हो जाता है।"**

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



अगर आप किसी से पूछें कि दुख क्या है? तो वे बस यही कहेंगे कि यह हमारे जीवन में होने वाली नकारात्मक घटनाओं के कारण होता है या उनका परिणाम होता है। हालांकि, ऐसा नहीं है, क्योंकि वास्तविक अर्थों में, दुख कभी भी वह नहीं होता जो होता है, यह वह होता है जो आपके जीवन में होने वाली घटनाओं के बारे में आप महसूस करते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि दुख एक भावना है और हमारी सबसे मजबूत भावनाएं हमारी भावनाओं के अलावा और कुछ नहीं हैं, और जब भावनाएँ नकारात्मक हो जाती हैं, तो वे दर्द देती हैं। तो, सरल शब्दों में, दुख हमारी नकारात्मक भावनाओं और हमारे दर्द के प्रति हमारा प्रतिरोध है। यह हमारे दर्द के बारे में दर्द है। इसलिए, हमें इस तथ्य को समझना चाहिए कि दुख हमारी भावनाओं का परिणाम है न कि हमारे जीवन की घटनाओं का।

हम सभी अपने दैनिक जीवन में दर्द का अनुभव करते हैं क्योंकि यह अपरिहार्य है और यह मानव होने का एक हिस्सा है। हालाँकि, हममें से कितने लोगों ने जीवन के इस दार्शनिक प्रश्न पर विचार किया है - हमें दर्द क्यों होता है? या हमारी नकारात्मक भावनाओं का कारण क्या है? हमारा दर्द किसी प्रियजन को खोने, अपनी नौकरी खोने, किसी बुरे ब्रेकअप, किसी जानलेवा दुर्घटना या किसी अन्य तरह के आघात या स्थिति से गुज़रने से हो सकता है।

हालांकि, जब हम वास्तविकता का सामना करने या उसे स्वीकार करने से छिपते हैं, तो हम पीड़ा पैदा करते हैं। इसलिए, यह स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए कि हम अपने जीवन में अच्छे और बुरे के एकमात्र निर्माता हैं और इसलिए दूसरों को दोष देना व्यर्थ है - यह उचित



नहीं है, मेरे साथ ऐसा क्यों हुआ? कम से कम मेरे साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था या मैं इसे और सहन नहीं कर सकता! आदि। हममें से अधिकांश लोगों में अपने भीतर गहरे में अनुभव किए जाने वाले दर्द से लड़ने की गहरी प्रवृत्ति होती है, हालांकि, ज़्यादातर मामलों में इसका उल्टा असर होता है और हम दुगने दर्द का अनुभव करते हैं। इसके पीछे का कारण हमारी प्रवृत्ति है कि हम अपने दर्द को टालते हैं और, कुछ मामलों में, उसे छिपाते हैं या दिखावा करते हैं कि यह मौजूद नहीं है। हम अपने अंदर गहरे में अपने दुख के बारे में सोचते रहते हैं, लेकिन इसे खुले तौर पर स्वीकार करने की हमारी ज़िद के कारण इसके बारे में कुछ नहीं करते। एक समझदार व्यक्ति वास्तविकता को स्वीकार करेगा और मन पर बोझ डालने के बजाय हल्का हो जाएगा क्योंकि स्वीकार करने का मतलब है कि आप अपनी वास्तविकता को नकारने की कोशिश करना बंद कर देते हैं और आप इसे स्वीकार करते हैं क्योंकि कभी-कभी दर्दनाक भावनाओं को स्वीकार करने से हमारा दुख कम हो सकता है क्योंकि हम अब उनसे भाग नहीं रहे हैं या उन्हें दूर नहीं कर रहे हैं। हालाँकि इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी स्थिति को स्वीकार करते हैं या आप इसे बदलना नहीं चाहते हैं, यह सब हमारे दुख को कम करने के बारे में है, इसलिए यदि आपको किसी ने चोट पहुंचाई है।

तो यह स्वीकार करना सबसे अच्छा है कि हां आपको चोट लगी थी और फिर अपने जीवन के साथ आगे बढ़ें बजाय इसके कि क्यों, कैसे, क्या... याद रखें! माफ़ करना या न करना हर किसी का विशेषाधिकार है, लेकिन जीवन में आगे बढ़ने के लिए स्वीकार करना ज़रूरी है वरना हम व्यर्थ विचारों के दलदल में फंस जाएंगे।

एक बार जब हम वास्तविकता को स्वीकार कर लेते हैं, तो हमारा गुस्सा कम हो जाता है और दर्दनाक स्थिति हम पर अपनी शक्ति खो देती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भावनात्मक दर्द हमारे सभी जीवन का एक आंतरिक हिस्सा है, हालाँकि, जब हम वास्तविकता को स्वीकार नहीं करते हैं तो हम अनावश्यक पीड़ा पैदा करते हैं। जब हम स्वीकृति का अभ्यास करते हैं, तो हम खुद को आगे बढ़ने देते हैं, हम स्वतंत्रता के द्वार खोलते हैं और हम अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाते हैं।

हममें से अधिकांश लोगों को वास्तविकता को स्वीकार करना कठिन लग सकता है और फिर भी समय और परिस्थितियों के बदलने का इंतज़ार करना पसंद करते हैं, हालांकि ऐसा करते समय, हम भूल जाते हैं कि समय सब कुछ ठीक नहीं करता, लेकिन स्वीकृति सब कुछ ठीक कर देगी।

## आप की बात

### चिन्ताजनक स्थिति

**बांग्लादेश** में वर्तमान हालात बेहद चिंताजनक है। हिंदुओं के मंदिरों में आगजनी और हिंदुओ पर जानलेवा हमले कानून व्यवस्था की व्यापक हत्या जैसे लगते है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी। हिंसा की आग में जलते बांग्लादेश की लपटें अन्य देशों को भी सोचने पर विवश कर रही। भारत की नजर इन हालातों पर अनवरत बनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सदन में कहा कि बांग्लादेश में कई संगठन हिंदुओं की सहायता कर रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे संगठनों का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन यह कहना कठिन है कि बांग्लादेश के समझदार व पंथनिपरेक्ष नागरिक कब तक हिंदुओं की रक्षा कर सकेंगे। बांग्लादेश में यदि स्थिति जल्दी नहीं सुधरी और वहां बिजनेस व कामकाज बंद रहे तो देश से हिंदुओं के साथ अन्य गरीब लोगों का पलायन भी भारत को हो सकता है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार तथा सेना को अविलंब स्थिति सामान्य करने तथा हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करने के प्रयास करने चाहिए। भारत सरकार को भी राजनयिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए नई सरकार से सीधे संपर्क स्थापित कर दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग को यथासंभव व जल्दी से जल्दी पुरानी स्थिति में लाने का प्रयास करना होगा।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### लव जिहाद का विरोध

**उत्तर प्रदेश** के बाद अब असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा ने भी घोषणा की है कि उनकी सरकार भी अब शीघ्र ही यूपी सरकार की तरह लव जिहाद के मामलों में आजीवन कारावास का कानून लाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बाबत विधानसभा में विधेयक लाकर कानून बनाया जाएगा। असम सरकार के इस निर्णय की सराहना करनी चाहिए। हमारे देश में आज लव जिहाद के केस काफी अधिक बढ़ रहे हैं अतः इन पर रोक लगाने के लिए आज यूपी एवं असम सरकार के साथ ही सभी राज्यों को ऐसे कानून बनाने और उन पर कठोरता से अमल करने की जरूरत है। कोई भी प्यार करने वालों के खिलाफ नहीं है परंतु अपनी पहचान छिपा कर हिंदू लड़कियों को धर्मान्तरण के उद्देश्य से धोखा देना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है। ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सचेतन रूप से सोच समझ कर अंतर-धार्मिक विवाह करने वालों को भी किसी धर्म की परंपरा के बजाय विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत ही विवाह करना चाहिए जो महिलाओं को किसी पर्सनल कानून की तुलना में बेहतर सुरक्षा देता है तथा जिसे अदालतों द्वारा लागू करवाना तुलनात्मक रूप से बहुत आसान है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### मुहम्मद यूनुस को कमान

**बांग्लादेश** के सेना प्रमुख वकार उज़ जमान शायद खुलकर सामने नहीं आना चाहते हैं। इसी लिए छात्र नेताओं के अनुरोध पर मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है। मुहम्मद यूनुस एक बांग्लादेशी सामाजिक उद्यमी, बैंकर, अर्थशास्त्री और नागरिक समाज के नेता हैं। 84 वर्षीय मुहम्मद यूनुस को बांग्लादेश ग्रामीण बैंक की स्थापना और माइक्रोक्रेडिट व माइक्रोफाइनेंस अवधारणाओं को आगे बढ़ाने के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बिना कोई संपत्ति बंधक रखे या गारंटी के बांग्लादेश के आम ग्रामीणों व सबसे गरीब लोगों को ऋण उपलब्ध कराकर उन्होंने पूरी दुनिया की बैंकिंग व्यवस्था को चौंका दिया था। हालांकि, उन पर हसीना सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और जेल की लंबी सजा से बचने के लिए मुहम्मद यूनुस विदेश चले गए थे। मुहम्मद यूनुस जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले व्यक्ति को अंतरिम सरकार की कमान सौंप कर बांग्लादेश दुनिया में अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर सकता है। देखना होगा कि उनको काम करने का कितना मौका मिलता है और वे बांग्लादेश में सामान्य स्थिति बहाल करने में कहां तक सफल होते हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### खुफिया तंत्र की विफलता

**बांग्लादेश** में आरक्षण को लेकर चले छात्र आंदोलन में हिंसा और अंततः सेना द्वारा शेख हसीना का तख्ता पलटना एक प्रकार से खुफिया तंत्र की विफलता है। यह कोई अचानक होनेवाली घटना नहीं है। ऐसा लगता है कि विदेशी शक्तियों के जरिए बांग्लादेश की सेना के माध्यम से विद्रोह का षड्यंत्र रचा गया था। बांग्लादेश-भारत की निकटता चीन ओर पाकिस्तान को खल रही थी। इन देशों ने चालाकी से दशकों से जारी आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन के नाम पर सुनियोजित षडयंत्र किया। इसमें शेख हसीना की सरकारी गुप्तचर सेवा के साथ भारत की राजनयिक विफलता भी सामने आई है। क्या भारत सरकार का विदेश खुफिया विभाग समय रहते देश की सबसे निकट मित्र सरकार के खिलाफ षडयंत्र का समय रहत पता नहीं लगा पाया? हालांकि, शेख हसीना को अपने पिता की तरह जान नहीं गंवानी पड़ी, लेकिन बंग बंधु मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़ती भीड़ एक प्रकार से अवामी लीग की राजनीतिक विफलता का प्रतीक बन गई है। भारत को अब और अधिक सजग रहना और ताकतवर बनना होगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# पड़ोस जल रहा, हिंदुओं को चुन-चुनकर बनाया जा रहा निशानाः योगी

## ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की मूर्ति के अनावरण में बांग्लादेश की घटना पर सीएम हुए मुखर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**आज** दुनिया की तस्वीर हम सभी देख रहे हैं। भारत का आस-पड़ोस जल रहा है, मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। तब भी हम इतिहास के तथ्यों को ढूंढने का प्रयास नहीं कर रहे कि वहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्यों पैदा हुई है। जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर एकजुट होकर कार्य करने और लड़ने की आवश्यकता है। राम मंदिर का निर्माण मंजिल नहीं, पड़ाव है। इसे आगे भी निरंतरता देनी है। सनातन धर्म की मजबूती इन अभियानों को नई गति देती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। उन्होंने बुधवार को दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम



● कहा, जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी लगता है ग्रहण

जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। सीएम ने यहां पूजन-अर्चन व पौधरोपण भी किया। इसके पश्चात सीएम ने साधु-संतों संग भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त पूज्य ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास का पूरा जीवन रामजन्मभूमि के लिए समर्पित रहा। उन्होंने इस आंदोलन को जीवन का मिशन बनाया। संतों का संकल्प एक साथ एक स्वर में बढ़ा तो अयोध्या में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। मेरा सौभाग्य है कि 21वर्ष बाद ही सही, उनकी प्रतिमा के स्थापना का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है।

योगी ने कहा कि गोरक्षपीठ गोरखपुर और दिगंबर अखाड़ा अयोध्या 1940 के दशक से एक दूसरे के पूरक बनकर कार्य करते थे। जब रामचंद्र दास महराज बचपन में अयोध्या धाम आए थे, तबसे उनका लगाव गोरक्षपीठ से था। तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ के सानिध्य में रहकर रामजन्मभूमि आंदोलन आगे बढ़ा। 1949 में रामलला के प्रकटीकरण के साथ ही तत्कालीन सरकार द्वारा प्रतिमा को हटाने की चेष्टा के खिलाफ न्यायालय में जाने और वहां से सड़क तक इस लड़ाई को बढ़ाने का कार्य गोरक्षपीठ व पूज्य संत परमहंस रामचंद्र दास महराज ने मिलकर किया।

## योगी ने ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की समाधि स्थल पर चढ़ाए पुष्प



**लखनऊ/ अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की समाधि स्थल पर पुष्पार्चन किया। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के प्रथम अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास महाराज की 21वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास से व्यक्तिगत संबंध रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु पूज्य महंत अवेद्यनाथ के साथ दिगंबर अखाड़ा के ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास भी राम जन्मभूमि के अगुआ रहे हैं। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री सरयू अतिथि गृह से निकलकर सीधे सरयू घाट/ रामकथा पार्क स्थित पूज्य परमहंस रामचंद्र दास महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन व पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं अन्य भक्तों ने भी पूज्यश्री को याद किया।

## महंत नृत्य गोपाल दास महाराज का भी जाना कुशलक्षेम



**मुख्यमंत्री** योगी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास महराज से भी मुलाकात की। मणिराम दास छावनी पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका कुशलक्षेम जाना। सीएम ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की भी कामना की।

## अयोध्या गैंगरेप कांड में मुख्यमंत्री की कार्रवाई से निषाद समाज संतुष्ट



● अयोध्या में सीएम योगी से मिले निषाद समाज के प्रतिनिधि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**भदरसा** कस्बे में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में योगी सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई पर निषाद समाज ने संतुष्टि जताई है। बुधवार सुबह निषाद समाज के प्रतिनिधियों ने अयोध्या में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री ने भी सभी को आश्वस्त किया कि बालिका के साथ हुए शर्मनाक कृत्य के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी, इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। तकरीबन 15 मिनट चली मुलाकात के दौरान निषाद समाज के आधा दर्जन प्रतिनिधियों ने आरोपी सपा नेता के खिलाफ हो रही कार्रवाई को उचित ठहराया।

बता दें कि भदरसा कस्बे में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फैजाबाद के सांसद अवधेष प्रसाद का करीबी और सपा नेता मुईद खान व उसके नौकर राजू को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान घटना की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए दोषियों को न बख्शने की बात कही थी, साथ ही समाजवादी पार्टी की इस बात के निंदा भी की थी उनकी ओर से आरोपियों को लेकर सॉफ्ट कार्नर है। वहीं मुख्यमंत्री ने पीड़िता की मां से मुलाकात करके कठोर से कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया था। साथ ही सीएम के निर्देश पर राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने भी पीड़िता और उसके परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री की ओर से पीड़िता के परिवार की मदद के लिए तत्काल पांच लाख रुपए की धनराशि मुहैया कराई गई थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रधिनिधि मंडल ने भी पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात करके योगी सरकार द्वारा आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर न केवल पूराकलंदर थानाध्यक्ष रतन शर्मा व भदरसा चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड किया गया, बल्कि मुख्य आरोपी की संपत्ति की जांच भी शुरू की गई। जिसके बाद राजस्व विभाग को मुख्य आरोपी सपा नेता मुईद खान की तकरीबन आधा दर्जन अवैध संपत्तियों का पता लग चुका है। वहीं मुख्य आरोपी की बेकरी पर हुए अवैध निर्माण पर योगी सरकार का बुलडोजर भी चल चुका है। माना जा रहा है जल्द ही उसकी अन्य संपत्तियों पर सरकार का बुलडोजर गरज सकता है। इसके अलावा पीड़िता और उसके परिवार को धमकी देने के मामले भदरसा नगर पंचायत के चेयरमैन सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। योगी सरकार की ओर से दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार की मदद पर संतोष व्यक्त करने पहुंचे निषाद समाज के प्रनिधियों में महंत रामसेवक दास निषाद, अंजू निषाद, दुर्गा प्रसाद निषाद, संदीप निषाद, मंजीत निषाद, आशाराम निषाद और विष्णु निषाद शामिल रहे।

## भारतवासियों के लिए गौरव, विजेता और चैंपियन हैं विनेशः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पेरिस** ओलंपिक-2024 में महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया था, लेकिन बुधवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस निर्णय के साथ भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ओलंपिक से बाहर हो गईं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विनेश फोगाट को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि विनेश फोगाट जी, आप सभी भारतवासियों के लिए गौरव हैं, विजेता हैं, चैंपियन हैं। निराश मत होइए... पेरिस ओलंपिक-2024 में आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने वैश्विक पटल पर मां भारती को स्वर्णिम आभा से दीप्त किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारतीय महिला पहलवान का हौसला बढ़ाते हुए 'एक्स' पर लिखा कि आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप शीघ्र ही पहले से अधिक मजबूत होकर मैदान में वापसी करेंगी। पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

## मदरसों में मनेगा काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंचायतीराज,** अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बुधवार को विधानसभा स्थित तिलक हाल में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा प्रदेश काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मना रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि 09 से 15 अगस्त, 2024 तक सभी मदरसों में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाए। इस अवसर पर मदरसों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, सुलेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता, राष्ट्रधुन एवं ब्रास बैंड का वादन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाए। बच्चों की प्रभात फेरियां निकलें। मदरसों में तिरंगा लाइटिंग कराई जाए।



पंचायतीराज मंत्री ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान विभाग द्वारा संचालित मदरसा ई-लर्निंग ऐप (मेला) को सभी बच्चों को डाउनलोड करायें ताकि इस ऐप का उचित उपयोग किया जा सके। इस मोबाइल ऐप के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है। छात्र-छात्रा इस ऐप को डाउनलोड कर उसमें उपलब्ध पाठय सामग्री का अपने अध्ययन में उपयोग कर सकते हैं। एससीईआरटी टीम द्वारा शिक्षकों के अभिमुखीकरण के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स (एआई) पर ओरियन्टेशन माडयूल तैयार किया गया है। इस संबंध में कुल 22 वीडियो भी बनाये गये हैं। मदरसा शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को इस नई तकनीकी की जानकारी दी जाए। पंचायतीराज मंत्री ने छात्रवृत्ति से संबंधित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को मिले, इस संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई से 31 अक्टूबर के मध्य आवेदन कराकर पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना एवं 17 नवम्बर से 31 दिसम्बर, 2024 के मध्य आवेदन कराकर दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का अधिक से अधिक लाभ अल्पसंख्यक छात्रों को मुहैया करायें। किसी भी जनपद से छात्रवृत्ति को लेकर शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मदरसों में चरणबद्ध तरीके से बायोमैट्रिक व्यवस्था कड़ाई से लागू की जाए।

आधार आधारित बायोमैट्रिक में आ रही समस्याओं की जगह पर फेस/ फिंगर बायोमैट्रिक का कड़ाई से अनुपालन कराये। साथ ही मण्डलवार प्रभारी बनाये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि प्रभावी मॉनीटरिंग भी किया जा सके। उन्होंने आईजीआरएस, आरटीआई एवं कोर्ट केस से संबंधित लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये।

## प्रत्येक विधानसभा में युवा मोर्चा कार्यकर्ता निकालेंगे तिरंगा यात्रा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कहा कि भाजपा कार्यकर्ता देशवासियों के साथ मिलकर विगत कई वर्षों से हर्षोउल्लास के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प की प्रतिबद्धता के साथ स्वतंत्रता दिवस को हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करते आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्रम में पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि इस अभियान हेतु जिला स्तर पर 7 एवं 8 अगस्त को जिला कार्यशाला आयोजित है। इसके साथ ही 8 व 9 अगस्त को मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित की जायेंगी। जिसमें बूथ स्तर तक तिरंगा अभियान को सफल बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने यह बात भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित 'हर घर तिरंगा अभियान' के संदर्भ में हलवासिया कोर्ट हजरतगंज में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

## श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए अधिक ट्रेन संचालित कराने का दिया आश्वासनः जयवीर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुरोध पर केन्द्रीय रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ-25 के दौरान यात्रियों के सुविधा के लिए ट्रेनों की गति बढ़ाने व अधिक से अधिक अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन का आश्वासन दिया है। यह जानकारी बुधवार को पर्यटन मंत्री ने देते हुए बताया कि उन्होंने महाकुंभ 2025 में देश विदेश से भारी संख्या में श्रृद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको दृष्टिगत रखते हुए मा0 रेल मंत्री जी से अधिक से अधिक ट्रेनों के संचालन तथा रेलों के फेरे बढ़ाने के लिए पत्र लिख कर अनुरोध किया था। इस पत्र पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए रेल मंत्री ने प्रयागराज में आने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए अधिक से अधिक ट्रेन चलाने का आश्वासन दिया है।

## आर्थिक शोषण को बढ़ावा देने में भाजपा सरकार को महारत हासिलः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार के 'वैश्विक आर्थिक महाशक्ति' बनने के दावे का मतलब क्या ये है कि कर्मचारियों को उनके अधिकार का पैसा भी नहीं मिले। केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों को 18 महीने के डीए का एरियर देने से मना करना, एक तरह से 'सरकारी गांरटी' से इंकार करना है। अखिलेश ने कहा कि सरकार बताए लगातार बढ़ते 'जीएसटी कलेक्शन, कई 'ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी' का पैसा कहाँ जा रहा है? अरबों के जहाज़ और टपकते भवनों के लिए तो पैसा है लेकिन सही मायने में सरकार को चलानेवाले कर्मचारियों के लिए नहीं। एक तरफ़ महँगाई का बढ़ना दूसरी तरफ़ महँगाई भत्ता न मिलना, सीमित आय वाले कर्मचारियों पर दोहरी मार है। घर की चिंता जब सिर पर हावी होगी, तो कार्य-क्षमता पर भी असर होगा, जिसका ख़ामियाज़ा सरकार को भुगतना पड़ेगा। भाजपा की सरकारें वैसे भी चुनाव लड़ती हैं, काम तो करती नहीं हैं, और जो काम करते हैं उनको उचित वेतन नहीं देतीं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार बुजुर्गों की भी सगी नहीं है,



जिनके दवा-देखभाल के ख़र्चे तो बढ़ रहे हैं लेकिन पेंशन नहीं। अब क्या सरकार ये चाहती है कि वरिष्ठ नागरिक 'पेंशन के लिए अनशन' करें। रेलवे की छूट बंद करके वैसे भी भाजपा ने वरिष्ठ नागरिकों का अपमान-सा किया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार को असमानता फैलाने और आर्थिक शोषण को बढ़ावा देने में महारत है। उसकी आर्थिक नीतियों से अमीरों का पोषण और खासकर मध्यमवर्गीय परिवारों के शोषण का रास्ता खुलता है। भाजपा सरकार की कुनीतियों के चलते ही देश में बेरोजगारी बढ़ रही है और उद्योगधंधे बंद होते जा रहे है। नौकरियों में छंटनी हो रही है। सरकारी विभागों में भर्ती बंद है। रेलवे जैसे बड़े प्रतिष्ठान में रिक्तियां बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों को परेशान करके रखा है। महंगाई, भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता भाजपा सरकार से जल्द से जल्द निजात पाना चाहती है। भाजपा सरकार की नीतियां किसान, नौजवान, कर्मचारी, व्यापारी विरोधी है। इस सरकार ने दस साल के शासन काल में किसी को नहीं छोड़ा। सबको ठगने का काम किया है।

## कांग्रेस जातिगत जनगणना करा कर रहेगीः धीरज गुर्जर

● अल्पसंख्यक कांग्रेस 9 अगस्त से 11 सितंबर तक चलाएगी सामाजिक न्याय जागरूकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी धीरज गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी एक मात्र नेता हैं जो राजनीति से ऊपर उठकर कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए लगातार जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में जातिगत जनगणना कराकर रहेगी। गुर्जर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अल्पसंख्यक कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस और फिशरमैन कांग्रेस द्वारा मण्डल दिवस पर आयोजित गोल मेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम और ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस 9 अगस्त से राजीव गांधी सरकार द्वारा 1989 में दलित उत्पीड़न निरोधक क़ानून के पास किए जाने की वर्षगांठ 11 सितंबर तक प्रदेश भर में जातिगत जनगणना कराने, प्रस्तावित वक्फ कानून का विरोध करने, पूजा स्थल अधिनियम 1991 की रक्षा करने, कॉलेजियम व्यवस्था खत्म करने, सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण को विभाजित करने के फैसले का विरोध करने और आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की पाबंदी हटाने की मांग के समर्थन में सामाजिक संगठनों से संपर्क, सेमिनार और विचार गोष्ठी आयोजित किया जाएगा। दोनों नेताओं ने योगी सरकार में पिछड़े और दलित वर्गों से आने वाले उप मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और विधायकों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपमानित करने का भी आरोप लगाया। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज बहादुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को देश को बताना चाहिए कि उसने बिना जातिगत जनगणना कराए ये कैसे जान लिया कि दलितों की कौन सी जातियां किन जातियों का हिस्सा खा रही हैं. उन्होंने कहा कि सरकार दलितों और पिछड़ों की राजनीति एकता को तोड़ने के लिए न्यायपालिका का इस्तेमाल कर रही है. पूर्व मंत्री मोईद अहमद ने कहा कि आईएएस की भर्तियों में पहले इंटरव्यू का नम्बर लिखित परीक्षा से ज्यादा होता था। इससे कमजोर तबकों से भेदभाव किया जाता था. दलित वर्गों की सीटें रिक्त रखकर बाद में उसे सामान्य वर्ग से भर दिया जाता था. इस व्यवस्था को राजीव गांधी ने बदला और इंटरव्यू का नम्बर लिखित परीक्षा से कम कर दिया और यह नियम भी बना दिया कि आरक्षित वर्ग की खाली सीटों को रिक्त रखा जाए और बाद में उसी वर्ग से उपयुक्त व्यक्ति मिलने पर भरा जाए. लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार अब आरक्षित सीटों को सामान्य वर्ग से भर रही है.

इस अवसर पर प्रोफेसर आरबी बौद्ध ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने बैंकों और खदानों का राष्ट्रीयकरण करके दलितों को आरक्षण के जरिए सरकारी नौकरियों में ला दिया। अब भाजपा सरकार निजीकरण कर दलितों और पिछड़ों को नौकरी से बाहर करना चाहती है।

## चीनी निर्यात शुरू करने को लेकर जयंत ने लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार जयन्त चौधरी ने भारत के उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर चीनी की निर्यात की अनुमति देने की मांग की है। बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने उनके पत्र की प्रति जारी करते हुए बताया कि जयन्त चौधरी ने लिखे हुए पत्र में कहा है कि भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माताओं संघ (इस्मा) द्वारा जारी किए गए आगामी मौसम 2024-25 के लिए प्रारंभिक चीनी उत्पादन अनुमान की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जिसके अनुसार लगभग 333 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। आगामी मौसम के लिए 01.10.2024 को 90 लाख टन का प्रारंभिक भंडार मानते हुए, कुल चीनी उपलब्धता लगभग 423 लाख टन होगी। घरेलू जरूरतों को देखते हुए लगभग 290 लाख टन की पूर्ति के बाद, लगभग 133 लाख टन चीनी उपलब्ध होगी, जो कि 55 लाख टन के मानक चीनी भंडार से काफी अधिक है। यह उल्लेख करना आवश्यक नहीं है कि चीनी की अधिशेष उपलब्धता घरेलू चीनी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है जिससे चीनी की कीमतों में गिरावट आ सकती है।

## मुख्तार व शहाबुद्दीन गैंग का शार्प शूटर पंकज यादव मुठभेड़ में ढेर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** कर्मी की हत्या में वांछित एक लाख के कुख्यात अपराधी और पूर्वांचल के माफिया सरगना रहे मुख्तार अंसारी व बिहार के माफिया सरगना शहाबुद्दीन गिरोह के शार्प शूटर पंकज यादव को एसटीएफ ने मथुरा में हुई मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। घटनास्थल से एसटीएफ ने .32 बोर की एक पिस्टल, .32 बोर का एक रिवाल्वर, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पंकज यादव मूल रूप से ताहिरपुर, थाना रानीपुर, जनपद मऊ का रहने वाला था। एसटीएफ के साथ यह मुठभेड़ ब्रज की रसोई से लगभग 500 मीटर आगरा की ओर एनएच 19 के किनारे ग्राम रोसू के

● एसटीएफ ने मथुरा में मार गिराया, पुलिस कर्मी की हत्या में वांछित अपराधी पर एक लाख का ईनाम था घोषित

समीप थाना फरह क्षेत्र में हुई। एसटीएफ को सूचना मिली कि पूर्व में अपने खिलाफ पंजीकृत अभियोगों के गवाहों, पैरोकारों व कई धनाड्य व्यापरियों की हत्या करने के इरादे से मथुरा और आसपास के जिलों में घूम रहा है। पूर्व में भी इसने वर्ष 2010 में जनपद मऊ के मन्ना सिंह हत्याकाण्ड के चश्मदीद गवाह



राम सिंह मौर्य एवं उनके सुरक्षा में नियुक्त आरक्षी सतीश की हत्या अपने साथियो के साथ मऊ में कर दी थी। एसटीएफ को सटीक जानकारी हाथ लगी कि पंकज यादव अपने गिरोह के साथ आगरा में किसी क्षेत्र में किसी व्यापारी की हत्या कर लूट की योजना बना रहा है। इस योजना को कार्यन्वित करने के लिये उसके गैंग के द्वारा भारी मात्रा में असलहों का इन्तजाम किया गया है। देर रात्रि में अपने गिरोह के साथियों के साथ मथुरा से रैपुरा होते हुए आगरा जाकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने मथुरा से आगरा कि तरफ एनएच 19 पर घेराबंदी की। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को देखकर एसटीएफ ने रुकने का इशारा किया। पंकज पीछे बैठा था। एसटीएफ ने पीछा किया और दोनों ओर से गोलियां चली। पंकज का साथी तो फरार हो गया लेकिन वह गोली लगने से जख्मी हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मृत्यु हो गई।

## 'सम्भव' पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समाधान करायेंः एके शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को पटरी में लाने के लिए सभी विद्युत कार्मिक अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें। उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लें, शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता बरतें, लोगों की मजबूरी का फायदा न उठाएं, बल्कि उनकी परेशानियों में हमदर्द बनकर सहयोग करें। साथ ही 1912 में आई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। ऐसी व्यवस्था बनाएं कि समस्या ही न पैदा हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहें, उनके द्वारा दिए गए सुझावों और मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करें।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ में सभी डिस्काम के साथ विद्युत कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी एमडी को निर्देश दिए कि डिस्काम के जिन क्षेत्रों में खासतौर पर शहरी फीडर में 60 से 70 प्रतिशत लाइन लॉस है, वहां पर विद्युत चोरी रोकने के लिए विजिलेंस कार्रवाई करें। विद्युत चोरी में संलिप्त वहां के विद्युत कार्मिकों पर भी सख्त कार्रवाई करें। विद्युत चोरी करने वाले और करवाने वाले कार्रवाई से बचने नहीं चाहिए, जहां पर भी लाइन लॉस ज्यादा है वहां पर पूरा ध्यान दें, विद्युत चोरी में संलिप्त लोग विभाग के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे, यह अब मंजूर नहीं होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विगत 02 वर्षों में इस बार बरसात में सबसे ज्यादा शिकायतें आयीं, विद्युत कटौती बंद होनी चाहिए, निर्धारित शेड्यूल में सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति की जाए। विद्युत कार्यों हेतु लिये गए शटडाउन के दौरान सभी कार्य कराए जाएं, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कार्यों को शटडाउन के समय ही कराया जाए। लोग ट्रिपिंग और लो वोल्टेज से परेशान हैं, लखनऊ के गोमतीनगर और इंदिरानगर जैसे पास इलाके में भी ट्रिपिंग हो रही है, विद्युत कार्मिक ऐसी व्यवस्था बनाये हुए हैं, यह शीघ्र बंद होनी चाहिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसानों के निजी नलकूप कनेक्शन के लिए जरूरी विद्युत सामग्री की आपूर्ति समय से की जाए। ट्रांसफार्मर जलने पर समय से उसकी रिपेयरिंग हो, इसके लिए वर्कशॉप की व्यवस्था ठीक से संचालित करायें, जहां पर भी संभव हो सके, वहां पर ऐसी स्थिति में ट्राली ट्रांसफार्मर लगवा कर विद्युत आपूर्ति बहाल रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि 'सम्भव' पोर्टल के तहत सभी स्तरों पर जनसुनवाई की जाए और जनसुनवाई में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समाधान करायें।

# बेलराया पहुंची डीएम, अफसरों संग किया चीनी मिल का निरीक्षण, देखा मेंटेनेंस वर्क



**लखीमपुर खीरी।** अगले पेराई सत्र को लेकर प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। इसी क्रम में बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासनिक अफसरो के साथ तहसील निघासन स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल बेलराया का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह मौजूद रहे। सर्वप्रथम डीएम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चीनी मिल पहुँचीं, जहां उन्होंने चीनी स्टॉक, मरम्मत एवं रखरखाव का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मरम्मत कार्य को देखा, और साथ ही कर्मचारियों से बातचीत की। चीनी मिल के खराब हो चुके कल पुर्जे बदलने के बाबत जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मिल हाउस, ब्यालर हाउस, पावर हॉउस आदि का निरीक्षण किया।

डीएम ने कहा कि पेराई सत्र समय पर शुरू होगा। इसलिए पेराई सत्र के समय से पहले मरम्मत का कार्य पूरा कर लें। नए पेराई सत्र की शुरुआत से पहले रखरखाव का काम बेहद जरूरी है, ताकि गन्ना पेराई में किसी तरह की बाधा न आए। चीनी मिल पूर्ण क्षमता के साथ निरन्तर चलनी चाहिए, यदि कहीं कोई तकनीकी खामी आती है तो समय से दूर किया जाए। निर्देश दिए कि गन्ना किसानों को पेराई के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए हर जरूरी कदम उठाए। उन्होंने चीनी मिल प्रशासन से गन्ने के सर्वे में प्रगति से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। डीएम ने चीनी मिल के जीएम विवेक कुमार यादव से गन्ना आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जीएम ने बताया कि इस चीनी मिल में कुल करीब 35 हजार किसानों से विभिन्न स्थानों पर बने 28 क्रय केंद्रों से गन्ना खरीद की जाती है। किसानों को 03 दिन पूर्व ही इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से दे दी जाती है। साथ ही अगले 72 घंटे तक उनसे गन्ना खरीद की कार्रवाई की जाती है। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उपस्थित मिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीजन के दौरान चीनी मिल के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर कोई समस्या या बाधा होती है तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए।

## एसडीएम, सीओ, खान अधिकारी ने किया तीन खनिज विक्रेताओं का औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

**लखीमपुर खीरी।** जिले में उप खनिज का अवैध भंडारण और विक्रय पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर बुधवार को उप जिला मजिस्ट्रेट ;सदरद्ध अश्विनी सिंहए सीओ सिटी रमेश तिवारी ने खान अधिकारी आशीष सिंह के साथ तहसील सदर क्षेत्र अंतर्गत 03 उप खनिज विक्रेताओं का औचक निरीक्षण कियाए जिसमें से दो उप खनिज विक्रेता के पास उप खनिज का भंडारण एवं विक्रय के वैध प्रपत्र नहीं पाए गए तथा एक डंपर पर ऑनलाइन चालान किया। निरीक्षण के दौरान अफसरो के दल ने उप खनिज विक्रेताओ से उनके प्रपत्र मागे। 02 विक्रेता उप खनिज का भंडारण एवं विक्रय के वैध प्रपत्र नहीं प्रस्तुत कर सके। इस पर अफसरो ने कड़ी फटकार लगाई। नियमानुसार विधिक कार्यवाही किए जाने की बात कही।

# जल जीवन मिशनः सीडीओ ने जानी पाइप पेयजल योजना की जमीनी हकीकत

● रंगीला नगर, पनगीखुर्द पनगीकलां पहुंचे सीडीओ ग्रामीणों से किया संवाद



**लखीमपुर खीरी।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल योजना की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक नकहा के तहत पाइप पेयजल योजना में रंगीलानगर, पनगीखुर्द एवं पनगीकलां का आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना में बाउंड्रीवालए गेट का निर्माणए योजना का साइनबोर्ड लगा हुआ और नियमित जलापूर्ति पंजिका पूर्ण मिली। सीडीओ के पूछने पर ग्रामवासियों ने अवगत कराया कि टैंक द्वारा नियमित व सुचारू रुप से जलापूर्ति रोस्टर के अनुसार प्राप्त हो रही है। सीडीओ ने कई घरों में देखा कि लोग पुराने हैण्डपम्प का पानी पी रहे थे, जिसके आर्सेनिकयुक्त व दूषित होने की संभावना को देखते हुए उससे बचाव व होने वाली बीमारियों की जानकारी देने के साथ लोगों को स्वच्छ पेयजल के प्रति को जागरुक करने व प्रचार.प्रसार कराये जाने के उपस्थित अफसरो को निर्देश दिए।

सीडीओ ने ईई को संयंत्रों में सोलर में नेट मीटर लगवाना सुनिश्चित करें। अधिशाषी अभियंता को नियमित समयान्तराल पर पानी की गुणवत्ता की जांच कराते रहें। कुछ मार्गों पर मरम्मत का काम असंतोषजनक मिला। इस पर अधिशाषी अभियंता को गांव में भ्रमण कर पाइपलाइन डालने के कारण जो मार्ग बैठ गये हैं उनकी तत्काल मरम्मत सुनिश्चित कराई जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ ने निर्देश दिए कि पानी के कम प्रेशर की समस्या को दूर करते हुए प्रत्येक गांव के हर घर में शत.प्रतिशत पाइप पेयजल कनेक्शन कराये जाए। जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर में शुद्ध पीने का पानी नलों के माध्यम से पहुँचाना है।

# जिला कारागार में कल होगी निबन्ध प्रतियोगिता



निबन्ध प्रतियोगिता पर चर्चा करते जेल अधीक्षक।

● काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत की चर्चा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के ग्राम अनौगी स्थित जिला कारागार में जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉन की अध्यक्षता में 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' विषय पर बैठक का आयोजन किया जिसमें शुक्रवार को होने बाली निबन्ध प्रतियोगिता के संबन्ध में चर्चा की गई। बुधवार को 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' विषय पर कारागार में निरूद्ध बंदियों को जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, उपकारापाल रामबहाल दुबे एवं सहायक शिक्षा अध्यापक मनोज कुमार कटियार द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा उस पर चर्चा भी की गयी। 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' के अन्तर्गत कारागार में निरूद्ध बंदियों के बीच 09 अगस्त को एक निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जायेगा। जिसमे दो महिला बंदियों तथा तीस पुरूष बंदियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। निबन्ध प्रतियोगिता का समय एक घण्टा एवं अधिकतम शब्द तीन सौ होगें।

# पत्रकारों ने मूलभूत सुविधाओ के लिए सीएम को भेजा ज्ञापन

● पत्रकारपुरम, आयुष्मान कार्ड, शून्य बिजली बिल, टोल पास की मांग ● रोका जाए पत्रकारों का उत्पीड़न



**फतेहपुर।** पत्रकारों एवं छायाकार बंधुओ से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने को लेकर आज फतेहपुर जनपद के पत्रकारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन ज़िला अधिकारी को सौंपकर पुरजोर सिफ़ारिश के साथ शासन को अग्रसारित करने की मांग की। डीएम ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। पूर्व निर्धारित समय पर फतेहपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में कलेक्ट्रेट सभागार में तमाम पत्रकारों और छायाकारों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन ज़िला अधिकारी सी. इन्दुमती को सौंपा गया। प्रेस क्लब के महामंत्री प्रमोद श्रीवास्तव ने ज्ञापन में उल्लिखित बिंदुओं/मांगो को पढ़कर सुनाया। ज्ञापन में कहा गया है कि लोकतन्त्र के चतुर्थ स्तंभ ष्प्रेसष् के संवाहको की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन कमज़ोर पड़ती जा रही हैं। ऐसे में पत्रकार समाज को जीवन यापन में काफ़ी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ता है। समाज का यह ज़िम्मेदार वर्ग आर्थिक असमानता से भी जूझ रहा है, किन्तु दु:ख का विषय यह है कि सरकारों द्वारा इस दिशा में कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि पत्रकारिता क्षेत्र में नियमित सेवाएं देने वाले वर्किंग एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं छायाकार बंधुओ मांगे पूरी कराने में अपनी भूमिका निभाने पर विचार करने का कष्ट करें। कानपुर में पत्रकारों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न को तत्काल रोका जाए। शहरी क्षेत्र में मौजूद बंजर भूमि पर पत्रकारपुरम हेतु भूमि का आवंटन कर पत्रकारों को भवन बनाने हेतु भूमि प्रदान की जाए। पत्रकारों के लिए प्रति माह शून्य रुपए के बिजली बिल निर्गत किए जाए। फतेहपुर में तीन टोल प्लाजा हैं, जिनमें पत्रकारों को समाचार संकलन के लिए प्रतिदिन गुजरना पड़ता है। स्थानीय स्तर की सड़क सुरक्षा समिति से पत्रकारों के लिए नि:शुल्क पास निर्गत कराए जाए एवं समस्त पत्रकारों/छायाकारों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल कर गोल्डेन कार्ड प्रदान किए जाए।

## फर्जी प्लाट की विक्री कर लाखो रुपये हड़पे, एएसपी ने दिये जांच के आदेश

**हमीरपुर।** फर्जी प्रापर्टी डीलर का काम करने वाले कई लोगो का गिरोह राठ कस्वे में सक्रिय है। जिसे लोगो को गुमराह कर ठगी का शिकार बनाया जा रहाहै इस मामले में पीडित ने एएसपी से शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक राठ कस्वा निवासी जगत सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा को बताााया कि राठ निवासी ,अफरोज जो प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है, ब्रजलाल, रफीक, मुश्ताक आदिलोग जमीन को खरीद फरोख्त करने के नाम पर जमकर की ठगी कर रहे है। जगत सिंह लोधी का कहना है कि इन लोगो ने उसे प्लाट की फर्जी रसीद थमा दी। बाद में पता चला कि इन्ही लोगो ने यह प्लाट किसी और को विक्री कर चुके है। जब इस मामले में उन्हे आपत्ति की तो सभी लोगो ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। यही नही दो जुलाई को सभी लोग घर में घुस आये और शिकायत वापस करने की दबाब बनाया।

## क्विक न्यूज

### विचित्र बीमारी से मासूमों की हो रही है मौत

**मौदहा, (हमीरपुर)।** क्षेत्र में नौनिहालों की अचानक तबीयत खराब हो जाने के बाद मौत हो जाना चिंता का विषय बना हुआ है।कस्बे के एक वर्षीय नौनिहाल की अचानक रात में तबीयत बिगड़ी और पिता सुबह अस्पताल लेकर गए जहां से चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों दहाड़ मारने लगे। रोहित एक वर्ष पुत्र सफीक बाराबंकी निवासी कस्बे में मीरा ताला के निकट झोपड़पट्टी बनाकर ढोलक बेच परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं मृतक के पिता सफीक ने बताया कि रात में अचानक तबियत बिगड़ी और सुबह लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया और चिंता का विषय है कि क्षेत्र में इस तरह की बीमारी नौनिहाल किशोर किशोरियों को इस समय आगोश में लेकर काल के गाल में समा जाते हैं और स्वास्थ्य विभाग इस बीमारी को गंभीरता से नहीं ले रहा।

### करंट की चपेट मे आने से राजमिस्त्री की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के कुपरा गांव में छत पर टहल रहे राजमिस्त्री की हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गांव के राम लखन विश्वकर्मा(45) पुत्र शिवकुमार विश्वकर्मा बुधवार सुबह अपनी छत पर टहल रहे थे। तभी छत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर गिर पड़े। स्वजन इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक गांव के बाहर स्टैंड पर टायर पंचर की दुकान कर अपना भरण पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे एक पुत्र सत्यम, पुत्री शिवानी, सोनम, खुशी, अनन्या को छोड़ गया है।पुत्र की मौत पर मां गौरी व पत्नी सरस्वती का रो रोकर बुरा हाल है।

### पेड़ गिरने से अधेड़ की दबकर मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव निवासी शिवराम का पुत्र संतोष सैनी अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी बगल में लगा पेड़ अचानक उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह पेड़ के नीचे दब गया। आस-पास के लोगों ने आनन-फानन किसी तरह पेड़ के नीचे दबे अधेड़ को बाहर निकाला तब तक देर हो चुकी थी। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव निवासी शिव प्रसाद विश्वकर्मा का पुत्र सुरेश उर्फ छोटकू औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पैनम सरिया फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बताते हैं कि रात साढ़े सात बजे वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था जब वह कल्यानपुर के दरियापुर मोड़ के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार लोडर ने उसे टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### राहगीर महिला गैस वेल्डिंग टंकी फटने से घायल

**संडीला (हरदोई)।** गैस वेल्डिंग के टंकी के फ़ट जाने से एक महिला रास्ते से गुज़र रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिभा सिनेमा से आईआर इंटर कॉलेज मार्ग पर मोहल्ला बहादुरनगर में मायाराम की गैस वेल्डिंग की दुकान है। वह मंगलवार की शाम गैस वेल्डिंग कर रहा थाए इसी बीच गैस वेल्डिंग टंकी तेज़ आवाज़ से फ़ट गयी और रास्ते से गुज़र रही नगर के मोहल्ला सब्ज़ी मण्डी निवासी संजू की पत्नी 32 वर्षीय उमा गंभीर रूप से घायल हो गयीं। उसे तत्काल ले जाकर प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। परिजन का कहना है कि उमा की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाकर भर्ती कराया गयाए जहां उसकी हालत स्थिर है।

### चेतावनी बिंदु से 15 सेमी ऊपर स्थिर गंगा, कई गांव में गंगा का पानी पहुंचा, ग्रामीण परेशान

**फर्रुखाबाद।** पर्वतीय इलाकों में बारिश होने से गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। आज भी यह चेतावनी स्तर से 15 सेमी ऊपर ही रहा। गंगा में लगातार बढ़ रहे जलस्तर पर प्रशासन नजर बनाए हुए हैं। वहीं गंगा की बाढ से ग्रामीणों की मुश्किलें कम नही हो रहीं। शाम 4 बजे गंगा का जल स्तर136.75 मीटर यानी चेतावनी बिंदु से 15 सेमी. दर्ज किया गया। वहीं नरौरा से 1,28,716 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके साथ ही रामगंगा आज 135.25 मीटर पर दर्ज की गयीं। जबकि खो हरेली रामनगर बैराज से 5388 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। विकास खंड राजेपुर के ग्राम रामपुर जोगराजपुर में भी काफी संख्या मे पानी है । बाढ़ से वि॥लय भी जलमग्न है। राजेपुर के बदायूं मार्ग चित्रकूट डीप पर पानी सड़क के ऊपर से चल रहा है।

## दुकानों, मकानों और सरकारी इमारतों में लगेगा तिरंगाः मुखलाल

**फतेहपुर।** भाजपा कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अभियान को पूर्ण सफल बनाने को लेकर कार्य सौंपे। सभी मंडलों में 8, 9, 10 अगस्त को मंडल स्तर पर बैठकें होनी हैं शक्ति केन्द्र व बूथों तक अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। 11, 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विस क्षेत्र में युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 12 से 14 अगस्त के मध्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं व स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जायेगा भारत के विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी को याद करते हुए देश प्रेम के विचार प्रवाह में तेजी लाने को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य किये जायेंगे।

# शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने पर वीडीओ को किया निलम्बित

● जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर होगी कठोर कार्यवाहीः जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस रसूलाबाद में राकेश कुमार पुत्र पुतूलाल निवासी ग्राम कुर्सी भीतरगांव तहसील रसूलाबादए कानपुर देहात के समक्ष शिकायत की गयी थी कि दरवाजे लगा इण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगभग 01 वर्ष से खराब हैण् जिससे पेयजल की असुविधा हो रही है। जिलाधिकारी को यह भी बताया गया कि उसके द्वारा पूर्व में भी शिकायत की गयी थीए जिस पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा फर्जी निस्तारण आख्या लगायी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण की जांच तथा निस्तारण आख्या की जांच उप जिलाधिकारी रसूलाबाद द्वारा करायी गयीए जिसमें पाया गया कि राकेश कुमार पुत्र पुतूलाल के घर के सामने लगा हैण्डपम्प चालू स्थिति में नही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जानेए फर्जी एवं भ्रामक आख्या प्रस्तुत किये जानेए शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरते जाने तथा अपने पदीय दायित्वो का समुचित निर्वहन न किये जाने आदि आरोपों में धीरज कुमारए ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड रसूलाबादए कानपुर देहात को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की गयी तथा खण्ड विकास अधिकारी डेरापुर, को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है की प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण संतुष्टीपरक निस्तारण किया जाये।

# चार उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित



**फर्रुखाबाद।** जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के मामले को लेकर जिले की 37 उर्वरक दुकानों पर अचानक की गई छापामारी में चार दुकानदारों के तत्कालिक प्रभाव से लाइसेंस निलंबित किए। यह जानकारी आज बुधवार को सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि शासन की मनसा के अनुरूप जिलाधिकारी डॉ बी0 के0 सिंह के निर्देशन में जिला कृषि अधिकारी बी.के.सिंह के नेतृत्व में अन्यअधिकारियों की गठित संयुक्त टीम ने कल मंगलवार को जिले के फर्रुखाबाद, कायमगंज तथा अमृतपुर तहसील क्षेत्र के किसानों को गुणवत्ता युक्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के मामले को लेकर 37 उर्वरक विक्रेताओं के यहां अचानक छापामारी की गई।प्रवक्ता ने बताया कि जिले के उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर अधिकारियों की अचानक छापा मारी से खाद विक्रेताओं में हड़कंप के साथ भगदड़ मच गई और कई उर्वरक विक्रेता अपनी अपनी दुकाने बंद करके गायब हो गए।

इस दौरान खाद बीज विक्रेताओं के यहां अनियमितता पाए जाने एवं प्रतिष्ठान बंद करके गायब होने के मामले को लेकर में. एस वी बीज खाद भंडार बधौना व में. आर एस खाद भंडार खुम्मरपुर व में. दुबे बीज भंडार मोहम्मदाबाद तथा में. एग्री जंक्शन वाहिदपुर समेत चार खाद विक्रेताओं के लाइसेंस तत्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। जिले के 37 उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर मारे गए छापे में 16 के नमूने संगृहीत करके, प्रदेश प्रयोगशाला को जांच के लिए भेजे गए।

इधर जिला कृषि अधिकारी बी.के.सिंह ने आज बुधवार को बताया कि जिले में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है यदि किसानों को गुणवत्ता युक्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की शिकायतें मिलेंगी तो उर्वरक एवं बीज भंडार की दुकानों पर छापामारी का क्रम निरंतर चलेगा।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम की भाजपा ने बनाई रूपरेखा

संवाददाता। फर्रुखाबाद




**आवास** विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। इस जिला कार्यशाला में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि आनंद कुमार सिंह ने कहा 15 अगस्त आजादी के महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरकार एवं संगठन ने विस्तृत योजना तैयार की है हर घर तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक घर में तिरंगा लहराने का साप्ताहिक कार्यक्रम बनाया है।

9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम में संगठन के द्वारा जिला कार्यशाला आयोजित हुई 11 अगस्त से 13 अगस्त के मध्य पूरे जनपद में युवा मोर्चा के द्वारा बाइक रैली का आयोजन होगा प्रत्येक मंडलों में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए हुए बाइक से भ्रमण करेंगे 12 अगस्त को 14 अगस्त के दिन जिला स्तर पर भारत विभाजन गोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें गोष्ठी के माध्यम से भारत के विभाजन के समय हुए अन्याय और अत्याचार की जानकारी दी जाएगी। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को एक त्यौहार के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है प्रधानमंत्री के आवाहन पर इस कार्यक्रम को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा।

यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति एकजुटता का संदेश देगा। भारत बलिदानियों की भूमि है लंबे समय के संघर्ष एवं आजादी के दीवानों के बलिदान के बाद देश को 1947 में आजादी मिली पर 14 अगस्त 1947 को देश का विभाजन दुर्भाग्यपूर्ण रहा।

इस अवसर पर दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौड़, जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला महामंत्री सुनील रावत, जिला महामंत्री फतेहचंद वर्मा, पूर्व प्रधान व जिला मंत्री अतुल दीक्षित, वीरेंद्र कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# मरीज़ की मौत के बाद नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप

**संडीला ( हरदोई )।** एक प्राइवेट नर्सिंग होम में पथरी का इलाज कराने के लिए भर्ती मरीज़ की ऑपरेशन के बाद हालत अत्यंत गंभीर होने तथा ट्रॉमा सेंटर में मौत के बाद परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तिलुइंया खुर्द निवासी 45 वर्षीय गुड्डू अर्कवंशी की किडनी में पथरी की शिकायत थी। उसके पेट में अचानक तेज़ दर्द उठा और परिजन उसे उठाकर हरदोई रोड स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम ले गए। परिजनों के अनुसार नर्सिंग होम में रात के समय गुड्डू का ऑपरेशन कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद गुड्डू की हालत लगातार बिगड़ती गयी। हालांकि नर्सिंग होम के लोग हालत में सुधार होने का आश्वासन देकर उसे कई दिन अस्पताल में ही भर्ती रखा। जब उसकी हालत अत्यंत चिंताजनक हो गयी तो गुड्डू को ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफ़र कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराने के बाद जब उसका ऑपरेशन किया गया तो डॉक्टरों ने देखा कि उसकी नस ही पूरी तरह कट गयी थी। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद भी उसको बचाया नहीं जा सका। इसके बाद मृतक के परिजन शव घर लाए और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम कराया। मृतक की पत्नी सुनीता ने प्राइवेट नर्सिंग होम के डॉक्टरों पर ऑपरेशन में लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। हालांकि अभी तक इस मामले में कोई एफ़आईआर दर्ज नहीं हुई है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर सूत्रों का कथन है कि इस मामले में क्षेत्रीय प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा मध्यस्तता कर मामले में समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी लिए अभी तक एफ़आईआर दर्ज नहीं हुई।

# सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत गठित जिलास्तरीय आत्मा गवर्निंग बोर्ड की हुई बैठक




**कानपुर देहात।** जनपद स्तरीय आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन की उपस्थिति में भारत सरकार द्वारा संचालित सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत गठित जिला स्तरीय गवर्निंग बोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार माती में किया गया। उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, डीडीएम नाबार्ड, उद्यान निरीक्षक एवं आत्मा योजनान्तर्गत कार्यतर एटीएम/बीटीएम कार्मिकों के साथ.साथ जिला स्तरीय समिति के सदस्य किसानों एवं कृषक उत्पादक संगठनों के अध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशकए राम बचन राम द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए गत वर्ष सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन की जिला कृषि कार्य योजना में आंवटित व्यय का विवरण के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया गया कि कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के 280 कृषकों को अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केन्द्रो पर, 650 कृषकों को राज्य के प्रशिक्षण संस्थानों में, 2140 कृषकों को जनपद के अन्दर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया है। इसी प्रकार योजनान्तर्गत जनपद में खरीफमें 100 धान, 80 बाजरा एवं 70 मक्का के तथा रबी में 150 राई व 100 गेंहू के प्रदर्शनों (कुल 500 प्रदर्शनों) का आयोजन कराया गया। वर्ष 2023.24 में राज्य के अन्दर 950 व जनपद के अन्दर 500 कृषकों का भ्रमण करा कर नवीनतम कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। योजनान्तर्गत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मोत्सव पर हर वर्ष की भाति किसान सम्मान समारोह का आयोजन कर जनपद स्तर पर 32 एवं विकासखण्ड स्तर पर 50 किसानों को सम्मानित कर धनराशि उनके खाते में हस्तानान्तरित कर पुरस्कृत किया गया।

# बांग्लादेश में जो हो रहा है वह यहां भी हो सकता है : सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने मंगलवार को कहा कि ऊपरी तौर पर भले ही सब कुछ सामान्य लगे , लेकिन बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री खुर्शीद ने शिक्षाविद मुजीबुर रहमान की पुस्तक शिकवा-ए-हिंद : भारतीय मुसलमानों का राजनीतिक भविष्य के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा, कश्मीर में सब कुछ सामान्य लग सकता है। यहां सब कुछ सामान्य लग सकता है। हम जीत का जश्न मना रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि वह जीत या 2024 की सफलता मामूली थी, शायद अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, तथ्य यह है कि अंदर ही अंदर कुछ चल रहा है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह यहां भी हो सकता है... बांग्लादेश में चीजों को लेकर जिस तरह से जनआक्रोश भड़का, हमारे देश की प्रकृति चीजों पर उस तरह से गुस्सा फूंटने से रोकती है। राजद सांसद मनोज झा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ शाहीन बाग में हुए आंदोलन का जिक्र किया।

झा ने कहा, याद है शाहीन बाग में विरोध-प्रदर्शन कैसे शुरू हुए... जब संसद में कुछ नहीं हुआ, तो लोग सड़कों पर उतर आए। नागरिकता से जुड़े नए कानून के खिलाफ दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के शाहीन बाग में महिलाओं ने विरोध-प्रदर्शन किया था, जो करीब 100 दिनों तक जारी रहा था। इस आंदोलन की तर्ज पर देशभर में और भी जगह प्रदर्शन हुए। झा का मानना था कि शाहीन बाग आंदोलन सफल रहा। वहीं, खुर्शीद का कहना था कि आंदोलन विफल रहा, क्योंकि विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा रहे कई लोग अब भी जेल में हैं।

खुर्शीद ने कहा कि आज देश में शाहीन बाग जैसा कोई दूसरा आंदोलन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, अगर मैं कहूं कि शाहीन बाग सफल नहीं रहा, तो आपको बुरा लगेगा। हममें से बहुत से लोग मानते हैं कि शाहीन बाग सफल रहा। लेकिन मैं जानता हूं कि शाहीन बाग से जुड़े लोगों के साथ क्या हो रहा है। उनमें से कितने लोग अब भी जेल में हैं। उनमें से कितने लोगों को जमानत नहीं मिल पा रही है, उनमें से कितनों को बताया जा रहा है कि वे इस देश के दुश्मन हैं। खुर्शीद ने कहा, अगर मैं कल खुद से पूछूं कि क्या शाहीन बाग दोबारा हो सकता है, तो मुझे यकीन नहीं है कि ऐसा होगा, क्योंकि लोगों को वाकई बहुत तकलीफ उठानी पड़ी है।

## भाजपा ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बयान को अराजकतावादी करार दिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के उस बयान को अराजकतावादी करार दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी पैदा हो सकते हैं। खुर्शीद ने मंगलवार रात एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कहा था कि ऊपरी तौर पर भले ही सब कुछ सामान्य लगे , लेकिन बांग्लादेश में जो हो रहा है वह भारत में भी हो सकता है। इस कार्यक्रम में मौजूद रहे कांग्रेस के एक अन्य नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वह नहीं बता पाएंगे कि खुर्शीद के कहने का मतलब क्या था लेकिन बांग्लादेश ने जो बड़ा संदेश दिया है, वह लोकतंत्र तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के महत्व के बारे में है। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर ने खुर्शीद की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और आरोप लगाया कि मुख्य विपक्षी पार्टी लगातार तीन लोकसभा चुनावों में हार का सामना करने के बाद देश को अराजकता की ओर धकेलना चाहती है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की इस तरह की बेतुकी टिप्पणियां पार्टी की मानसिकता को दर्शाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को पीछे धकेलने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस बार-बार देश में संकट फैलाने की कोशिश करती रही है, कभी चुनाव से पहले तो कभी चुनाव के बाद। कांग्रेस देश को अराजकता में धकेलना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस से देश में डर, भ्रम और अफवाह फैलाना बंद करने का आह्वान किया।

पाकिस्तान उच्चायोग द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कई अन्य कांग्रेस नेताओं को कथित तौर पर आम भेजे जाने के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने कहा, कुछ लोगों को उत्तर प्रदेश के आम पसंद नहीं हैं, भले ही वे उत्तर प्रदेश से सांसद चुने गए हों। उन्हें पाकिस्तान के आम पसंद हैं... आम वहीं से आएंगे जहां से उन्हें प्यार है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा, लेकिन जब वह दक्षिण भारत से (लोकसभा) चुनाव जीतकर आए तो उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों में भी खामियां निकालीं। वह अब भी उत्तर प्रदेश के आमों की मिठास नहीं देख सकते। उन्हें पाकिस्तान के आम पसंद हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा, यह एक गंभीर मुद्दा है। जब हम पड़ोसी देशों में ऐसे हालत देख रहे है, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस चाहती है कि भारत में भी ऐसी ही स्थिति हो।

भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी खुर्शीद की निंदा करते हुए उनकी टिप्पणी को अराजकतावादी करार दिया। रूडी ने कहा, वह कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य भी हैं। यह अराजकतावादी बयान है और मुझे लगता है कि यह एक प्रकार का राजद्रोह है। कांग्रेस अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए इस प्रकार की अराजकतावादी बयानबाजी का सहारा ले रही है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। खुर्शीद के बयान पर पात्रा ने पूछा कि क्या यह कांग्रेस की तरफ से चेतावनी है। पात्रा ने कहा, सलमान खुर्शीद ने कांग्रेस की तरफ से यह चेतावनी दी है। पुस्तक विमोचन समारोह में शशि थरूर सहित अन्य नेता भी मौजूद थे और एक तरह से उन्होंने जो कहा , यह उसका समर्थन है। पात्रा ने प्रश्न किया, कांग्रेस पार्टी की सोच क्या है? राहुल गांधी कहते थे कि इस देश में आगजनी होगी, दंगे होंगे, प्रधानमंत्री पर हमले होंगे, वह ऐसा क्यों कह रहे थे।

# केंद्र बांग्लादेशी प्रवासियों को पूर्वोत्तर में शरण नहीं दें, उन्हें पुनर्वासित नहीं कराए: एनईएसओ

**शिलांग।** नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एनईएसओ) ने बुधवार को केंद्र से अपील की कि वह बांग्लादेश से आए प्रवासियों को पूर्वोत्तर के किसी भी राज्य में न तो शरण न दे और ना ही पुनर्वासित कराए। एनईएसओ पूर्वोत्तर के छात्र संगठनों का महागठबंधन है। उसने केंद्र सरकार से पड़ोसी देश से अवैध प्रवेश को रोकने के लिए कड़ी जांच सुनिश्चित करने की भी अपील की। एनईएसओ अध्यक्ष सैम्युअल जैरवा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे पत्र में कहा, समूचे पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक भी बांग्लादेशी को शरण नहीं दी जाए या उसे पुनर्वासित नहीं कराया जाए। केंद्र सरकार के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था हो ताकि सीमा पार से अवैध आव्रजन के प्रयासों का पता लगाकर उसे रोका जा सके।

बांग्लादेश के साथ त्रिपुरा की 856 किलोमीटर, जबकि मेघालय की 443 किलोमीटर, मिजोरम की 318 किलोमीटर और असम की 262 किलोमीटर लंबी सीमा लगी हुई है। एनईएसओ ने कहा, अतीत की घटनाएं बताती हैं कि जब भी बांग्लादेश में कोई संघर्ष हुआ, तो वहां हुए बड़े पैमाने पर पलायन का खामियाजा पूर्वोत्तर को भुगतना पड़ा, चाहे वह 1947 में भारत के विभाजन के बाद हो या 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद। उसने दावा किया, तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) से लाखों प्रवासियों ने अवैध रूप से सीमा पार की और असम, त्रिपुरा और मेघालय में जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया। एनईएसओ ने कहा, विदेशियों के आगमन से स्थानीय लोगों और विदेशियों के बीच जमीन संबंधी विवाद, जबरन सांस्कृतिक समावेशन, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और अविश्वास की स्थिति पैदा हुई, क्योंकि ए अवैध विदेशी लोग स्थानीय समुदायों की भूमि पर बस गए और इस प्रकार दोनों समूहों के बीच वैमनस्य पैदा हो गया।

# लोगों के धैर्य की परीक्षा मत लीजिए, उद्धव ठाकरे ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर कहा

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम ने दुनिया को संदेश दिया है कि जनता सर्वोच्च है और सरकारों को उनके धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उद्धव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बांग्लादेश में हिंसा और अत्याचार के शिकार हिंदुओं को बचाने के लिए भी कहा। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल से संबंधित एक प्रश्न पर ठाकरे ने कहा, क्या आपको लगता है कि भारत में भी ऐसी ही स्थिति बन सकती है?



बांग्लादेश के घटनाक्रम पर जनता के संदेश के बारे में पूछे जाने पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एकमात्र संदेश यह है कि जनता सर्वोच्च है और राष्ट्र के भाग्य की अंतिम निर्णायक वही है। ठाकरे ने कहा, केवल एक ही संदेश है...जनता सर्वोच्च है और किसी भी नेता को उनके धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। यदि आप ऐसा करते हैं, तो जनता की अदालत क्या कर सकती है, यह बांग्लादेश में दिखा है। जनता की अदालत ने बांग्लादेश में फैसला सुनाया है।

इसी तरह के विरोध प्रदर्शन श्रीलंका और इजराइल में भी देखे गए, जहां प्रधानमंत्री के लिए अपने घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। ठाकरे ने कहा कि बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों को रजाकार कहा गया, जिसे उस देश में अपमानजनक माना जाता है। ठाकरे ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने आए किसानों को आतंकवादी कहा गया। बांग्लादेश की यह स्थिति सभी के लिए चेतावनी है। किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि वे भगवान से ऊपर हैं। हम सभी इंसान हैं। उद्धव विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं से मुलाकात करने और खासकर महाराष्ट्र, हरियाणा तथा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के संबंध में रणनीति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में हैं। ठाकरे ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करना केंद्र सरकार का कर्तव्य है, जो संघर्षग्रस्त देश में प्रदर्शनकारियों के अत्याचारों का सामना कर रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में युद्ध रोक सकते हैं, तो उन्हें बांग्लादेश में भी इसी तरह के कदम उठाने चाहिए।

# मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बांग्लादेश-भारत सीमा के समीप पाबंदियां लगाई गईं

**आइजोल।** मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बांग्लादेश और म्यांमा से लगती भारत की सीमा के पास पाबंदियां लगा दी गई हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के मद्देनजर ए पाबंदियां लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सीमा के तीन किलोमीटर के दायरे में शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक लोगों की आवाजाही पर सख्त पाबंदी होगी। मंगलवार को जारी किए गए सरकारी आदेश में कहा गया, इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी दंड मिलेगा। यह आदेश इसे जारी करने की तारीख से अगले दो महीने तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मिजोरम के तीन जिलों - लॉन्गतलाई, ममित और लुंगलेई में 318 किलोमीटर तक भारत की सीमा बांग्लादेश से सटी है। लॉन्गतलाई बांग्लादेश में अशांति के मद्देनजर निषेधाज्ञा जारी करने वाला पहला जिला है।

# बांग्लादेश संकट भारत के लिए सबक तानाशाही लंबे समय तक नहीं चलती: मुफ्ती

**भाषा।** श्रीनगर

**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश की स्थिति भारत के लिए एक सबक है कि युवाओं को निराशाजनक स्थिति में नहीं डालना चाहिए और तानाशाही लंबे समय तक नहीं चलती। नौकरी में आरक्षण को लेकर कई सप्ताह तक चले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितता का माहौल है। इसके कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भागना पड़ा। हजारों प्रदर्शनकारियों ने हसीना के देश छोड़कर जाने का जश्न मनाया। उन्होंने ढाका में हसीना के सरकारी आवास में लूटपाट और तोड़फोड़ की तथा उनकी पार्टी के कार्यालयों में आग लगा दी।

श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए मुफ्ती ने कहा कि देश को बांग्लादेश की स्थिति से सबक सीखना चाहिए। मुफ्ती ने कहा कि जब आप युवाओं को निराशाजनक स्थिति में डालते हैं, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने में विफल होकर उन्हें निराश करते हैं और शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उन्हें असहाय महसूस कराते हैं तो बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

उन्होंने कहा, हमें यह सबक सीखना चाहिए कि तानाशाही लंबे समय तक नहीं चलती और जब लोग अपने खिलाफ नीतियों या कानूनों से तंग आ जाते हैं तो उनका धैर्य खत्म हो जाता है। तब आपको शेख हसीना की तरह भागना पड़ता है। पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति जम्मू-कश्मीर जैसी है जहां युवाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, युवा आज बांग्लादेश के युवाओं की तरह असहाय महसूस कर रहा है। हमें इससे (बांग्लादेश संकट से) सबक सीखना चाहिए और युवाओं के मुद्दों का समाधान करना चाहिए।

# माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, अमेजन इंडिया सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट भारत का सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड बनकर उभरा है। रैंडस्टैड एम्प्लायर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर)-2024 ने एक रिपोर्ट में कहा कि इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और अमेजन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि माइक्रोसॉफ्ट ने वित्तीय स्वास्थ्य, अच्छी प्रतिष्ठा और करियर में प्रगति के अवसरों पर बहुत ऊंचा स्कोर हासिल किया है। ए तीन कंपनियों में कर्मचारियों के मूल्य की दृष्टि से प्रमुख कारक (ईवीपी) हैं। शीर्ष 10 सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड में चौथे स्थान पर टाटा पावर कंपनी और इसके बाद क्रमशः टाटा मोटर्स, सैमसंग इंडिया, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मर्सिडीज-बेंज हैं।

आरईबीआर-2024 एक स्वतंत्र सर्वेक्षण है, जिसमें भारत के 3,507 लोगों सहित दुनियाभर लगभग ।,73,000 लोगों और 6,083 कंपनियों की प्रतिक्रियाएं ली गईं। रैंडस्टैड इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्वनाथ पीएस ने कहा, इस वर्ष के आंकड़ों से निकले निष्कर्ष कार्यबल की बदलती अपेक्षाओं को दर्शाते हैं। चूंकि प्रतिभाएं कार्य-जीवन संतुलन और समानता को प्राथमिकता दे रही हैं, इसलिए संगठनों को अपनी प्रतिभा अधिग्रहण रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। इस वर्ष की रिपोर्ट के निष्कर्ष बताते हैं कि नौकरी बदलने की प्रवृत्ति पिछले वर्ष से स्थिर हुई है। हालांकि, नियोक्ताओं को अब भी शीर्ष प्रतिभाओं को बनाए रखने के लिए कार्य-जीवन संतुलन, करियर में प्रगति के पर्याप्त अवसर और एक जुझारू और अनुकूल वातावरण के साथ एक समग्र लाभ पैकेज की पेशकश करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, यह देखना उत्साहजनक है कि अधिकांश कार्यबल को अपने नियोक्ताओं से महंगाई को देखते हुए भी कुछ न कुछ अतिरिक्त लाभ दिया गया है। निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि प्रतिभाएं अपने काम में कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहती हैं।

## पश्चिम बंगाल में चार मंत्रियों के विभागों में फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस की मंजूरी के बाद कैबिनेट स्तर के तीन मंत्रियों समेत चार मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया। गृह विभाग की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। इस फेरबदल के तहत कुछ मंत्रियों को उनके वर्तमान विभागों के अलावा अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। अधिसूचना के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मानस भुंइया को उनके मौजूदा जल संसाधन जांच विभाग के अलावा सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग का जिम्मा भी सौंपा गया है। सिंचाई और जलमार्ग विभाग पहले पार्थ भौमिक के पास था, जो बैरकपुर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके अनुसार बाबुल सुप्रियो को सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग का प्रभार दिया गया। मोहम्मद गुलाम रब्बानी, जो पहले पर्यावरण विभाग संभालते थे, अब गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत विभाग के मंत्री होंगे। यह विभाग पहले सुप्रियो के पास था।

पर्यावरण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) अब राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के पास रहेगा, जिनके पास पहले से ही वित्त और कार्यक्रम निगरानी विभागों का स्वतंत्र प्रभार है। भट्टाचार्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, तथा योजना एवं सांख्यिकी विभागों के राज्य मंत्री भी हैं। अधिसूचना में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि सुधार गृह विभाग का प्रभारी कौन होगा, जिसका प्रभार अखिल गिरि ने सोमवार को छोड़ दिया था। राज्य मुख्यालय नबान्न के सूत्रों ने बताया कि अगली अधिसूचना तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस विभाग का कार्यभार संभालेंगी। गिरि पर वन विभाग के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप था, जिसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कहने पर मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# नकद भुगतान के बाद छुट्टा नहीं होने पर जोमैटो खाते में जुड़ जाएंगे रुपए: सीईओ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खान-पान संबंधी उत्पाद पहुंचाने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो के ग्राहक अब नकद भुगतान के दौरान अगर कोई शेष राशि रहती है तो ग्राहक डिलिवरी पर्सन को उसे अपने जोमैटो मनी खाते में जोड़ने के लिए कह सकते हैं। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने बुधवार को कहा कि ग्राहक इस राशि का उपयोग भविष्य के ऑर्डर देने या बाहर खाने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने इस विचार के पीछे की प्रेरणा के लिए टाटा समूह की कंपनी बिगबास्केट को धन्यवाद दिया। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, नकद भुगतान वाले ऑर्डर पर कभी-कभी छुट्टा मिलना मुश्किल हो सकता है। आज से, हमारे ग्राहक डिलिवरी पार्टनर को नकद में भुगतान कर सकते हैं, और शेष राशि को तुरंत अपने जोमैटो मनी खाते में जोड़ने के लिए कह सकते हैं। इस राशि का उपयोग भविष्य के ऑर्डर या बाहर खाने के लिए किया जा सकता है।

# बांग्लादेश संकट के कारण खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की आशंका: संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बीच अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष की एक विशेषज्ञ ने कहा है कि इस संकट से खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, क्षेत्रीय बाजारों में गतिरोध पैदा होने और निवेश पर होने वाले मुनाफे में जोखिम बढ़ने की आशंका है। रोम स्थित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (रणनीति व ज्ञान विभाग) ज्योत्सना पुरी ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि यह जानना महत्वपूर्ण है कि कृषि आय का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत हो सकती है, इसलिए सुरक्षा और शांति जरूरी है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में स्थिति स्वाभाविक रूप से नौकरियों और आजीविका के मुद्दों से भी जुड़ी हुई है।

यह पूछे जाने पर कि बांग्लादेश में कृषि क्षेत्र में संकट का तत्काल प्रभाव क्या होगा, उन्होंने कहा, इस उथल-पुथल के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि होगी, स्थानीय बाजारों के सामने आने वाले संकट के कारण वे प्रभावित होंगे।

पुरी ने मंगलवार शाम यहां यूएन हाउस में पीटीआई-भाषा से कहा, उम्मीद है कि ऐसा न हो, लेकिन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और बांग्लादेश में आने वाले निवेशकों पर प्रभाव पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा, मुनाफे के सामने आने वाला जोखिम बढ़ने की आशंका है, और ए ऐसी चीजें हैं जिनसे सावधान रहने की जरूरत है। वास्तव में बाहरी निवेशकों को आश्वस्त करना होगा कि उनके निवेश सुरक्षित हैं। कृषि, खाद्य सुरक्षा और स्थिर अर्थव्यवस्था के संबंध को रेखांकित करते हुए आईएफएडी विशेषज्ञ ने जोर देकर कहा कि कृषि आय का एक बहुत महत्वपूर्ण स्रोत है, इसलिए सुरक्षा व शांति जरूरी है। पुरी ने सुझाव दिया कि यदि कृषि क्षेत्र में अवसरों बढ़ाया जा सकता है, तो इससे नई नौकरियां और अवसर सृजित हो सकते हैं।

# इसरो 15 को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह प्रक्षेपित करेगा

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-08 उसके लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए 15 अगस्त को प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसरो ने एक बयान में बताया कि ईओएस-8 अभियान के प्राथमिक उद्देश्य सूक्ष्म उपग्रह का डिजाइन तैयार करना, पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के उपग्रहों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को शामिल करना हैं।

इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एसएसएलवी की तीसरी और अंतिम (विकासात्मक) उड़ान 15 अगस्त, 2024 को श्रीहरिकोटा से भारतीय समयानुसार नौ बजकर 17 मिनट पर ईओएस-08 लघु उपग्रह को प्रक्षेपित करेगी। इससे एसएसएलवी विकास परियोजना पूरी होगी। यह प्रक्षेपण भारतीय उद्योग एवं न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसएल) को परिचालन मिशन के लिए सक्षम बनाता है। माइक्रोसैटाआईएमएस-। बस पर निर्मित ईओएस-08 पर तीन पेलोड - इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआईआर), ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और एसआईसी यूवी डोसिमीटर - लेकर जाएगा।

इसरो ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान के मिशन की अवधि एक वर्ष है। इसका वजन लगभग 175.5 किलोग्राम है और यह लगभग 420 वाट की शक्ति उत्पन्न करता है। आईओआईआर पेलोड को तस्वीरें खींचने के लिए तैयार किया गया है। यह पेलोड मध्यम-वेव आईआर (एमआईआर) और दीर्घ-वेव-आईआर (एनडब्ल्यूआईआर) बैंड में दिन और रात के समय तस्वीरें खींच सकता है। उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने, ज्वालामुखी गतिविधि अवलोकन तथा औद्योगिक एवं विद्युत संयंत्र आपदा निगरानी जैसे कार्यों के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

जीएनएसएस-आर पेलोड समुद्री सतह की हवा का विश्लेषण, मृदा नमी आकलन, हिमालई क्षेत्र में क्रायोस्फेयर अध्ययन, बाढ़ का पता लगाने और जल निकायों का पता लगाने आदि के लिए जीएनएसएस-आर-आधारित रिमोट सेंसिंग का उपयोग करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है। एसआईसी यूवी डोसिमीटर गगनयान मिशन में क्रू मॉड्यूल के व्यूपोर्ट पर यूवी विकिरण पर नजर रखेगा और गामा विकिरण के लिए अलार्म सेंसर का काम करेगा। इसरो के अनुसार, ईओएस-08 उपग्रह कई कार्यों को एक एकल, कुशल इकाई में जोड़ने वाले संचार, बेसबैंड, भंडारण और स्थिति निर्धारण (सीबीएसपी) पैकेज के रूप में जानी जाने वाली एकीकृत वैमानिकी प्रणाली जैसी उपग्रह प्रणालियों में महत्वपूर्ण विकास को दर्शाता है।

# पेज 1 का शेष

## ओह विनेश...

से खेलना था। सेमीफाइनल में विनेश से हारने वाली क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज अब उनकी जगह फाइनल खेलेगी। भारतीय दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला ने कहा कि विनेश को निर्धारित वजन के भीतर लाने की हरसंभव कोशिश की गई। उन्होंने कहा , इसके तहत खाने पीने में कटौती, पसीना बहाने वाले व्यायाम और सौना बाथ भी दिया गया। इससे उसकी ऊर्जा खत्म हो गई और उसे कमजोरी लग रही थी। ऊर्जा बहाल करने के लिए थोड़ा पानी और ऊर्जा देने वाला खाना दिया गया। कई बार प्रतिस्पर्धा के बाद रिबाउंड वजन बढ भी जाता है। उन्होंने कहा , मुकाबले के बाद उसका वजन बढ गया था। कोच ने वजन कम करने की सामान्य प्रक्रिया अपनाई और लगा कि लक्ष्य हासिल हो जाएगा। उसके बाल भी काटे गए लेकिन उसका वजन कम नहीं हुआ। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों के अनुसार पहलवान को वजन कराने की अवधि में कई बार अपना वजन कराने का अधिकार होता है। नियम के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी पहली और दूसरी बार वजन कराने के समय उपस्थित नहीं होता या अयोग्य होता है तो उसे स्पर्धा से बाहर कर दिया जाएगा और वह आखिरी स्थान पर रहेगा। उसे कोई रैंक नहीं मिलेगी। पेरिस ओलंपिक आयोजन समिति ने एक बयान में कहा, विनेश दूसरे दिन कराए गए वजन में अयोग्य पाई गई। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के नियमों की धारा 11 के अनुसार विनेश (भारत) की जगह उस पहलवान को दी जाएगी जिसे उसने सेमीफाइनल में हराया था। इसी वजह से क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को फाइनल खेलने का मौका दिया गया है। इसमें कहा गया, जापान की युइ सुसाकी और यूक्रेन की ओकसाना लिवाच के बीच रेपेशॉज मुकाबला कांस्य पदक का होगा। इससे पहले इटली की एमैन्युएला लियुजी को भी वजन अधिक पाए जाने के कारण पहले दौर का मुकाबला गंवाना पड़ा था। भारतीय कुश्ती दल इस घटनाक्रम से मायूस है। विनेश ने ओलंपिक से पहले कहा था कि यह उनका आखिरी ओलंपिक है और अब देखना है कि वह फैसला बदलती है या नहीं। भारत के राष्ट्रीय महिला कोच वीरेंदर दहिया ने कहा , हर किसी को लग रहा है मानो घर में कोई मर गया हो। हमें नहीं पता कि हमें क्या हुआ है। हर कोई सदमे में है। अगर पहलवान के शरीर का वजन भारवर्ग से अधिक है तो उस स्तर तक लाना काफी दर्दनाक प्रक्रिया है। विनेश के शरीर का वजन 56 . 57 किलो है और उसे 50 किलो तक आने में काफी प्रयास लगे। आमंत्रण टूर्नामेंट में यूडब्ल्यूडब्ल्यू दो किलो की छूट देता है लेकिन ओलंपिक, विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई चैम्पियनशिप में नहीं। वजन कम करने के लिए खिलाड़ी दो दिन तक खाना और पानी के बिना भी रह जाते हैं। मुक्केबाज निकहत जरीन ने पेरिस ओलंपिक में हार के बाद कह था कि भारवर्ग में रहने के लिए उसने दो दिन तक खाना या पानी नहीं लिया जिससे वह कमजोरी महसूस कर रही थी।

## आप चैंपियनों...

मजबूत होकर वापस आओ! हम सभी आपका समर्थन कर रहे हैं। लोकसभा में एक बयान में, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि आईओए ने विनेश फोगाट को ओलंपिक से अयोग्य ठहराए जाने पर यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईओए प्रमुख पीटी उषा से इस मामले में 'उचित कार्रवाई' करने को कहा है। इससे पहले, फोगाट की अयोग्यता की खबर आते ही विपक्षी सांसदों ने शून्यकाल के दौरान सदन में विरोध प्रदर्शन किया और इस मुद्दे पर सरकार से बयान देने की मांग की। पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक से अयोग्य ठहराए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ इस फैसले को कड़ी चुनौती देगा और विश्वास जताया कि वह कुश्ती के क्षेत्र में और मजबूती से वापसी करेंगी।

## नया विधेयक...

विधेयक 'वक्फ-अलल-औलाद' के निर्माण से संबंधित विवादास्पद प्रावधान को संबोधित करता है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि इसके परिणामस्वरूप वक्फ के महिला उत्तराधिकारियों सहित उत्तराधिकारियों के विरासत अधिकारों से इनकार नहीं किया जाएगा। वक्फ शब्द को स्पष्ट रूप से कम से कम पांच वर्षों तक इस्लाम का अभ्यास करने वाले और ऐसी संपत्ति का स्वामित्व रखने वाले व्यक्ति द्वारा परिभाषित किया जाएगा। रेलवे और रक्षा सहित सरकारी संस्थाओं के स्वामित्व वाली भूमि के बाद, वक्फ संपत्तियों की संख्या तीसरी सबसे अधिक है। हालाँकि, इन ज़मीनों का मूल्य और उत्पन्न राजस्व मेल नहीं खाता। करोड़ों की संपत्ति के साथ, वार्षिक राजस्व 200 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होता है।विधेयक में बोहरा और आगाखानियों के लिए एक अलग औकाफ बोर्ड की स्थापना का भी प्रस्ताव है। मसौदा कानून मुस्लिम समुदायों के बीच शिया, सुन्नी, बोहरा, आगखानी और अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान करता है। विधेयक का उद्देश्य वक्फ को कम से कम पांच वर्षों तक इस्लाम का पालन करने वाले और ऐसी संपत्ति का स्वामित्व रखने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा वक्फ के रूप में स्पष्ट रूप से परिभाषित करना है। नए विधेयक में कहा गया है, इस अधिनियम के लागू होने से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी या घोषित की गई किसी भी सरकारी संपत्ति को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। विधेयक में प्रस्तावित एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अधिनियम के लागू होने से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी या घोषित की गई किसी भी सरकारी संपत्ति को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यदि कोई सवाल उठता है कि क्या ऐसी कोई संपत्ति सरकारी संपत्ति है, तो मामला क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर को भेजा जाएगा, जो जांच करेगा और यह निर्धारित करेगा कि ऐसी संपत्ति सरकारी संपत्ति है या नहीं और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप देगा। मसौदा विधेयक कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों की घोषणा में एक महत्वपूर्ण भूमिका भी देता है, जिसमें कहा गया है कि ऐसी संपत्ति को तब तक वक्फ घोषित नहीं किया जाएगा जब तक कि जिला मजिस्ट्रेट रिपोर्ट नहीं देता। इसके अतिरिक्त, विधेयक में ट्रिब्यूनल की व्यापक शक्तियों को कम करने का प्रस्ताव है, और उस खंड को हटाने का प्रस्ताव है जिसमें कहा गया है कि ट्रिब्यूनल का निर्णय अंतिम है।विधेयक में अधिनियम के तहत पंजीकृत प्रत्येक वक्फ को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2024 के शुरू होने से छह महीने के भीतर पोर्टल और डेटाबेस पर वक्फ और वक्फ को समर्पित संपत्ति का विवरण दर्ज करने की आवश्यकता है। एक केंद्रीय पोर्टल और डेटाबेस के माध्यम से हो।विधेयक में कम से कम 5,000 रुपये की शुद्ध वार्षिक आय वाले प्रत्येक वक्फ के मुतवल्ली द्वारा बोर्ड को देय वार्षिक योगदान को सात प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड के अंतर्गत लगभग 8.7 लाख संपत्तियां हैं।वक्फ अधिनियम के तहत, वक्फ का तात्पर्य विशेष रूप से धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित संपत्ति से है। देश में 30 वक्फ बोर्ड हैं, जो लगभग 9.4 लाख एकड़ भूमि को नियंत्रित करते हैं।

## शीर्ष अदालत...

न्यायाधीश के आदेश में की गईं टिप्पणियां...अंतिम आदेश के लिए पूरी तरह अनावश्यक थीं।

## अशांत...

जहां उन्होंने देश के पुनर्निर्माण के लिए शांति की अपील की। जिया (79) को हसीना के शासनकाल में 2018 में भ्रष्टाचार के आरोप में 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

## कोलकाता में...

वह कहते हैं, मैं शांति लौटने का इंतजार कर रहा हूं ताकि मैं घर वापस जा सकूं। हृदय और किडनी की मरीज अपनी मां को इलाज के लिए लेकर भारत आए रफीकुल रहमान ने कहा, हम फंसे हुए हैं। हम मुसलमान हैं और बांग्लादेश में अपने परिवारों की सुरक्षा को लेकर कमोबेश आश्वस्त हैं। लेकिन हम वास्तव में अपने अल्पसंख्यक दोस्तों के बारे में चिंतित हैं जो अक्सर हमारे लिए बहुत अच्छे रहे हैं और कोलकाता में हमारे रहने की व्यवस्था करते हैं।

## मालीवाल...

इसके बाद शीर्ष अदालत ने राजू को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को तय की। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कुमार के बर्ताव के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, क्या इस तरह के गुंडे मुख्यमंत्री के आवास में काम करने चाहिए? पीठ ने कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दर्ज की गई घटना के विवरण से स्तब्ध है। कुमार ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं।

# लोकसभा ने वित्त विधेयक पारित किया

## अचल संपत्तियों पर एलटीसीजी कर प्रावधान में संशोधन

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकसभा** ने बुधवार को वित्त (संख्यांक 2) विधेयक, 2024 को पारित कर दिया। इसके साथ ही सरकार ने रियल एस्टेट पर हाल ही में लागू किए गए नए पूंजीगत लाभ कर में राहत दी है, जिससे करदाताओं को नई कम कर दर अपनाने या पुरानी व्यवस्था के साथ बने रहने का विकल्प मिल गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में रियल एस्टेट पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) को बिना इंडेक्सेशन लाभ के 20 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने बुधवार को सदन में वित्त विधेयक में इस संबंध में संशोधन पेश किया। अचल संपत्तियों की बिक्री पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना में इंडेक्सेशन लाभ को हटाने के लिए बजट 2024-25 में रखे गए प्रस्ताव की विपक्षी दलों और कर पेशेवरों सहित विभिन्न पक्षों ने तीखी आलोचना की थी। लोकसभा ने 45 सरकारी संशोधनों के साथ ध्वनिमत से वित्त (संख्यांक 2) विधेयक, 2024 को पारित कर दिया। यह विधेयक अब राज्यसभा में चर्चा के लिए जाएगा लेकिन उच्च सदन को संविधान के अनुसार किसी धन विधेयक को खारिज करने का अधिकार नहीं है और वह ऐसे विधेयक केवल लौटा सकता है। राज्यसभा नियत 14 दिन में वित्त विधेयक नहीं लौटाती तो इसे पारित मान लिया जाता है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह आश्वासन दिया कि संशोधन के बाद एलटीसीजी कर के संबंध में कोई अतिरिक्त कर बोझ नहीं बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विपक्ष बजट को लेकर मध्यम वर्ग के सरकार से नाराज होने का झूठा माहौल बना रहा है और सरकार ने करों में भारी वृद्धि किए बिना कराधान व्यवस्था को सरल बनाया है और कई ऐसे उपाय किए हैं जिनसे मध्यम वर्ग को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ सरकार ने सरल और प्रौद्योगिकी संचालित कर प्रणाली बनाई है जिसका उद्देश्य कराधान को सरल करना, करदाताओं पर बोझ कम करना और इसे पारदर्शी बनाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसी बुनियाद पर कर प्रस्ताव रखे गए हैं। उन्होंने कहा, कुछ (विपक्षी) सदस्यों ने मध्यम वर्ग पर कर का बोझ होने की बात कही है। माहौल ऐसा बनाया जा रहा है कि मध्यम वर्ग नाराज है, उसके लिए कुछ नहीं किया गया। सीतारमण ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, आपातकाल लगाने वालों की सरकारों में देश में 98 प्रतिशत तक कर लगता था। तब मध्यम वर्ग की चिंता नहीं थी। इस सरकार ने पिछले दस साल में कर प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता जानती है कि 2004 से 2014 के बीच कितने भ्रष्टाचार के मामले आए और कितना पैसा सरकारी खजाने में गया और कितना कुछ वंशवादी नेताओं की जेब में। उन्होंने नई कर प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि 15 लाख रुपए की वार्षिक आय पर प्रभावी कर 2023 में घटाकर 10 प्रतिशत किया गया और नई आयकर व्यवस्था के तहत इस साल भी इसे और कम किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस बजट में वेतनभोगी वर्ग के लिए मानक छूट 50 हजार रुपए से 75 हजार रुपए की गई है और प्रभावी राहत 17,500 रुपए की मिल सकती है। सीतारमण ने कहा कि कोविड महामारी के बाद अधिकतर विकसित देशों ने आयकर बढ़ाया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे स्पष्ट निर्देश दिया था कि कोविड खर्च के लिए नागरिकों पर कोई कर नहीं लगाया जाए। हमने इन वर्षों में कर बिल्कुल नहीं बढ़ाया। पिछले दो साल में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि ऐसे सभी उपायों से मध्यम वर्ग को निश्चित रूप से फायदा होगा। वित्त मंत्री ने विवाद से विश्वास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भी एमएसएमई, छोटी कंपनियों और आम लोगों को राहत मिली है और यह भी मध्यम वर्ग है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए एंजल टैक्स को हटाने से बड़ी राहत मिली है। वित्त मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 2012 में (संप्रग सरकार में) यह कर लाया गया था और जो लोग इसे लाए, वे ही इसे शोषण वाला कर बताकर हटाने की मांग कर रहे थे। सीतारमण ने कहा, हमने दो साल तक इसे हटाने की दिशा में काम किया और इस साल बजट में इसे समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि 2013 में आयकर रिटर्न दाखिल करने के बाद इसके प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) का समय 93 दिन था जिसे घटाकर 10 दिन कर दिया गया है। सीतारमण ने नई कर प्रणाली का उल्लेख करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले 7.22 करोड़ करदाताओं में से 72 प्रतिशत यानी 5.25 करोड़ ने नई कर प्रणाली को अपनाया है।उन्होंने कहा, इसका यह मतलब नहीं है कि नई कर प्रणाली में आने वाले बचत नहीं कर रहे। वे बचत भी कर रहे हैं।

उन्होंने सदन को यह भी बताया कि इस बार 58.57 लाख करदाता ऐसे रहे जिन्होंने पहली बार आयकर रिटर्न दाखिल किया। सीतारमण ने कहा, इससे संकेत मिलता है कि देश में कर आधार बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, हमारे कर प्रस्ताव निवेश लाने, रोजगार बढ़ाने और विकास करने वाले हैं। उन्होंने विपक्ष के कुछ सदस्यों के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कॉरपोरेट का कर कम करने की धारणा गलत है।वित्त मंत्री ने कहा कि म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा है और 2019 से हर महीने औसतन 17.88 लाख नए पोर्टफोलियो बढ़ रहे हैं तथा आज देश में करीब चार करोड़ म्यूचुअल फंड निवेशक हैं।

# हिंसा में बांग्लादेशी अभिनेता, निर्माता की मौत से स्तब्ध है कोलकाता फिल्म उद्योग

**कोलकाता।** कोलकाता फिल्म उद्योग के सदस्यों ने पड़ोसी देश में अशांति के दौरान बांग्लादेशी अभिनेता शांतो खान और उनके पिता, निर्माता सलीम खान के मारे जाने पर बुधवार को दुख व्यक्त किया। कोलकाता में फिल्मी हस्तियों ने अभिनेता-निर्माता की मौत की वजहों पर टिप्पणी करने से इंकार करते हुए कहा कि यह पड़ोसी देश का अंदरुनी मामला है। इनमें से कई बांग्लादेशी फिल्म परियोजनाओं में शांतो के साथ काम कर चुके हैं। लोकप्रिय अभिनेता रजतभा दत्ता ने कहा, मैं यह जानकर स्तब्ध रह गया कि वह (शांतों) और उनके पिता (सलीम) मारे गए। हम नहीं जानते कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।... हम जैसे कलाकार जो कला और रचनात्मकता से पनपते हैं, हमेशा शांति, सौहार्द और भाईचारे की कामना करते हैं। वर्ष 2022 में बांग्लादेशी फिल्म बिखोव (असंतोष) में खान के साथ काम कर चुके दत्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सेट पर इस युवा अभिनेता का सहयोगपरक एवं सम्मानजनक रवैया रहता था। उन्होंने कहा, (बांग्लादेश के) चांदपुर में फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मेरी जरूरतों का ख्याल रखा। होटल में भी वह मेरी जरूरतों के प्रति सजग रहते थे। मुझे नहीं पता कि कैसे और क्यों उन्हें इतनी कम उम्र में उनकी मृत्यु हुई। हालांकि उन्होंने बांग्लादेश की स्थिति पर कुछ भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शांतो ने 2019 में प्रेम चोर से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और बाद में 2021 में पिया रे , 2023 में बुबूजान और 2024 में अंतो नगर में अभिनय किया। पिया रे में शांतो के साथ अभिनय कर चुकीं अभिनेत्री कौशानी मुखोपाध्याय ने कहा, मुझे सोमवार देर रात यह बेहद परेशान करने वाली खबर मिली और तब से मैं व्यथित हूं। उन्होंने याद किया कि फिल्म की चांदपुर और ढाका में शूटिंग के दौरान शांतो ने उनका एवं भारत से आए अन्य कलाकारों का भरपूर आतिथ्य सत्कार किया था। फिल्म निर्माता राज चक्रवर्ती ने कहा, किसी की भी मौत, चाहे वह प्रदर्शनकारी छात्र की हो, पुलिसकर्मी की हो, अभिनेता की हो, निर्माता की हो या राजनीतिक कार्यकर्ता की हो, स्तब्ध करने वाली होती है। हम सभी के पास बांग्लादेश में काम करने की स्मृतियां हैं। मैं यह बात सिर्फ़ फिल्म उद्योग के हितधारक के तौर पर नहीं कह रहा हूं, बल्कि एक इंसान और भारत के नागरिक के तौर पर भी कह रहा हूं।

# अवांछित कॉल पर अंकुश के लिए नियमनों को और मजबूत बनाएगा ट्राईः चेयरमैन

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने बुधवार को कहा कि दूरसंचार नियामक अवांछित कॉल पर अंकुश लगाने के लिए नियमनों की समीक्षा करेगा और उन्हें मजबूत बनाएगा।ट्राई के एजेंडा में अवांछित कॉल पर कार्वाई शीर्ष पर है। अनाधिकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों से अनचाहे संचार के बारे में उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों के बीच नियामक इस मुद्दे पर अपना रुख सख्त कर रहा है।लाहोटी ने ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) द्वारा आयोजित इंडिया सैटकॉम-2024 के अवसर पर कहा, हमने अवांछित कॉल पर सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत की है और यह हमारी अगली प्राथमिकता है। हम गंभीरता से काम करेंगे...हम अवांछित या स्पैम कॉल के मुद्दे पर जांच सख्त करने के लिए मौजूदा नियमों में लोगों द्वारा पाई जाने वाली किसी भी खामी को दूर करेंगे। ट्राई ने मंगलवार को एक बैठक आयोजित कर सेवा प्रदाताओं और उनके टेलीमार्केटिंग कंपनियों को कड़ा संदेश दिया कि वे वॉयस कॉल का उपयोग कर बड़े पैमाने पर संचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।कार्वाई के तौर पर नियामक ने सभी हितधारकों, विशेष रूप से एक्सेस सेवा प्रदाताओं (दूरसंचार कम्पनियों) और उनके डिलिवरी टेलीमार्केटर्स से सक्रिय कार्वाई करने की मांग की है।तत्काल कार्वाई के तहत पहचान के लिए तकनीकी समाधान लागू करना और 10 अंक वाले नंबर का उपयोग करके उद्यम ग्राहकों द्वारा एक साथ कई कॉल को रोका जाएगा। कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी और घोटाले की बढ़ती घटनाओं तथा इनपर कार्वाई को लेकर लाहोटी ने कहा कि नियामकों की एक संयुक्त समिति इस मुद्दे के समाधान के लिए सामूहिक रूप से काम कर रही है। ट्राई उपग्रह आधारित दूरसंचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन के लिए नियम, शर्तें और अन्य तौर-तरीके तय करने के लिए परामर्श प्रक्रिया एक महीने में शुरू करेगा।लाहोटी ने कहा कि भारत का उपग्रह संचार क्षेत्र फल-फूल रहा है और इसमें देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता है।

# निजामी मराठा ओबीसी आरक्षण को छीनने की कर रहे हैं कोशिशः प्रकाश

**जालना** (महाराष्ट्र)। आरक्षण विवाद के बीच वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने दावा किया है कि निजामी मराठा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित आरक्षण को छीनने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी आरक्षण बचाओ यात्रा के तहत प्रकाश आंबेडकर ने मंगलवार को यहां एक जनसभा में कहा कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ओबीसी को ऐसी साजिशों को विफल करना चाहिए। उन्होंने मराठा समुदाय को ओबीसी के तहत सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा में आरक्षण देने की मांग कर रहे आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पर भी निशाना साधा।महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें (मराठों को) एक अलग श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए फरवरी में एक कानून बनाया था।कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल समेत ओबीसी नेताओं ने पिछड़े समुदायों के लिए मौजूदा आरक्षण में किसी भी तरह की कटौती करने संबंधी कदम का विरोध किया है। वीबीए प्रमुख ने 25 जुलाई को मुंबई की चैत्यभूमि से अपनी यात्रा शुरू की थी जिसका समापन बुधवार को छत्रपति संभाजीनगर में होगा। प्रकाश आंबेडकर ने कहा, निजामी मराठा ओबीसी आरक्षण छीनने की कोशिश कर रहे हैं। वह पिछली हैदराबाद रियासत पर निजाम के शासन के ऐतिहासिक संदर्भ को रख रहे थे। हैदराबाद रियासत में मराठवाड़ा क्षेत्र भी शामिल था। वीबीए प्रमुख ने दावा किया कि सत्ता में और विपक्ष में बैठे दलों के मराठा नेता आगामी विधानसभा चुनाव के बाद ओबीसी आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में ओबीसी को उनकी साजिश को विफल करना चाहिए। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि ओबीसी आरक्षण दांव पर लगा है। उन्होंने लोगों से ओबीसी आरक्षण को कमजोर करने की साजिश को विफल करने के लिए ओबीसी और वीबीए से 100 सदस्यों को महाराष्ट्र विधानसभा में भेजने का आग्रह किया। ओबीसी कार्यकर्ता नवनाथ वाघमारे भी रैली में मौजूद थे। वाघमारे ने ओबीसी आरक्षण की रक्षा के लिए लक्ष्मण हाके के साथ 10 दिन की भूख हड़ताल की थी। वाघमारे ने छगन भुजबल जैसे वरिष्ठ नेताओं का अनादर करने के लिए जरांगे पर निशाना साधा। उन्होंने सत्ता में बैठे मराठा नेताओं पर जरांगे की अनुचित मांगों का समर्थन करने का भी आरोप लगाया।

# आलू की किल्लत दूर करने के लिए ओडिशा सरकार उत्तर प्रदेश से कर रही है खरीदारी

**भुवनेश्वर। (भाषा)** ओडिशा में आलू की किल्लत दूर करने के लिए राज्य सरकार उत्तर प्रदेश से आलू खरीद रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल से आलू की अनियमित आपूर्ति के कारण ओडिशा में आलू का गंभीर संकट हो गया है।

ओडिशा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री के. सी. पात्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश से पर्याप्त मात्रा में आलू पहुंचने के बाद दो से तीन दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि बाजार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ओडिशा सरकार आपूर्ति बढ़ाने और आलू की कीमतें कम करने के लिए पंजाब से आलू खरीदने पर भी विचार कर रही है। पात्रा ने मंगलवार की शाम व्यापारी संघ, कोल्ड स्टोरेज इकाइयों के मालिकों और खुदरा विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश से आलू की खरीद बढ़ाने का निर्णय लिया है। मंत्री ने दावा किया कि बाजार में आलू लगभग 35 रुपए प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध है और इसके 40-50 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिकने की खबरें झूठी और निराधार हैं। ओडिशा ने अब तक उत्तर प्रदेश से 140 ट्रक आलू खरीदे हैं। ओडिशा ट्रेडर्स महासंघ के सचिव सुधाकर पांडा ने कहा, ओडिशा के लोग उत्तर प्रदेश के आलू को पसंद नहीं करते, क्योंकि इसका स्वाद मीठा होता है। इसलिए व्यापारी भी उन्हें खरीदने में रुचि नहीं लेते। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने ओडिशा के लिए आलू का परिवहन कथित तौर पर रोक दिया है। उन्होंने बताया कि आलू से भरे करीब 300 ट्रक ओडिशा में प्रवेश के इंतजार में हैं। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा, राज्य में बेईमान व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।मंत्री ने कहा, यह सच नहीं है कि उत्तर प्रदेश के आलू अच्छी गुणवत्ता के नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के आलू बंगाल के आलू से काफी बेहतर हैं...। एक अधिकारी ने बताया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 27 जुलाई को नई दिल्ली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की थी और उनसे राज्य में आलू की आपूर्ति सुचारू करने का अनुरोध किया था।

**मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने बुरहानपुर के स्मारकों पर वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज किया:**जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने बुरहानपुर जिले के कुछ प्रमुख ऐतिहासिक स्मारकों पर स्वामित्व का दावा करने वाले मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के आदेश को खारिज कर दिया है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने 19 जुलाई, 2013 को एक आदेश में शाह शुजा की कब्र, नादिर शाह की कब्र, बीबी साहिब की मस्जिद और बुरहानपुर के किले में स्थित एक महल को अपनी संपत्ति घोषित किया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि एएसआई इन स्मारकों की रक्षा कर रहा है और ए केंद्र सरकार की संपत्ति हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से अभियोजन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

## धनशोधन मामलों में दोषसिद्धि की कम दर

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन के मामलों में दोषसिद्धि की कम दर का हवाला देते हुए बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अभियोजन और साक्ष्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संसद में दिए गए एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि ईडी को दोषसिद्धि दर बढ़ाने के लिए कुछ वैज्ञानिक जांच करनी चाहिए।



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि ईडी ने 2014 से 2024 के बीच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुल 5,297 मामले दर्ज किए, जबकि 40 मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित की गई। शीर्ष अदालत ने छत्तीसगढ़ के एक व्यवसाई की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। व्यापारी को कोयला परिवहन पर अवैध शुल्क से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू से कहा, आपको अभियोजन पक्ष और साक्ष्य की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जिन मामलों में आप इस बात से संतुष्ट हैं कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है, आपको उन्हें अदालत में साबित करने की आवश्यकता है। इसने कहा, इस मामले में आप कुछ गवाहों द्वारा दिए गए बयानों, हलफनामों पर जोर दे रहे हैं। इस तरह के मौखिक साक्ष्य... भगवान ही जाने कि कल वह व्यक्ति इस (बयानों) के साथ खड़ा होगा या नहीं। आपको कुछ वैज्ञानिक जांच करनी चाहिए। राजू ने दलील दी कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के विपरीत, धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत बयानों को साक्ष्य माना जाता है। इस पर, न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 के तहत, गिरफ्तार करने वाले अधिकारी को आरोपी को यह बताने की आवश्यकता होती है कि अपराध में उसकी संलिप्तता पर विश्वास करने के कारण क्या हैं और उन्होंने एएसजी से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि वर्तमान मामले में गिरफ्तारी का आदेश बरकरार रहने लायक है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में शीर्ष अदालत ने कहा था कि आरोपी को गिरफ्तारी के आधार के अलावा यह भी बताया जाना चाहिए कि अपराध में उसकी संलिप्तता पर विश्वास करने के कारण क्या हैं।

## न्यायाधीशों को अदालत में टिप्पणी करते समय संयम जिम्मेदारी दिखानी चाहिए

**नई दिल्ली।( भाषा )** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि न्यायाधीशों को अदालतों में कार्यवाही के दौरान टिप्पणियां करते समय संयम और जिम्मेदारी दिखानी चाहिए, विशेषकर तब जब सुनवाई का सीधा प्रसारण हो रहा हो। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा अवमानना कार्यवाही में शीर्ष अदालत के खिलाफ की गई अनुचित टिप्पणियों को सुनवाई से हटाते हुए यह कहा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कहा, ऐसे समय में जहां अदालत में होने वाली किसी भी कार्यवाही की व्यापक रिपोर्टिंग होती है, विशेष रूप से सीधे प्रसारण के संदर्भ में, जिसका उद्देश्य नागरिकों को अदालत की कार्यवाही, न्याय तक पहुंच प्रदान करना है, यह और भी अधिक आवश्यक है कि न्यायाधीश कार्यवाही के दौरान अदालत में की जाने वाली टिप्पणियों में संयम और जिम्मेदारी दिखाएं। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय भी शामिल थे। पीठ ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजबीर सेहरावत द्वारा 17 जुलाई के आदेश में की गई टिप्पणियों को हटा दिया। सुनवाई के दौरान मामले में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के समक्ष 17 जुलाई की कार्यवाही का एक वीडियो प्रसारित होने का हवाला दिया। पीठ ने कहा, 17 जुलाई, 2024 का आदेश एक वीडियो के कारण और जटिल बन गया है, जो सुनवाई के दौरान एकल न्यायाधीश द्वारा की गई अनुचित अनावश्यक टिप्पणियों को दर्शाता है। पीठ ने कहा कि वीडियो में जो टिप्पणियां की गई हैं, वे न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकती हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, हमें उम्मीद और भरोसा है कि भविष्य में सावधानी बरती जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि वह 17 जुलाई के आदेश में उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा की गई टिप्पणियों से व्यथित है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे अवगत कराया गया है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने न्यायाधीश की टिप्पणियों का स्वत: संज्ञान लिया है और उनके आदेश पर रोक लगा दी।

# कर्मचारियों के लिए एनपीएस के बजाय पुरानी पेंशन योजना की समय सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव नहीः केंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को अवगत कराया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के बदले पुरानी पेंशन योजना स्वीकार करने की समय सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एनपीएस की शुरुआत 2003 में की गई थी। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि एक जनवरी, 2004 से केंद्र सरकार की सेवा में (सशस्त्र बलों को छोड़कर) सभी नई भर्तियों के लिए एनपीएस अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णयों के अनुसरण में पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने तीन मार्च, 2023 को निर्देश जारी किए थे, जिसमें केंद्र सरकार के उन असैन्य कर्मचारी को केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 (अब 2021) के अंतर्गत शामिल होने के लिए एकल विकल्प दिया गया था, जिन्हें 22 दिसंबर, 2003 को एनपीएस की अधिसूचना से पहले भर्तीनियुक्ति के लिए अधिसूचित पद या रिक्ति पर नियुक्त किया गया।

# हथकरघा उत्पाद खरीदने की आदत बनाएं

**नई दिल्ली।** (भाषा) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत की प्रगति को रोका नहीं जा सकता और देश दो साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे साड़ी, कुर्ते, शॉल आदि हथकरघा उत्पाद खरीदने की आदत बनाने का संकल्प लें, ताकि यह एक फैशन स्टेटमेंट , एक ब्रांड बन जाए और इसकी बिक्री बढ़े।

उपराष्ट्रपति ने 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में विश्वास व्यक्त किया कि यदि हम जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में सोचें तो हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए इसका इष्टतम उपयोग किया जाएगा, जो समय की मांग है, देश की तथा पृथ्वी की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल आह्वान के मूल में आर्थिक स्वतंत्रता है। हथकरघा उत्पाद इसके प्रमुख तत्वों में से एक हैं। आर्थिक राष्ट्रवाद की जोरदार वकालत करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह देश की आधारभूत आर्थिक वृद्धि के लिए मौलिक है। इससे विदेशी मुद्रा की



बचत, रोजगार सृजन तथा उद्यमिता को बढ़ावा सहित तीन प्रमुख प्रभाव होंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं चाहता हूं कि हर कोई राष्ट्रीय हित का सम्मान करे। क्या हम केवल राजकोषीय लाभ के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद का त्याग कर सकते हैं?... धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है और आज कोई भी यह नहीं कह सकता कि हम संभावनाओं से भरा राष्ट्र हैं, क्योंकि हम प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ... हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम दो साल या उससे भी कम समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

**देवेश चतुर्वेदी कृषि सचिव, संदीप पोंडरिक इस्पात सचिव नियुक्त:**नई दिल्ली। वरिष्ठ नौकरशाह देवेश चतुर्वेदी और संदीप पोंडरिक को क्रमशः कृषि और इस्पात सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के अधिकारी चतुर्वेदी वर्तमान में अपने कैडर राज्य उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं।

# जीव रसायन वैज्ञानिक गोविंदराजन पद्मनाभन का नाम पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध जीव रसायन वैज्ञानिक गोविंदराजन पद्मनाभन का नाम पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की इस साल शुरुआत की है। सरकार ने बुधवार को 33 राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें युवा वैज्ञानिकों के लिए 18 विज्ञान युवा पुरस्कार, 13 विज्ञान श्री पुरस्कार और एक विज्ञान टीम पुरस्कार शामिल है। विज्ञान टीम पुरस्कार टीम चंद्रयान-3 को दिया जाएगा। सरकार ने इस साल की शुरुआत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवोन्मेषकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और नवोन्मेषी योगदान को सराहने के लिए इन पुरस्कारों की घोषणा की थी। विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले वैज्ञानिकों में खगोल भौतिकविद अन्नपूर्णी सुब्रमण्यन, कृषि वैज्ञानिक आनंदरामकृष्णन सी, आवेश कुमार त्यागी (परमाणु ऊर्जा), प्रो. उमेश वार्ष्णेय और प्रो. जयंत भालचंद्र उदगांवकर (दोनों जैविक विज्ञान के क्षेत्र में), प्रो. सैयद वजीह अहमद नकवी (पृथ्वी विज्ञान), प्रो. भीम सिंह (इंजीनियरिंग विज्ञान), प्रो. आदिमूर्ति आदि और प्रो. राहुल मुखर्जी (गणित और कंप्यूटर विज्ञान), प्रो. डॉ. संजय बिहारी (चिकित्सा), प्रो. लक्ष्मणन मुथुसामी और प्रो. नबा कुमार मंडल (भौतिकी) और प्रो. रोहित श्रीवास्तव (प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष) शामिल हैं। विज्ञान युवा पुरस्कार प्राप्त करने वालों में कृष्ण मूर्ति एस एल और स्वरूप कुमार परिदा (कृषि विज्ञान), राधाकृष्णन महालक्ष्मी और प्रो. अरविंद पेनमैत्सा (जैविक विज्ञान), विवेक पोलशेट्टीवार और विशाल राय (रसायन विज्ञान), रॉक्सी मैथ्यू कोल (पृथ्वी विज्ञान) शामिल हैं।

# ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आह्वान किया

● कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और हत्या व बलात्कार की घटनाएं जारी

**ढाका।** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों को छात्र आंदोलन की मूल भावना के खिलाफ करार देते हुए अधिकारियों से हिंसा प्रभावित देश में सरकारी व अल्पसंख्यकों समुदायों की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने का बुधवार को आह्वान किया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा दिए जाने और फिर देश छोड़ने के बाद वहां की सेना ने नियंत्रण हाथ में लिया। जिसके बाद राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद भंग कर दी और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया।

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में मृतकों की संख्या बढ़कर 440 हो गई है। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। साथ ही मंदिरों पर भी हमला किया गया। ढाका में दो सामुदायिक नेताओं के अनुसार, कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है और हसीना की अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हिंसा में हत्या कर दी गई है।

बांग्लादेश के अंग्रेजी समाचार पत्र डेली स्टार में प्रकाशित खबर के अनुसार, लोकप्रिय लोक बैंड जोलर गान के प्रमुख गायक राहुल आनंद के आवास पर सोमवार को बड़े पैमाने पर



तोड़फोड़ की गई, जिसके कारण गायक और उनके परिवार को एक गुप्त स्थान पर शरण लेनी पड़ी। जोलर गान के संस्थापक सदस्यों में से एक सैफुल इस्लाम जारनल के हवाले से खबर में कहा गया, राहुल दा और उनका परिवार घबराया हुआ है और उसने एक गुप्त स्थान पर शरण ली हुई है, जिसका कुछ ही लोगों को पता है। हम अभी तक उनसे संपर्क नहीं कर पाए हैं। यह उनका घर भी नहीं था, यह किराए पर लिया गया था जिसमें वे दशकों से रह रहे हैं। खबर में कहा गया है कि भीड़ ने घर में तोड़फोड़ के साथ-साथ कीमती सामान भी लूट लिया और आग लगा दी जिसमें संगीतकार के 3000 से अधिक संगीत वाद्ययंत्र भी नष्ट हो गए जो उन्होंने वर्षों की मेहनत से तैयार किए थे।

ढाका ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित की गई खबर में बताया गया, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के घरों, मंदिरों और व्यवसायों पर हमलों सहित जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा की है। इसमें बताया गया कि टीआईबी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और वाहनों को आग लगा देने और लूटपाट की घटनाओं की भी निंदा की है। बांग्लादेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले संगठन टीआईबी ने टिप्पणी की है कि इस तरह की स्वार्थी और सांप्रदायिक गतिविधियां राष्ट्र को समानता, न्याय और अच्छे शासन के साथै पुनर्निर्माण करने के मौकों को विफल कर सकती हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए न्यूजीलैंड पहुंची

**ऑकलैंड।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। उनके दौरे का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैड के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है। अपनी यात्रा के दौरान मुर्मू गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो, प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुर्मू के न्यूजीलैंड पहुंचने पर कृषि, व्यापार, वानिकी, शिकार और मत्स्य पालन तथा सहायक विदेश मंत्री टॉड मैकक्ले ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पोस्ट में कहा गया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न्यूजीलैंड पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। ऑकलैंड में मंत्री टॉड मैकक्ले और (भारत की) उच्चायुक्त नीता भूषण ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मैकक्ले ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि न्यूजीलैंड में राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, यह यात्रा हमारे संबंधों को प्रगाढ़ करने और लोगों के परस्पर संपर्क एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल में से एक है।

राष्ट्रपति मुर्मू फिजी की राजकीय यात्रा संपन्न होने के बाद न्यूजीलैंड पहुंची हैं। उन्होंने फिजी और भारत के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने तथा साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपने समकक्ष के साथ व्यापक चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू गवर्नर जनरल के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड आई हैं। यह राष्ट्रपति का आठ साल बाद न्यूजीलैंड का दौरा है। गवर्नर जनरल कीरो के साथ द्विपक्षीय बैठकों के अलावा, राष्ट्रपति मुर्मू प्रधानमंत्री लक्सन, उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से भी मिलेंगी। मुर्मू ऑकलैंड में एक सामुदायिक स्वागत समारोह में भी भाग लेंगी, जहां वह भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगी। न्यूजीलैंड की आबादी 50 लाख है। यहां भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 3,00,000 है। प्रवासी भारतीय समुदाय न्यूजीलैंड के समाज में बहुत अच्छी तरह से घुला-मिला है और दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु के रूप में काम करता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, न्यूजीलैंड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों के लिए भारत को विशेष फोकस वाले देश के रूप में रखा है। न्यूजीलैंड भारत को रक्षा और सुरक्षा तथा समग्र द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, लोगों के आपसी संपर्क के मामले में एक प्रमुख साझेदार के रूप में मान्यता देता है। इसलिए, यह यात्रा अपने आप में अत्यधिक महत्वपूर्ण होगी।

# हसीना थोड़े और समय के लिए दिल्ली में रहेंगी: सजीब वाजेद

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अपना देश छोड़कर भारत आईं अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना थोड़े और समय के लिए दिल्ली में रहेंगी। हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने बुधवार को यह जानकारी दी। अवामी लीग की नेता हसीना (76) सोमवार को दिल्ली के निकट स्थित एक वायुसेना स्टेशन पहुंची थीं और बाद में उन्हें कड़ी सुरक्षा के तहत दिल्ली में एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। हसीना के साथ उनकी बहन शेख रेहाना भी हैं। जर्मनी के मीडिया संस्थान डॉयशे वेले को दिए साक्षात्कार के दौरान जॉय से किसी तीसरे देश से शरण मांगने की हसीना की योजना के बारे में पूछा गया।

जॉय ने कहा, ए सभी अफवाहें हैं। उन्होंने अभी इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। वह कुछ और समय के लिए दिल्ली में ही रहेंगी। मेरी बहन उनके साथ हैं। लिहाजा वह अकेली नहीं हैं। हसीना की बेटी सायमा वाजेद विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक हैं, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

ब्रिटेन द्वारा शरण दिए जाने में टालमटोल के बाद हसीना की लंदन यात्रा की योजना अधर में लटक गई है। रेहाना की बेटी ट्यूलिप सिद्दीकी ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। बांग्लादेश में मौजूदा अस्थिरता पर बात करने वाले जॉय से यह भी पूछा गया कि क्या उनकी राजनीति में आने की कोई योजना है, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, अभी ऐसी कोई योजना नहीं है। यह तीसरी बार है जब हमारे परिवार के खिलाफ तख्तापलट किया गया है। उन्होंने कहा कि हसीना को छोड़कर उनके परिवार के सभी सदस्य पहले से ही लंबे समय से विदेश में रह रहे थे और शेख रेहाना या परिवार के किसी अन्य सदस्य के राजनीति में आने की संभावना नहीं है।

# बांग्लादेश का पुनर्निर्माण क्रोध या बदले से नहीं, प्रेम और शांति से होगा : खालिदा

**भाषा।** ढाका

**नजरबंदी** से रिहा किए जाने के एक दिन बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया ने असंभव को संभव बनाने के संघर्ष के लिए बुधवार को देशवासियों को धन्यवाद दिया और कहा कि देश का पुनर्निर्माण क्रोध या बदले से नहीं, बल्कि प्यार और शांति से होगा। नयापल्टन में बीएनपी की रैली में वीडियो लिंक के माध्यम से दिए गए अपने भाषण में 79 वर्षीय जिया ने शांति की अपील की। यह 2018 के बाद जिया का पहला सार्वजनिक भाषण है।

डेली स्टार समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, जिया ने उन लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके लिए संघर्ष किया तथा कारावास से उनकी रिहाई के लिए प्रार्थना की। जिया ने कहा, मुझे अब रिहा कर दिया गया है। मैं उन बहादुर लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने असंभव को संभव बनाने के लिए करो या मरो का संघर्ष किया। यह जीत हमें लूट, भ्रष्टाचार और कुशासन के मलबे से बाहर निकलने की नई संभावना देती है। हमें इस देश को समृद्ध बनाने की जरूरत है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने युवाओं के हाथ मजबूत करने का सभी से आग्रह करते हुए कहा, युवा हमारा भविष्य हैं। हमें उनके उस सपने को पूरा करने के लिए एक लोकतांत्रिक बांग्लादेश का निर्माण करने की आवश्यकता है, जिसके लिए उन्होंने अपना खून बहाया है... कोई विनाश नहीं, कोई गुस्सा नहीं और कोई बदला नहीं, हमें अपने देश के पुनर्निर्माण के लिए प्यार और शांति की आवश्यकता है।

जिया को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में 2018 में भ्रष्टाचार के लिए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच हसीना (76) ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं।

जिया वर्तमान में विभिन्न बीमारियों का इलाज करा रही हैं। जिया को हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के अपदस्थ होने के बाद मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के कार्यकारी आदेश पर रिहा कर दिया गया। जिया दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद थीं। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार ने 25 मार्च, 2020 को एक कार्यकारी आदेश के जरिए जिया की सजा को निलंबित कर दिया और उन्हें सशर्त रिहाई दी। इसके बाद, सरकार ने आवेदन पर हर छह महीने में उनकी सजा के निलंबन और रिहाई की अवधि को बढ़ाया। बांग्लादेश में दशकों से जिया और हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रही है।

# पाकिस्तान ने बांग्लादेश में स्थिति के जल्द सामान्य होने की उम्मीद जताई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार को बांग्लादेश के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि देश में जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन के कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत जाना पड़ा। बांग्लादेश में हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 440 हो गई है। हसीना के इस्तीफे के बाद सेना ने सत्ता संभाल ली है। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद को भंग कर दिया और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस (84) को आगामी अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, पाकिस्तान की सरकार और लोग बांग्लादेश के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और ईमानदारी से जल्द सामान्य स्थिति की वापसी की उम्मीद करते हैं।

# अमेरिका ने इजराइल की रक्षा के लिए पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान भेजे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत से करीब 12 एफए-18 लड़ाकू विमान पश्चिम एशिया के एक सैन्य अड्डे पर भेजे गए है। यह कदम ईरान और उसके सहयोगियो के संभावित हमलो से इजराइल तथा अमेरिकी सैनिको की रक्षा करने के पेंटागन के प्रयासो का हिस्सा है। 12 एफए-18 लड़ाकू विमानो और एक ई-2डी हॉकआई टोही विमान ने ओमान की खाड़ी मे अमेरिकी जहाज से उड़ान भरी और वे सोमवार को एक अज्ञात सैन्य अड्डे पर पहुंचे। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने क्षेत्र मे सैन्य मौजूदगी बढ़ाने का आदेश दिया है, क्योकि अधिकारी लेबनान मे हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ कमांडर और ईरान मे हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता की पिछले सप्ताह हुई हत्याओ के मद्देनजर पश्चिम एशिया मे हिसा बढ़ने की आशंका को लेकर चिंतित है। इन हत्यो का शक इजराइल पर है। हिजबुल्ला और हमास को ईरान से समर्थन हासिल है। अभी यह स्पष्ट नही है कि ए लड़ाकू विमान सैन्य अड्डे पर कब तक रहेगे। इन विमानो की तैनाती ऐसे वक्त मे की गई है, जब अमेरिकी अधिकारियो ने मंगलवार को इराक मे एक सैन्य अड्डे पर हुए रॉकेट हमले के बारे मे और जानकारियां जारी की। इस हमले मे पांच अमेरिकी सैनिक और दो अन्य कर्मचारी घायल हो गए थे। घायलो मे से पांच का अल-असद हवाई अड्डे पर उपचार किया जा रहा है, दो अन्य को कही और ले जाया गया है, लेकिन सभी सात घायलो की हालत स्थिर है। हाल के सप्ताहो मे ईरान समर्थित इराकी मिलीशिया ने इराक और सीरिया मे अमेरिकी सेना के ठिकानो पर हमले फिर से शुरू कर दिए है। जनवरी के अंत मे जॉर्डन मे एक सैन्य अड्डे पर हमला किया गया था, जिसमे तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। इसके बाद अमेरिका ने भी जवाबी कार्वाई की थी।

## एशिया एजुकेशन मेडल के लिए दो भारतीय शामिल

**लंदन।** शिक्षा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देने और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियो को सम्मानित करने के उद्देश्य से आरंभ किए गए पहले एशिया शिक्षा पदक के लिए अंतिम 10 उम्मीदवारो मे दो भारतीय भी शामिल है। इस पुरस्कार की शुरूआत ब्रिटेन की टी4 एजुकेशन और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एचपी ने की है। अक्टूबर मे दिए जाने वाले पुरस्कार के लिए सेंटर स्क्वायर फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष आशीष धवन और एजुकेशनल इनीशिएटिव्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रणव कोठारी का मुकाबला सिंगापुर, फिलीपीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, जापान तथा मलेशिया से चुने गए अन्य उम्मीदवारो से होगा। एचपी मे सीनियर एजुकेशन बिजनेस लीडर मयंक धीगरा ने कहा, एशिया एजुकेशन मेडल उन सभी को एक साथ लाता है जो एशिया मे शिक्षा के क्षेत्र मे तब्दीली ला रहे है। धवन का सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन (सीएसएफ) भारत मे सबसे महत्वपूर्ण समकालीन शिक्षा प्रदान करने वाले धर्मार्थ संस्थाओ मे से एक है। कोठारी का एजुकेशनल इनिशिएटिव्स (ईआई) एक ऐसा संगठन है जो विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रो को समझ के साथ सीखने मे मदद करने के लिए अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानो का उपयोग करता है। इस पुरस्कार के विजेता को नवंबर मे दुबई मे वर्ल्ड स्कूल्स समिट मे भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## टिम वाल्ज काबिल उपराष्ट्रपति साबित होंगे: कमला हैरिस

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका मे डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने पेनसिल्वेनिया मे एक रैली मे मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज की सराहना की और कहा कि वह काबिल उपराष्ट्रपति साबित होगे। हैरिस ने टिम वाल्ज को पार्टी की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है। हैरिस (59) का नवंबर मे होने वाले चुनाव मे पूर्व राष्ट्रपति तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा। हैरिस ने एक रैली मे वाल्ज के साथ मंच साझा किया और कहा, ए ऐसे इंसान है जिनसे लोग जुड़ाव महसूस करते है और जो लोगो को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते है। अमेरिका इसी प्रकार का उपराष्ट्रपति पाने का हकदार है। हैरिस के बाद वाल्ज ने लोगों का अभिवादन किया और इस कठिन अभियान मे उनका साथ देने का आग्रह किया। वाल्ज ने कहा, हमारे पास 91 दिन है। हे ईश्वर, यह आसान है। वाल्ज 2018 मे मिनेसोटा का गवर्नर बनने से पहले 12 साल तक सांसद रह चुके है। पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन ने आगामी चुनाव मे राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की घोषणा की थी, जिसके बाद भारतीय मूल की उपराष्ट्रपति हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से 2024 का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया।

## अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया कनाडा, फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में नौसेना और वायुसेना का अभ्यास किया

**मनीला।** अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और फिलीपीन ने बुधवार को नौसेना और वायुसेना की भागीदारी वाला युद्धाभ्यास किया। चारो देशो ने कहा कि यह विवादित दक्षिण चीन सागर मे कानून के शासन को बढ़ावा देने के लिए शक्ति प्रदर्शन है। दक्षिण चीन सागर पर चीन अपना अधिकार जताता रहा है। चीन ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उसने युद्धाभ्यास के जवाब मे बुधवार को हवाई और समुद्री गश्त की।

# रूस के एक गवर्नर ने यूक्रेन हमले की अस्पष्ट खबरों के बीच लोगों से रक्तदान की अपील की

**कीव।** रूस के कुर्स्क सीमावर्ती क्षेत्र के प्रमुख ने यूक्रेन के लड़ाकों द्वारा आकस्मिक हमलों की अस्पष्ट खबरों के बीच बुधवार को लोगों से रक्तदान करने की अपील की। कुर्स्क के कार्यवाहक गवर्नर एलेक्सी स्मीरनोव ने टेलीग्राम पर कहा कि लड़ाई के कारण रक्त बैंकों में खून की जरूरत बढ़ती जा रही है। स्मीरनोव ने लिखा , पिछले 24 घंटे से हमारा क्षेत्र यूक्रेनी लड़ाकों के हमलों का डटकर मुकाबला कर रहा है। सभी आपातसेवाओं को हाईअलर्ट पर रखा गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि 11 टैंकों और 20 से अधिक बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के साथ 300 यूक्रेनी सैनिक रूस में प्रवेश कर चुके हैं। उसने कहा कि यूक्रेन के सैन्यबल को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा उसने बुधवार को और कुछ नहीं कहा। वैसे ऐसा कोई स्वतंत्र सबूत नहीं है जो दर्शाए कि यूक्रेनी सैनिकों ने हमला किया है।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को नवीनीकृत पासपोर्ट मिला

**भाषा।** ढाका

**शेख हसीना** के सत्ता से बेदखल होने के बाद जेल से रिहा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को नवीनीकृत पासपोर्ट मिल गया है। जिया की पार्टी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिया (79) को तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना के कार्यकाल में 2018 में भ्रष्टाचार के लिए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच हसीना (76) ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं।

ढाका ट्रिब्यून अखबार ने बीएनपी मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य शैरुल कबीर खान के हवाले से बताया कि जिया को नवीनीकृत पासपोर्ट मिल गया है। इसने कहा कि मंगलवार को जिया के पासपोर्ट के नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई और इसके बाद जिया के निजी सचिव एबी एम अब्दुस सत्तार ने उसी रात उनकी ओर से नवीनीकृत पासपोर्ट प्राप्त कर लिया।

बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया वर्तमान में विभिन्न बीमारियों का इलाज करा रही हैं। जिया को हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के अपदस्थ होने के बाद मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के कार्यकारी आदेश पर रिहा कर दिया गया। जिया दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद थीं। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार ने 25 मार्च, 2020 को एक कार्यकारी आदेश के जरिए जिया की सजा को निलंबित कर दिया और उन्हें सशर्त रिहाई दी। इसके बाद, सरकार ने आवेदन पर हर छह महीने में उनकी सज़ा के निलंबन और रिहाई की अवधि को बढ़ाया। बांग्लादेश में दशकों से जिया और हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रही है।

# मुर्मू ने श्री शिव सुब्रमण्यम मंदिर में पूजा की

**सुवा (फ़िज़ी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को नाडी स्थित श्री शिव सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर गईं और पूजा-अर्चना की। यह प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। मुर्मू फ़िज़ी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कैटोनिवेरे के निमंत्रण पर पांच से सात अगस्त तक फ़िज़ी के दौरे पर हैं। यह किसी भारतीय प्रमुख की इस द्वीपीय देश की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कुछ तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा, फ़िज़ी की अपनी राजकीय यात्रा के अंतिम पड़ाव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नाडी में श्री शिव सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की, जो प्रशांत क्षेत्र के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक है। राष्ट्रपति मुर्मू का मंदिर में फ़िज़ी-भारतीय मूल के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नाडी में श्री शिव सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर का दौरा किया.....। यह दो देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव का जश्न मनाने का एक विशेष क्षण है। मुर्मू फ़िज़ी से न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा करेंगी। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अनुसार, उनकी तीन देशों की छह दिवसीय यात्रा का उद्देश्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाना है।

मंगलवार को उन्हें फ़िज़ी देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फ़िज़ी से सम्मानित किया गया। उन्होंने फ़िज़ी की संसद और भारतीय मूल को भी संबोधित किया। भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आप 145



साल पहले आए थे, फिर भी आप अपनी संस्कृति, अपनी भाषा, अपनी परंपरा, अपनी जीवनशैली को नहीं भूले हैं। इसलिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत करने की प्रक्रिया में एक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं।

# गाजा को लेकर भीषण तनाव के बीच पेरिस में इजराइली खिलाड़ियों को मिली धमकियां

**पेरिस।** इजराइल की ओलंपिक टीम ने कहा है कि गाजा में युद्ध के दौरान फलस्तीन के लोगों के मारे जाने को लेकर जारी भीषण तनाव और पश्चिम एशिया में व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष के खतरे के बीच पेरिस ओलंपिक में आए उसके कुछ खिलाड़ियों को धमकियां मिली हैं। इजराइली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष याएल अराद ने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि टीम के सदस्यों को धमकियां मिलीं और इनके जरिए खिलाडि़यों में मनोवैज्ञानिक आतंक उत्पन्न करने की कोशिश की गई। समिति के अध्यक्ष ने इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी।

पेरिस के अभियोजकों ने पिछले सप्ताह इजराइल के खिलाड़ियों को ईमेल के जरिए दी गई मौत की धमकियों के मामले की जांच शुरू की। राष्ट्रीय साइबर अपराध एजेंसी इजराइल के कुछ खिलाडि़यों के निजी डेटा के ऑनलाइन लीक होने के मामले की भी जांच कर रही है। इजराइल-पराग्वे मैच के दौरान इजराइली खिलाड़ियों के साथ भेदभावपूर्ण बर्ताव होने के मामले की भी अभियोजकों ने जांच शुरू की है। इजराइली खिलाड़ी टॉम रेउवेनी (24) ने सप्ताहांत में विंड सर्फिंग में स्वर्ण पदक जीता था। टॉम उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें धमकी मिली है। उन्होंने जर्मनी के म्यूनिख में 1972 ओलंपिक के दौरान मारे गए 11 इजराइली एथलीट की याद में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि खेलों को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि खेलों में, खास तौर पर ओलंपिक खेलों में कोई राजनीति होनी चाहिए। खेलों में राजनीति नहीं है बल्कि वे लोग राजनीति कर रहे हैं जो नहीं चाहते कि हम प्रतिस्पर्धा करें , हम यहां रहें। मुझे बहुत सारे संदेश और धमकियां मिली हैं। इजराइल ने ओलंपिक को तटस्थ बनाए रखने का आग्रह किया है वहीं फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल यहां गाजा में नागरिकों के संघर्षों के बारे में बातचीत कर रहे हैं और लोगों को उनकी तकलीफों से अवगत करा रहे हैं। इजराइल और हमास के बीच युद्ध में 39,000 से अधिक फलस्तीनी लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनी अमेरिकी ओलंपिक तैराक वैलेरी तराजी ने रविवार को एपी से कहा, मुझे जो बात सबसे ज्यादा परेशान कर रही है वह यह है कि लोग अब फलस्तीनियों को सिर्फ एक संख्या के तौर पर देख रहे हैं। मरने वाले लोगों की संख्या...। विस्थापित हुए लोगों की संख्या....। उन्होंने कहा बतौर खिलाड़ी हम भी यहां दूसरों की तरह ही हैं। हम प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। हम भी अपने घरों में उसी तरह जीना चाहते हैं जिस तरह दुनिया में लोग जीते हैं।

# ब्रिटेन के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पुलिसकर्मी आव्रजन विरोधी प्रदर्शनों से निपटने को तैयार

**लंदन।** ब्रिटेन में आव्रजन विरोधी प्रदर्शनों से निपटने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैयार रखा गया है जिनमें विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। देश में प्रदर्शनकारियों द्वारा आव्रजन वकीलों और उनके कार्यालयों को भी निशाना बनाए जाने तथा आव्रजन विरोधी धुर-दक्षिणपंथी प्रदर्शनों के बढ़ने की संभावना के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने मंगलवार शाम मंत्रियों, पुलिस प्रमुखों और सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ दूसरी आपातकालीन कोबरा बैठक की अध्यक्षता की ताकि दंगों का मुकाबला करने के लिए एक विस्तृत रणनीति तैयार की जा सके। स्टॉर्मर ने कैबिनेट ऑफिस ब्रीफिंग रूम ए (कोबरा) की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि जहां पुलिस कार्वाई की आवश्यकता है, वहां वह हो। जिन विशेष स्थानों पर सहायता की आवश्यकता है, वहां वह मिले। स्पष्ट रूप से मुश्किल हालात हैं क्योंकि एक ही समय में कई अलग-अलग स्थानों पर अव्यवस्था फैली हुई है, यही कारण है कि मैंने दूसरी कोबरा बैठक की। मैं चाहता हूं कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी हो ताकि हम इस स्थिति से निपट सकें। लगभग 400 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से लगभग 100 के खिलाफ आरोप दर्ज किए गए हैं। इंग्लैंड के लोक अभियोजन निदेशक स्टीफन पार्किंसन ने दंगाइयों को चेतावनी दी है कि वे आतंकवाद के आरोपों का सामना कर सकते हैं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के उप सहायक आयुक्त एंडी वैलेंटाइन ने कहा, यह देश इस दशक में हिंसक अव्यवस्था के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। हम लंदन और उसके लोगों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। लिवरपूल और डरहम में मंगलवार को कुछ झड़पें हुईं। हाल में, साउथपोर्ट के समुद्र तटीय शहर में तीन लड़कियों की चाकू घोंपकर की गई हत्या की घटना के बाद हिंसक झड़पें शुरू हुई थीं। ब्रिटेन में जन्मे संदिग्ध के शरणार्थी होने के बारे में सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाया जाना दंगों का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है।

# ब्रिटेन सरकार ने उकसावे वाली टिप्पणियों के बीच मस्क से जिम्मेदारीपूर्वक बर्ताव करने का आह्वान किया

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** सरकार ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच एक्स पर कथित तौर पर कई उकसावे वाले पोस्ट करने के बाद उनसे जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने का आह्वान किया है। अधिकारियों का कहना है कि इन पोस्ट से देश में हिंसा भड़कने का खतरा है। न्याय मंत्री हेदी एलेक्जेंडर ने मंगलवार सुबह यह आह्वान उस वक्त किया, जब मस्क ने पोस्ट किया कि ब्रिटेन में गृह युद्ध टाला नहीं जा सकता है। मस्क ने ब्रिटिश सरकार पर हमले और तेज करते हुए कहा था कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के मुकाबले अल्पसंख्यक मुसलमानों से अधिक नरमी से पेश आती है। उन्होंने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं पर ब्रिटेन की कार्रवाई की तुलना पूर्व सोवियत संघ से की थी।

एलेक्जेंडर ने टाइम्स रेडियो से कहा, गृह युद्ध जैसी भाषा का इस्तेमाल किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। हम देख रहे हैं कि पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं, इमारतों में आग लगाई जा रही है और इसलिए मुझे लगता है कि जिस किसी के भी पास एक मंच है, उसे अपनी शक्ति का जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए।

ब्रिटेन में एक सप्ताह से अधिक समय से हिंसा हो रही है। उत्तरी आयरलैंड से लेकर इंग्लैंड के दक्षिणी तट तक के शहरों और कस्बों में प्रवासी विरोधी और इस्लाम विरोधी नारे लगा रही भीड़ के साथ पुलिस की झड़पें हुई हैं। देश में हिंसा तब शुरू हुई, जब दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने 29 जुलाई को हुए एक चाकू हमले को लेकर सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैलाईं, जिसमें तीन लड़कियां मारी गई थीं।

प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों और मंत्रियों के साथ एक आपात बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि दोषियों को जल्द ही सजा दिलाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस हिंसा को धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी करार दिया था।

स्टॉर्मर ने मस्क के बारे में पत्रकारों के सवालों को टालते हुए कहा कि उनका ध्यान समुदायों को सुरक्षित रखने पर है। सरकार सोशल मीडिया कंपनियों से गलत सूचनाओं और उकसावे वाली सामग्री के प्रसार से निपटने के लिए और अधिक कदम उठाने का आह्वान कर रही है। एक्स ने अभी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# श्रीलंका ने श्रृंखला 2-0 से जीती

## वेलालागे के पांच विकेट से भारत को 110 रन से हराया

भाषा। कोलंबो



**अविष्का** फर्नांडो और कुसाल मेंडिस के अर्धशतक के बाद दुनिथ वेलालागे के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से श्रीलंका ने भारत को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 110 रन से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीत ली। पहला मैच टाई रहने के बाद श्रीलंका ने दूसरा मैच 32 रन से जीता था। श्रीलंका ने 1997 से भारत के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीती है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की स्पिन की अनुकूल पिच पर श्रीलंका के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम करियर में पहली बार पांच विकेट चटकाने वाले वेलालागे (27 रन पर पांच विकेट), जेफ्रे वांडरसे (34 रन पर दो विकेट) और महीश तीक्षणा (45 रन पर दो विकेट) की फिरकी के जादू के सामने 26.1 ओवर में 138 रन पर ढेर हो गई। भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर (30) और विराट कोहली (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। अविष्का फर्नांडो ने 102 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 96 रन की पारी खेलने के अलावा पथुम निसांका (45) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और कुसाल मेंडिस (59) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े जिससे श्रीलंका ने सात विकेट पर 248 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कुसाल मेंडिस ने 82 गेंद की पारी में चार चौके मारे। पदार्पण कर रहे रियान पराग ने नौ ओवर में 54 रन देकर बीच के ओवरों में भारत को वापसी दिलाने की कोशिश की। कुलदीप यादव (36 रन पर एक विकेट), अक्षर पटेल (41 रन पर एक विकेट) और वाशिंगटन सुंदर (29 रन पर एक विकेट) की स्पिन तिकड़ी ने भी एक-एक विकेट चटकाया। शुभमन गिल (06) के जल्द पवेलियन लौटने के बावजूद रोहित ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने 20 गेंद की अपनी पारी में तीक्षणा के एक ओवर में 18 रन सहित कुल 35 रन बनाए। उन्होंने पारी के चौथे ओवर में तीक्षणा पर तीन चौके और एक छक्का मारा। रोहित हालांकि अपने पसंदीदा शॉट में से एक स्वीप खेलकर पवेलियन लौटे। वह वेलालागे की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच दे बैठे। रोहित के आउट होने के बाद भारतीय पारी को सिमटने में भी अधिक समय नहीं लगा। विराट कोहली (20) ने वेलालागे की सीधी गेंद को टर्न के हिसाब से खेलने की कोशिश में और चूककर पगबाधा हो गए। भीषण कार दुर्घटना में घायल होने के बाद पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे ऋषभ पंत तीक्षणा की गेंद को आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में कुसाल मेंडिस के हाथों स्टंप हो गए। लेग स्पिनर वांडरसे ने पराग (15) को बोल्ड किया जबकि श्रेयस अय्यर (08) वेलालागे की गेंद पर पगबाधा हुए। भारतीय पारी में सात बल्लेबाज पगबाधा या बोल्ड हुए। सुंदर ने निचले क्रम में 25 गेंद में तीन छक्कों और दो चौकों से 30 रन की पारी खेलकर लेकिन इसके बाद भारत ने दो गेंद में दो विकेट खोकर मैच भी गंवा दिया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अविष्का फर्नांडो ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। निसांका ने भी बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पर स्लॉग स्वीप से दो छक्के मारे। अक्षर ने भारत को पहली सफलता दिलाई जब निसांका उनकी ऑफ साइड से बाहर की गेंद को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों में खेल गए। कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद पंत अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे हैं।

## भारतीय बल्लेबाजों को स्पिन के खिलाफ अपनी योजनाओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत



**कोलंबो।** रोहित शर्मा ने बुधवार को तीसरे वनडे में 110 रन की हार के साथ श्रीलंका के खिलाफ 27 साल में पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद भारतीय बल्लेबाजों से स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी व्यक्तिगत योजनाओं पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। श्रीलंका के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 26.1 ओवर में मात्र 138 रन पर ढेर हो गया। श्रीलंकाई स्पिनरों ने एक बार फिर कहर बरपाया जिसमें दुनिथा वेलालागे ने 27 रन देकर पांच चटकाए जबकि महीश तीक्षणा और जेफ्रे वांडरसे ने दो-दो विकेट हासिल किए। स्पिन के खिलाफ भारत के संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे नहीं लगता कि यह चिंता का विषय है लेकिन यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है - हमारी व्यक्तिगत खेल योजनाए- और यह कुछ ऐसा है (जिससे) हम निश्चित रूप से इस श्रृंखला में दबाव में थे। रोहित ने कहा कि श्रृंखला हारना दुनिया का अंत नहीं है लेकिन यह 2023 विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली टीम को काम करने के लिए बहुत कुछ देता है।

## लक्ष्य सेन को मानसिक ट्रेनिंग पर विचार कर सकते हैः गावस्कर



**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन में चैम्पियन बनने के सभी गुण हैं लेकिन पेरिस ओलंपिक पदक से चूकने के बाद उन्हें मानसिक ट्रेनिंग पर ध्यान देने की जरूरत है। सेन को सेमीफाइनल और कांस्य पदक के प्लेऑफ में हार का सामना करना पड़ा जबकि दोनों ही मुकाबलों में वह बढ़त बनाए हुए थे जिससे ओलंपिक पदक उनके हाथ से निकल गया। गावस्कर ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, मैं थोड़ा निराश था क्योंकि सेमीफाइनल और कांस्य पदक के दोनों मुकाबलों में लक्ष्य ने बढ़त बनाई हुए थी लेकिन इसे बरकरार नहीं रख सके। इसलिए क्या यह मानसिक समस्या है क्योंकि इस पर सच में गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, प्रकाश पादुकोण ने भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह कैसे हार गए। कभी कभार ऐसा हो सकता है कि आप बस मैच गंवा बैठे। हर दिन हम सभी के साथ भी ऐसा होता है। गावस्कर ने कहा, शायद यह कुछ ऐसा है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है। मैंने कहीं पढ़ा कि प्रकाश ने कहा कि उन्हें शायद माइंड ट्रेनिंग पर ध्यान देना चाहिए। यह कुछ ऐसा है जिस पर उन्हें ध्यान देना चाहिए।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सफर शुरू हो चुका हैः मनु भाकर



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने बुधवार को कहा कि उनकी निगाहें अभी से 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर लगी हुई हैं और वह भविष्य में लगातार अच्छे नतीजे देने के लिए कड़ी मेहनत करती रहेंगी। मनु भाकर (22 वर्ष) ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए ओलंपिक इतिहास रच दिया। स्वदेश लौटी मनु ने पीटीआई वीडियो से कहा, एक ओलंपिक के खत्म होने के बाद अब मेरे दिमाग में अगला ओलंपिक चल रहा है और इसके लिए सफर शुरू हो चुका है। अब पेरिस के बाद लॉस एंजिलिस ओलंपिक की यात्रा शुरू हो चुकी है और थोड़े ब्रेक के बाद मैं इसकी तैयारी शुरू कर दूंगी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरा प्रदर्शन इस बार की तरह अच्छा रहेगा। मैं कड़ी मेहनत करके अच्छा प्रदर्शन करती रहूंगी। मनु स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी। वह 25 मीटर पिस्टल में तीसरा कांस्य जीतने के करीब भी पहुंच गई थीं लेकिन इससे चूककर चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा, अगले तीन महीनों में बहुत से लोग मुझसे मिलना चाहेंगे और फिर मैं अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगी। थोड़ा आराम करूंगी और अपनी फिटनेस पर काम करके फिर निशानेबाजी ट्रेनिंग शुरू करूंगी। सैकड़ों प्रशंसकों और उनके परिवार ने मनु का जोरदार स्वागत किया। यह युवा खिलाड़ी शनिवार को पेरिस लौटेगी और रविवार को ओलंपिक समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक बनेगी।

## इतिहास रचने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना होगा नीरज चोपड़ा को

**पेरिस।** नीरज चोपड़ा ने क्वालीफिकेशन राउंड में 89.34 मीटर भाला फेंक कर अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ा संदेश दिया लेकिन मौजूदा ओलंपिक चैंपियन को गुरुवार को यहां भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक की तरह यहां भी कुछ सेकंड में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर दिया था लेकिन इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में चुनौती अधिक कड़ी है। कुल नौ खिलाड़ियों में से पांच ने नीरज की तरह अपने पहले थ्रो में ही फाइनल में जगह बना ली थी। भारत का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझता है क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले आठ वर्षों से चुनौती पेश कर रहे हैं। चोपड़ा ने मैदान पर कुछ समय बिताने के बाद पत्रकारों से कहा, फाइनल में प्रत्एक खिलाड़ी की अपनी अलग मानसिकता और अलग स्थिति होती हैं। जिसने भी स्वत: क्वालीफाई किया है , उसने अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी कर रखी है। वह इसके बाद तुरंत ही खेल गांव लौट गए ताकि फाइनल से पहले पर्याप्त विश्राम कर सकें क्योंकि काफी कुछ दांव पर लगा है।नीरज फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे।

# भारत के लिए ओलंपिक का सबसे बड़ा झटका

## भारतीय खेलप्रेमियों को फोगाट को ओलंपिक से अयोग्य करार दिए जाने की खबर पर सहसा यकीन ही नहीं हुआ

भाषा। नई दिल्ली



**विनेश** फोगाट के स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदों के साथ सुबह उठे भारतीय खेलप्रेमियों को उनके ओलंपिक से अयोग्य करार दिए जाने की खबर पर सहसा यकीन ही नहीं हुआ और हर तबके से लोगों ने इसे पेरिस ओलंपिक में सबसे बड़ा झटका और क्रूर करार दिया। विनेश को महिला कुश्ती के 50 किलोवर्ग में फाइनल मुकाबले से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण अयोग्य करार दिया गया। अब वह स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद खाली हाथ लौटेंगी।

इस खबर को लेकर प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर भारी रोष जताया है और विनेश के लिए समर्थन जाहिर करते हुए कइयों ने तानाशाही व्यवस्था पर सवाल भी उठाए हैं। एक प्रशंसक ने लिखा , विनेश फोगाट के ओलंपिक सफर का यह क्रूर अंत है। वह जीत की राह पर अग्रसर थी। एक अन्य ने लिखा , भारत के लिए 2024 ओलंपिक का सबसे बड़ा झटका। विनेश फोगाट को सौ ग्राम वजन अधिक पाए जाने के कारण ओलंपिक से बाहर कर दिया गया। भारत की शेरनी जो स्वर्ण जीतने वाली थी , अब पदक के बिना लौटेगी। दिल टूट गया है। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा , यह भयावह और क्रूर है। आप पूरी जिंदगी इस दिन के लिए तैयारी करते हैं और 50 किलो से कुछ ग्राम अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाते हैं। कुछ ने लिखा , पूरा देश स्तब्ध है। एक बार फिर विनेश तानाशाह व्यवस्था से हार गई। ओलंपिक में भाग लेने के लिए 53 किलो से 50 किलोवर्ग में उतरी विनेश का वजन सुबह सौ ग्राम अधिक पाया गया था। खिलाड़ियों से लेकर बॉलीवुड सितारों तक ने इस खबर पर नाराजगी जताई है। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा , यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है और अनुचित भी। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी इस पर गौर करके कड़ा विरोध जताएंगे क्योंकि यह शुरूआती दौर का मुकाबला नहीं था। उन्होंने कहा , हम पदक दौर की बात कर रहे हैं। भारतीय ओलंपिक संघ या भारत सरकार को इसका सख्त विरोध करना चाहिए। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कहा , मैं बहुत दुखी हूं। विनेश ने जो कर दिखाया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। उन्होंने लिखा , इस ओलंपिक में किसी भारतीय खिलाड़ी के साथ यह सबसे दर्दनाक हादसा है। हम सोच भी नहीं सकते कि उस पर क्या गुजर रही होगी। अगर संभव होता तो मैं अपना पदक उसे दे देती। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने कहा कि विनेश को रजत पदक दिया जाना चाहिए। उन्होंने एक्स पर लिखा, विनेश को रजत पदक दो।

पूर्व पहलवान और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता फोगाट ने भी लिखा, विनेश को रजत पदक दो। भारत के पूर्व विश्व कप विजेता आलराउंडर युवराज सिंह ने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे बड़ी असफलताओं के बाद ही सबसे बड़ी वापसी होती है। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है और हम सब मिलकर आपको और मजबूत और विजई होकर वापस आते देखने के लिए उत्सुक हैं। आपको ढेर सारी शक्ति मिले। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने विनेश और निशा दहिया के लिए कुछ प्रोत्साहन भरे शब्द कहे। उन्होंने कहा, निशा दहिया और विनेश फोगाट, आपके साहस और दृढ़ संकल्प ने पूरे देश को प्रेरित किया है।

### डब्ल्यूएफआई ने विनेश के साथ जुड़े सहयोगी स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की

**पेरिस।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने बुधवार को विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक से बाहर होने के बाद उनके साथ जुड़े सहयोगी स्टाफ के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए कहा कि फाइनल से पहले वजन को दायरे में नही रखने की गलती स्वीकार्य नही है। अमेरिका की सारा हिल्डेब्रांट के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले से कुछ घंटे पहले विनेश को अयोग्य घोषित कर दिया गया जिससे भारत को बड़ा झटका लगा। वजन मापने की प्रक्रिया के दूसरे दिन उनका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया और इसके परिणामस्वरूप उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश के खिलाफ सेमीफाइनल में हारने वाली क्यूबा की पहलवान गुजमैन लोपेज युसनेलिस अब स्वर्ण पदक के लिए हिल्डेब्रांट से भिड़ेंगी। विनेश बेल्जियम के अपने निजी कोच वोलेर अकोस के साथ ट्रेनिंग कर रही है और उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी मानसिक अनुकूलन कोच वेन लोम्बार्ड के साथ भी काम किया है। संजय ने पीटीआई से कहा, यह विनेश की गलती नही है। वह शानदार प्रदर्शन कर रही थी। कोच, सहयोगी स्टाफ, फिजियो और पोषण विशेषज्ञों को पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें हर समय उस पर ध्यान देना चाहिए था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसा कुछ नही हो। यह कैसे हुआ और वह कैसे वजन सीमा से अधिक हो गया इसकी जांच होनी चाहिए। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा, मै भारत सरकार से सभी जिम्मेदार लोगो के खिलाफ कार्वाई करने का अनुरोध करता हूं। विनेश ने अकोस के साथ ट्रेनिंग लेने का विकल्प चुना था और भारत सरकार ने खेलों के लिए विनेश के साथ उनकी यात्रा को मंजूरी दी थी। भारतीय राष्ट्रीय कोच की तरह अकोस को भी पूर्ण मान्यता प्रदान की गई थी। इस बात से इनकार नही किया जा सकता है कि अकोस ने विनेश के खेल को नए तरीके से ढालने में अहम भूमिका निभाई है।

## सेमीफाइनल की हार से उबरकर कांसे के साथ लौटने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

**पेरिस।** जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार का गम भुलाकर भारतीय हॉकी टीम एक आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में बृहस्पतिवार को स्पेन के खिलाफ तीसरे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में उतरेगी तो लक्ष्य पी आर श्रीजेश और देश के लिए कांसे के तमगे के साथ लौटने का होगा। स्वर्ण पदक जीतने का सपना टूटने के बाद अब आखिरी मैच भारत को उसी टीम से खेलना है जिसे 4 . 3 से हराकर मॉस्को ओलंपिक 1980 में आठवां और आखिरी पीला तमगा जीता था। पूरे टूर्नामेंट में एक चैम्पियन की तरह खेलने वाली भारतीय टीम का 44 साल बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का सपना एक रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को जर्मनी से 2 . 3 से मिली हार के साथ टूट गया। इसके डेढ दिन बाद ही अब हरमनप्रीत सिंह की टीम को स्पेन से कांस्य पदक का प्लेआफ खेलना है और कोशिश यही रहेगी कि तोक्यो में जीते कांसे को बरकरार रखा जाए। जर्मनी के खिलाफ भारत को अपने सबसे अनुभवी फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी बुरी तरह खली जो ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में रेडकार्ड मिलने के कारण एक मैच का प्रतिबंध झेल रहे थे। इसके बावजूद भारत ने पहले क्वार्टर में बढत बनाई और फिर पिछड़ने के बाद वापसी भी की। टूर्नामेंट में अब तक आठ गोल कर चुके हरमनप्रीत का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा लेकिन सेमीफाइनल में भारतीय टीम 11 में से दो पेनल्टी कॉर्नर ही भुना सकी। कोच क्रेग फुल्टोन को आखिरी मैच से पहले इस पर काम करना होगा चूंकि आधुनिक हॉकी में हर टीम विरोधी के पेनल्टी कॉर्नर पर अच्छा खासा होमवर्क करके उतरती है।

## टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में महिला टीम हारी, पेरिस में अभियान खत्म

**पेरिस।** अर्चना कामथ ने बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में कुछ देर तक चुनौती पेश की लेकिन उनका प्रदर्शन भी काफी नहीं था जिससे भारतीय टीम को तकनीकी रूप से बेहतर जर्मनी से।-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम की हार से देश का पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस स्पर्धा में अभियान भी खत्म हो गया। श्रीजा अकुला और अर्चना की भारतीय जोड़ी को शुरुआती युगल मैच में युआन वान और जिओना शान की जोड़ी से 5-11 11-8 10-12 6-11 से पराजय झेलनी पड़ी। श्रीजा और अर्चना तीसरे गेम तक जिम्मेदारी संभाले थीं लेकिन ड्यूस में हार गईं। फिर उन्होंने मैच भी गंवा दिया। पहले एकल में एनेट कॉफमैन के खिलाफ भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं। उन्होंने पहला गेम जीता लेकिन अगले तीन गेम हारकर मैच 11-8 5-11 7-11 5-11 से गंवा बैठीं। इससे जर्मनी की टीम 2-0 से बढ़त बनाने में कामयाब रही। इसके बाद अर्चना ने भारत को उम्मीद की किरण दिखाई। दूसरे एकल में उन्होंने जिओना शान पर 19-17 ।-11 11-5 11-9 से जीत हासिल की। तीसरे एकल में कॉफमैन ने श्रीजा को 11-6 11-7 11-7 से हराकर जर्मनी को जीत दिलाई और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने सोमवार को एक रोमांचक मुकाबले में उच्च रैंकिंग वाली रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। अनुभवी अचंता शरत कमल की अगुआई वाली भारतीय पुरुष टीम मंगलवार को प्री क्वार्टरफाइनल में चीन से 0-3 से हारकर बाहर हो गई थी। हालांकि मनिका और श्रीजा ने ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा के राउंड 16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। लेकिन दोनों ही अपने से उंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों से हारकर बाहर हो गईं।

## अंतिम पंघाल का अभियान खत्म, रेपेचेज की उम्मीद टूटी

**पेरिस।** (भाषा) कुश्ती में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद अंतिम पंघाल पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महिलाओं के 53 किलोवर्ग में तुर्की की एतगिल जेनिप से 0 .10 से शर्मनाक हार के बाद बाहर हो गई। पदार्पण करने वाली 19 वर्षीय अंतिम की रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक की दौड़ में बने रहने की उम्मीद भी तब टूट गई जब जेनिप क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की एनिका वेंडल से हार गईं। इससे पहले विश्व कप चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता और इस वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंतिम 101 सेकंड में ही हार गई। पहले विनेश इस भारवर्ग में खेलती थी।तुर्की की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजई घोषित किया गया। कुश्ती में रेपेचेज नियम उन पहलवानों के लिए इस्तेमाल होता है जो प्री क्वार्टर फाइनल या उसके बाद के राउंड में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों से हार जाते हैं। रेपचेज पहलवानों को हार के बाद भी वापसी करने और कांस्य पदक जीतने का मौका देता है। अंतिम देश की तीसरी पहलवान बन गई हैं जो खाली हाथ लौटेंगी। निशा दहिया (68 किग्रा) का अभियान सोमवार को समाप्त हो गया जबकि अनुभवी विनेश को 50 किग्रा वर्ग में बुधवार को अपने स्वर्ण पदक मुकाबले से कुछ घंटे पहले

### भालाफेंक में अन्नु रानी सौ मीटर बाधा दौड़ में याराजी ने किया निराश

**पेरिस।** भारत की अनुभवी भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी एक बार फिर विश्व स्तर पर प्रभावित नही कर सकी और बेहद खराब प्रदर्शन के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। 31 वर्ष की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अन्नु ने 55 . 81 मीटर के साथ शुरूआत की और अगले दो प्रयासो में 53 . 22 मीटर और 53 . 55 मीटर भाला फेंका। वह ग्रुप ए मे 16 प्रतियोगियों में 15वें और कुल 26वें स्थान पर रही। ओलंपिक के लिए विदेश मे तैयारी करने वाली अन्नु का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 60 . 68 मीटर और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 63 . 82 मीटर का है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।